हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 12.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 137 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### विधानसभा सत्र : केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोक-झोंक

## केंद्र सरकार की ओर से जानबूझकर राशि नहीं दी जा रही है : राधा कृष्ण किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोक हुई। मामले को उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से अधिकारियों की टीम को दिल्ली जाकर मिलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार कहा जाता है कि केंद्रीय राशि के लिए विपक्ष सहयोग करे, लेकिन जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की तो पता चला कि केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को लेकर कुछ गाइडलाइन होते हैं जिसका पालन करना राज्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गाइडलाइन की जगह राज्य सरकार ने खुद की अपनी गाइडलाइन बना ली इस वजह से केंद्र और राज्य के बीच राशि को लेकर सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रही है। बाबूलाल ने कहा कि वे भी जब क्षेत्र में जाते हैं तो पंचायतों में मुखिया पैसे की कमी की बात कहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राशि को लेने के लिए केंद्र सरकार की कुछ शर्तें होती हैं, जिसे राज्यों को पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि राशि को लेकर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर या ग्रामीण विकास मंत्री या जरूरत पडे तो मुख्यमंत्री को दिल्ली जाना चाहिए और इस मामले पर केंद्रीय मंत्रियों से बैठकर मामले को सुलझाना चाहिए। इस मामले में हमसभी सहयोग को तैयार हैं।



### नेता प्रतिपक्ष को दी गई है गलत सूचना : मंत्री

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे सरकार की ओर से कई बार सुन चुके हैं कि 15 में वित्त आयोग की राशि केंद्र की ओर से नहीं दी जा रही है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह मामला अनुपूरक बजट से संबंधित है, यदि नहीं है तो प्रश्नकाल को चलने देना चाहिए।

वहीं मामले पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को किसी ने इस संबंध में गलत सूचना दी है। उन्होंने कहा कि वे 15 में वित्त आयोग के पैसे के लिए पिछले एक वर्ष से प्रयास कर रही हैं। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को कई बार उन्होंने पत्राचार भी किया है। उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग के 2700 करोड रुपये के लिए केंद्र सरकार की ओर से शर्तें रखी गई थीं, जिसे हमारी सरकार ने पूरा किया।

### मिलेट मिशन से जुड़े 35 हजार किसानों के खाते में आज जाएंगे 15.6 करोड़ रुपये

**रांची :** झारखंड में मिलेट मिशन से जुड़े किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की शिल्पी नेहा तिर्की ने जानकारी दी कि राज्य सरकार आज, 12 दिसंबर को मोटे अनाज की खेती करने वाले लगभग 35 हजार किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 15 .6 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरण करने जा रही है। यह प्रोत्साहन राशि राज्य के उन किसानों के लिए है, जिन्होंने 52 हजार एकड़ में मिलेट (मोटे अनाज) की खेती की है। विभाग की ओर से मिलेट मिशन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 3,000 रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सिर्फ घोषणा करना नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव लाना है। मिलेट मिशन के जरिए किसानों की आय बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, पौष्टिक आहार को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार अपने वादों पर अमल करने में विश्वास रखती है- हम सिर्फ कहते नहीं, बल्कि करके दिखाते हैं।

### चाय बगान क्षेत्र के परिवारों की फरियाद लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

## आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधान सभा में आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने असम में रहने वाले आदिवासी समुदाय के विभिन्न समस्याओं एवं उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आदिवासी समुदायों के प्रति असम सरकार की उदासीनता से समाज की दुर्दशा हुई है। असम में निवास कर रहे आदिवासी समाज यहां हर क्षेत्र में निरंतर पिछड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि झारखंड सरकार असम में रह रहे आदिवासी समुदायों को उनका हक-अधिकार एवं पहचान की संरक्षा के लिए सकारात्मक पहल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए हमारी सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रह रहे आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए हम तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके साथ सदैव खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि जल्द झारखंड सरकार का एक डेलिगेशन असम में रह रहे आदिवासियों की वर्तमान स्थिति से अवगत होने असम दौरे पर जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने असम के चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासियों को एसटी का दर्जा दिलाने की बात को दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासी समुदायों के लोगों के दैनिक वेतन में वृद्धि हो सके इस निमित्त हमारी साकार सकारात्मक पहल करेगी तथा वहां रह रहे आदिवासियों के भूमि संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए भी कदम आगे बढ़ाएगी।

विदित हो कि अंग्रेजी शासन के दौरान झारखंड से आदिवासी समाज के परिवारों को ले जाकर असम में बसाया गया था एवं वर्तमान ने उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनका नेतृत्व करने का आग्रह किया जिससे कि उनकी आवाज को केंद्र एवं राज्य सरकार तक पहुंचाया जा सके। मौके पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा, आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के जीतेन केरकेट्टा, बिरसा मुंडा, तरुण मुंडा, गणेश, अजीत पूर्ति, राजेश भूरी, बाबूलाल मुंडा, मंगल हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित रहे।



# सदन में विस्थापन पर गरजे विधायक रोशन लाल, नियमावली में व्यापक सुधार की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव विधानसभा सहित संपूर्ण झारखंड क्षेत्र में हो रहे विस्थापन के समस्या को लेकर बने झारखंड विस्थापन आयोग गठन के नियमावली में आवश्यक सुधारो के संबंध में विधानसभा के पटल पर प्रमुखता के साथ रखते हुए सरकार को घेरा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सरकार को सवाल करते हुए कहा कि विस्थापन के नाम पर लोगों का स्थानीयता, संस्कृत और अधिकार को छिना जा रहा है। आज विस्थापित हो रहे परिवार कहा चले गए हैं उनका कोई आता-पता नहीं चलता है। अगर वह अपना जाती आवासीय बनाने जाते हैं तो वह भी नहीं बन पाता है। विधायक रौशन लाल ने सरकार के विस्थापन के नियमावली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझे लगता है कि नियमावली में जो भी नियम अंकित है उसके आधार पर एक भी विस्थापित प्रभावितों को उनका हक और अधिकार मिलने वाला नहीं है। इसलिए हम इस सदन के माध्यम से मांग करते हैं कि एक ऐसी नियमावली बनाकर कैबिनेट से पास किया जाए जिससे विस्थापितो को उनका हक और अधिकार मिल सके, नहीं तो आने वाले दिनों में सभी सदस्यों के क्षेत्र में कहीं ना कहीं विस्थापन होगा और ऐसी स्थिति में हम सभी झारखंडी अस्तित्व विहीन हो जाएंगे। इसलिए विस्थापन एक्ट में सुधार किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड स्थापना का उद्देश्य ही यही था कि झारखंडियों को उनका हक और अधिकार मिल सके। विस्थापन सिर्फ भूमि का प्रश्न नहीं है यह जीविका,सांस्कृतिक और हमारे पहचान का प्रश्न है, इसलिए विस्थापन आयोग का गठन का पहल अच्छा है ,परंतु इस आयोग के द्वारा विस्थापितों को उनका हक और अधिकार नहीं मिल सकेगा। क्योंकि हम उदाहरण देते हैं कि बड़कागांव में कंपनियों के खिलाफ महापंचायत का आयोजन किया गया। जहां पर लाखों लोग एकत्रित होकर अपना विरोध जताया क्योंकि उनको यह भय है कि पूर्व में जिस प्रकार से विस्थापित प्रभावित लोगों को उनका हक अधिकार नहीं दिया गया। हमें भी ठगा जाएगा। इसलिए हम सदन से मांग करते हैं कि जो भी विस्थापन के नियमावली बनाए गए हैं उसे पर सुधार किया जाए और विस्थापित प्रभावित लोगों के हक अधिकार का बात किया जाए। इस संबंध में विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मैं अपने देवतुल्य क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विस्थापित परिवारों के अधिकार सम्मान और न्याय के इस लड़ाई में, मैं सड़क से लेकर सदन तक पूरी प्रतिबद्धता साहस और सत्य निष्ठा के साथ लड़ता रहूंगा ताकि झारखंड का प्रत्येक विस्थापित परिवार सुरक्षित सम्मानित और आत्मनिर्भर भविष्य की और सशक्त रूप से आगे बढ़ सके। जिस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने जवाब देते हुए कहा कि विस्थापन आयोग का गठन इसीलिए हुआ है कि चाहे कितना भी पुराना मामला क्यों ना हो उसे पर बैठकर सांकेतिक निर्णय लिया जाएगा। आयोग के तरफ से जो बातें आएगी सरकार उसे पर निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी।

## एक नजर

### कड़ी मेहनत का सुनहरा फल : बच्छई के अरविंद राणा बने एएसओ

**चौपारण :** बच्छई के प्रतिभाशाली युवा अरविंद कुमार राणा पिता रूपलाल राणा, माता कुसुम देवी के द्वारा प्रतिष्ठित असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर पद पर चयनित होने की उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अरविंद की इस सफलता को समाज की सामूहिक उपलब्धि मानते हुए गांव में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथियों ने सफल अरविंद, उनके माता कुसुम देवी-पिता रूपलाल राणा, दादी रेमका देवी और भैया पप्पू राणा-भाभी खुशबू देवी को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल प्रांगण, बच्छई में किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्मानित अतिथि शामिल हुए। अतिथि सेवानिवृत शिक्षक महेश राणा, एसएलजे उवि एचएम विजय सिन्हा, बीरेंद्र कुमार राणा, मुखिया बीरेंद्र रजक, नेता भुनेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, रामलखन राणा, देवल यादव, पंसस सहदेव प्र. यादव, संतोष रजक, बैजनाथ यादव, शिक्षक प्रदीप राणा, डीएसपी अशोक प्रियदर्शी के पिता भीखन रविदास, नकुल रजक, सुखदेव यादव, दिनेश यादव, बासुदेव रविदास एवं मंच संचालित करते प्रकाश यादव ने बताया कि अरविंद कुमार राणा ने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प, निरंतर संघर्ष और कई समस्याओं को झेलते हुए यह सफलता हासिल की है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### मुखिया प्रतिनिधि ने 150 बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण किया

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरौन में गुरुवार को स्कूली कीट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए मुखिया प्रतिनिधि बिशेश्वर यादव। इस दौरान विद्यालय में नामांकित लगभग 150 छात्र-छात्राओं को विशेश्वर यादव ने स्कूली किट का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव तुलसी कुमार दास एवं अध्यक्ष अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में बिशेश्वर यादव ने कहा कि ह्वविद्यालय के बच्चों में निरंतर प्रगति देखने को मिल रही है। आने वाले समय में यही बच्चे गांव और देश का नाम रौशन करेंगे। वहीं भोला सिंह ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में काफी सहायता मिल रही है। कार्यक्रम में अशोक सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रद्युम्न सिंह, लोकेश सिंह, शंभू सिंह, उमेश सिंह, अवध सिंह, चूरामन सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, सहयोगी शिक्षक अरुण कुमार दास, बहादुर मिस्त्री, आर्या रानी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हजारीबाग यूथ विंग का शीतकालीन राहत अभियान 14 से

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतकालीन राहत अभियान का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 14 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर फरवरी 2026 तक लगातार चलाया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर रविवार को 100-100 कंबलों का वितरण किया जाएगा, ताकि कड़ाके की ठंड से परेशान परिवारों को राहत मिल सके। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निर्देशानुसार गुरुवार को अध्यक्ष करण जायसवाल के कार्यालय सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं श्री जायसवाल ने की। बैठक में इस वर्ष के राहत अभियान को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं व्यापक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## पीडीएस डीलरों को मिलेगा 4जी मशीन वितरण में होगा सुधार : संजय यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत जन वितरण प्रणाली व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त,पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने को लेकर सरकार एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार अब पीडीएस सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से डीलरों को बहुत जल्द ही 4जी मशीन उपलब्ध करा रही है। राज्य के कई जिलों में 4जी ईपोश मशीन की वितरण भी शुरू हो गया है ।इस सम्बंध में बरही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने को लेकर पूरे हजारीबाग जिला में बहुत जल्द ही 4जी से मशीन उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वितरण व्यवस्था में परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य अंतिम छोर तक बैठे लाभुक को बिना कोई परेशानी के शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ अनाज उपलब्ध कराना है। नई 4जी ई-पोश मशीनें आधार प्रमाणीकरण, रियल-टाइम ट्रांजेक्शन और स्टाक मानिटरिंग जैसी सुविधाओं से लैस हैं। इससे फजीर्वाड़ा, अनियमितता तथा अनाज चोरी की संभावना नहीं रहेगी। नई 4जी ई-पोश मशीनों के आने से राशन वितरण में नेटवर्क की समस्या भी खत्म होगी।ये मशीनें आफलाइन मोड में भी कार्य करेंगी, जिससे कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों में भी लाभुकों को राशन वितरण में कोई परेशानी नहीं होगा। प्रत्येक मशीन में बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध है ।उन्होंने बताया कि ट्रांजेक्शन का रियल-टाइम डेटा पोर्टल पर अपलोड होगा जिससे जिला प्रशासन को सतत निगरानी में बड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि दिसंबर के अंत तक बरही प्रखंड में 4जी ईपोश मशीन सभी डीलरों को मिलने की संभावना है।

## कृषि योग्य भूमि का नहीं किया जाए अधिग्रहण : सांसद मनीष जायसवाल

- कट-ऑफ डेट जैसे काला कानून में सुधार व मुआवजे के दाम बढ़ाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को संसद में क्षेत्र की किसानों की जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ जिलों के अनेक गांवों में कंपनियों द्वारा उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण जारी है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। सांसद जायसवाल ने हजारीबाग जिले के बड़का गांव और केरेडारी प्रखंड के कई गांवों में कंपनियों द्वारा की जा रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वर्षों से अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने आगे कहा कट-ऑफ डेट जैसे काला कानून में तत्काल सुधार की जरूरत है। ताकि स्थानीय लोगों को वास्तविक लाभ मिल सके। आगे बताया कि बड़कागांव प्रखंड के हरली, बादाम, गोंदलपुरा, चंदौल, अम्बाजीत, महंगाई, राउतपारा समेत कई गांव और केरेडारी के अनेक इलाके ऐसे हैं जहां की उपजाऊ जमीन को कोयला खनन के लिए अधिग्रहित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह प्रक्रिया न केवल किसानों की जमीन छीनेगी बल्कि उनकी पहचान और अस्मिता को भी खतरे में डाल देगी। सांसद ने कहा कि बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र की सब्जी पूरे हजारीबाग की जरूरत पूरा करती है, जबकि बड़का गांव का गुड़ जिले ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसी कारण इस क्षेत्र को धान का कटोरा भी कहा जाता है। अध्यक्ष से आग्रह करते हुए सांसद ने मांग की कि इन प्रखंडों के गांवों में हो रहे अधिग्रहण पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि किसान अपनी जमीन बचा सकें और सम्मान व खुशहाली से जीवन जी सकें।

## बीओडी मेंबर परीक्षा रद करने का आरोप, कर्रवाई को लेकर डीसी एवं बीडीओ को दिया आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड में जेएसएलपीएस के तहत संचालित महिला समूह के सीएलफ के बीओडी मेंबरों ने सीएलएफ के मैनेजर एवं एमआईएस के परीक्षा में मनमानी तथा पैसा, पैरवी एवं परीक्षा परिणाम को रद्द करने की धमकी देने के आरोप में बरही प्रखंड बीपीएम केदार प्रजापति के खिलाफ बीओडी के सदस्यों ने उपायुक्त हजारीबाग, बीडीओ बरही को लिखित आवेदन देकर कर्रवाई की मांग किया गया है। आवेदन देने वालों में कालज कुमारी, जुवेदा खातुन, मीना देवी, राजकुमारी, सगुप्ता नाज,हेमंती देवी सहित कई महिलाएं शामिल है। इस संबंध में बीओडी के सदस्यों ने बताया कि सीएलएफ में मैनेजर एवं एमआइएस के रिक्त पदों को भरने को लेकर 29 दिसंबर को एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में जिला स्तर से अंकित कुमार मौजूद थे। परीक्षा का आयोजन बरही बीडीओ के निगरानी में सम्पन्न कराई गई थी। परीक्षा परिणाम को गोपनीय रखा जाना था परन्तु बरही बीपीएम द्वारा गोपनीयता को भंग करते हुए परीक्षा परिणाम का कुछ परीक्षार्थीओ को अवगत कराया गया जो बिल्कुल नियम विरूद्ध है। इस परीक्षा परिणाम का रद्द करते हुए 6 दिसमंबर को पुनः जिला कार्यालय के श्रुति डीएम जेएसएलपीएस हजारीबाग एवं मैरी के देख रेख में सैद्धांतिक परीक्षा का आयोजन किया। परंतु इस परीक्षा को प्रभावित करने के उद्देश्य से बरही बीपीएम के मार्गदर्शन पर पुर्व परीक्षा में शामिल पर्व सीएलएफ अध्यक्ष कवित्री देवी एवं बीसी पुष्पा द्वारा परीक्षा केन्द्र में हंगामा करते हुए परीक्षा में बैठने से इन्कार किया गया जबकि अन्य परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने को तैयार थे। परंतु इन दोनों के हंगामा के कारण परीक्षा नहीं हो पाया। तथा इन दिनों के द्वारा बीओडी मेंबर प्रीति कुमारी को अपमानित करते हुए शारीरिक क्षति पहुँचाने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं पैसे पैरवी एवं पहुंच के बल पर प्रखंड कार्यालय एवं जन प्रतिनिधियों को झूठी जानकारी देकर पूर्व में ली गई परीक्षा को रद्द कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बीओडी मेंबर को भी पैसे का लालच देकर परीक्षा रद्द कराने को प्रयास किया जा रहा है जो सरकार की व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। इस परीक्षा से प्रभावित सभी परीक्षार्थियों ने सबूतों के साथ जांच करते हुए दोनों के ऊपर कानूनी कारवाई करने की मांग की गई है जिनमें काजल कुमारी, जुवेदा खातुन, मीना देवी, राजकुमारी, सहगुप्ता नाज, हेमंती देवी सहित कई महिला सदस्य शामिल है।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ने बढ़ाया मदद का हाथ, 100 गरीब परिवारों को बांटे कंबल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा बुधवार को मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया गया। कॉलेज के एनएसएस यूनिट की ओर से नदी चंपाडीह विद्यालय परिसर में आसपास के ग्रामीण परिवारों के बीच 100 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे ठंड से जूझ रहे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस अधिकारी प्रो. अविनाश कुमार ने किया। वहीं कॉलेज के संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता और सचिव डॉ. हरि कुमार ने ग्रामीणों को अपने हाथों से कंबल देकर उनकी समस्याओं को समझा और उनकी मदद के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. तनुजा गुप्ता, प्रोफेसर अंशु लकड़ा और डॉ. सरिका मेहता की उपस्थिति ने आयोजन को और भी सुदृढ़ बनाया। कंबल वितरण में एनएसएस के प्रशिक्षुओं प्रियांशु कुमार यादव, गायत्री कुमारी, खुशबू कुमारी, नीतेश कुमार, आबिद अंसारी, शोभा कुमारी और लक्ष्मी कुमारी की सहित कई लोग मौजूद थे।

### सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की खास मुलाकात

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई परियोजनाओं पर की विस्तार से वार्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने नई दिल्ली में एक बार फिर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर उनसे विस्तृत और सार्थक चर्चा की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने एनएच-2 के चोरदाहा-गोरहर खंड के 6-लेन प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराया गया। इस परियोजना की कुल लंबाई 59.66 किमी है, जिसमें चौपारण और बरकट्ठा में दो बड़े फ्लाईओवर, एक मेजर ब्रिज तथा कई छोटे पुलों का निर्माण शामिल है। क्षेत्र के लोगों की लगातार चल रही परेशानी, रोष एवं असंतोष को मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। जिसपर मंत्री नितिन गडकरी ने 2 महीने के भीतर समीक्षा कर ठेकेदार की जवाबदेही तय करते हुए कार्य पुनः शुरू कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही क्षेत्र में दो प्रमुख ब्लैक स्पॉट जिसमें चोरदाहा एवं चरही का विषय भी सांसद मनीष जायसवाल ने उनके समक्ष रखा और बताया कि यहां फिलहाल अस्थायी कार्य हुआ है, जबकि दनूआ ब्लैक स्पॉट पर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। इस पर स्थायी समाधान की मांग उन्होंने रखी गई है, जिस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन मिला है। सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के पश्चात हर्ष जताते हुए बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए खुशखबरी है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुल्ताना से लेकर कटकमसांडी होते हुए एनएच-33 बाईपास से एनएच-100 तक रिंग रोड निर्माण की मांग रखी गई है। जिसपर मंत्री जी ने इस प्रस्ताव को मंतव्य हेतु राज्य सरकार को भेज दिया है और शीघ्र ही इस पर सकारात्मक निर्णय आने की पूरी संभावना है। वहीं एनएच-100 पर सुल्ताना से सिमरिया, चतरा, हंटरगंज होते हुए डोभी तक फोर-लेन सड़क निर्माण की भी मांग रखी गई। इस अवसर पर चतरा के सांसद कालीचरण सिंह जी भी उपस्थित थे। इस विषय पर भी जल्द सकारात्मक खबर प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, कनहरी क्षेत्र में सिंघानी फ्लाईओवर के नीचे दोनों ओर सर्विस रोड निर्माण का विषय पूर्व में भी प्रमुखता से रखा गया था। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह कार्य अब टेंडर प्रक्रिया में चला गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में होने वाले मिलन समारोह को लेकर आजसू कमेटी ने की बैठक




**बड़कागांव :** 14 दिसंबर दिन रविवार को हजारीबाग के नगर भवन में आजसू पार्टी के द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, मांडू विधायक तिवारी महतो सहित अन्य केंद्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी ने गुरुवार को बड़कागांव ग्रुप चट्टी स्थित आजसू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के अध्यक्षता में बैठक किया गया। मिलन समारोह में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि झारखंड की जनता वर्तमान सरकार को जनादेश देकर अपने आप में ठगा महसूस कर रहा है। इसी का असर है कि आज सुदेश महतो के और लोगों का झुकाव बढ़ रहा है और लोग लगातार पार्टी से जुड़कर आजसू पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। जिस प्रकार से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं यकीनन आने वाले दिनों में आजसू पार्टी बेहतर परिणाम देगा। आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग का यह मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सहसचिव घनश्याम कुमार दांगी, जिला सचिव रामचंद्र साव, तुलेश्वर राम सुरेश दांगी, अरुण कुमार महतो, चंद्रनाथ महतो, महेंद्र महतो, गीरेंद्र प्रसाद, धनेश्वर महतो, दिनेश महतो, देवलाल महतो, नारायण प्रसाद, राजेश महतो, दिनेश प्रसाद, मुरली प्रसाद, नंदकिशोर महतो, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### फेडरल बैंक ने खालसा नेशनल स्कूल को वाटर डिस्पेंसर किया भेंट




**हजारीबाग :** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत फेडरल बैंक ने आज खालसा नेशनल स्कूल के बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में अत्याधुनिक वाटर डिस्पेंसर उपहार में दिया। बैंक की यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और दैनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है। स्कूल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में बैंक के प्रतिनिधियों ने वाटर डिस्पेंसर का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फेडरल बैंक समयझसमय पर शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता रहा है। वाटर डिस्पेंसर मिलने से स्कूल के सैकड़ों बच्चों को स्वच्छ और ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। स्कूल प्रशासन ने फेडरल बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी, जो उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। फेडरल बैंक की यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है कि संस्थाएं शिक्षा और बच्चों के कल्याण के लिए संवेदनशील हैं। कार्यक्रम में : डॉ. एपी सिंह,जसमीत सिंह, परमवीर सिंह, बबलू वासु, गुरुशरण सिंह, कुलवंत सिंह, अमृतपाल सिंह, कुलतार सिंह, राजदीप होरा समेत कई लोग शामिल थे। बैंक कि तरफ से अभय कुमार यादव, महेश प्रजापति, गौरव मिश्रा मौजूद थे।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अमेरिकी सीनेट : संरचना, कार्यप्रणाली एवं समकालीन विमर्श विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का कर्णपुरा महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अमेरिकी सीनेट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी विशिष्ट विधायी प्रक्रिया, शक्ति-संतुलन की पद्धति तथा वैश्विक राजनीति पर उसके प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति के प्रति गहरी रुचि तथा व्यापक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्ति नाथ महतो एवं मुख्य अतिथि डॉ. बालेश्वर महतो द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि अमेरिकी सीनेट विश्व की सर्वाधिक प्रभावशाली विधायी संस्थाओं में एक है। यह न केवल अमेरिकी लोकतंत्र की रीढ़ है, बल्कि वैश्विक नीति-निर्माण और शासन-प्रशासन की उत्कृष्ट प्रणाली का भी प्रतीक है। विद्यार्थी जब इसकी संरचना और कार्यप्रणाली को समझते हैं, तब वे लोकतंत्र की गहराई तथा शासन-व्यवस्था की बारीकियों से परिचित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में शोध की भावना, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा वैश्विक राजनीतिक चेतना को बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. लालदेव महतो ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परंपराओं से जोड़ना तथा उनका बौद्धिक क्षितिज व्यापक बनाना है।

### युवा साथी झारखंड संस्था ने मुख्यमंत्री को लिखा अनुरोध पत्र

**हजारीबाग :** युवा साथी झारखंड संस्था ने चिंता जाहिर करते हुए हजारीबाग जिला स्तर पर अस्पतालों में खराब स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं हजारीबाग सदर अस्पताल में प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स से संबंधित मशीनों को लगाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, हजारीबाग जिले के उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग के अधीक्षक को अनुरोध पत्र लिखा है। पत्र में संस्था ने अनुरोध करते हुए कहा है कि सदर अस्पताल हजारीबाग में प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स से जुड़ी आधुनिक मशीनें एवं उपकरण जैसे प्लाज्मा सेपरेटर, प्लेटलेट्स काउंटर, कोल्ड सेंट्रीफ्यूज आदि स्थापित की जाए जिससे जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा सकता है। हजारीबाग जिले में गंभीर बीमारियों जैसे डेंगू, थैलेसिमिया, सर्जरी, आदि में दुर्घटना पीड़ित के लिए प्लाज्मा और प्लेटलेट्स की अत्यधिक आवश्यकता होती है, लेकिन सदर अस्पताल हजारीबाग में वर्तमान में इनकी व्यवस्था न होने से मरीजों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है।

## एक नजर

### कोयला खदान से उड़ती धूलकण पर पानी छिड़काएगी सरकार : योगेंद्र

**रांची** : सदन में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि अब सभी कोयला खादान या आसपास की सड़कों पर वाहनों के चलने के कारण निकलती और उड़ती धूलकण को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों में सुबह-शाम टैंकर से पानी का छिड़काव होगा। इसके साथ ही कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों को हर हाल में त्रिपाल ढकने के निर्देश दिया जाएगा। ताकि लोगों को उड़ते धूलकण से श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझना नहीं पड़े। मंत्री विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू की ओर से लाए गए गैर संकल्प के तहत पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिला के अमडापाड़ा प्रखंड में कोयला खादान का धूल पूरे क्षेत्रवासियों को प्रभावित करता है। स्थानीय लोग टीबी, हृदय रोग, अस्थमा सहित अन्य श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है। इसलिए सरकार कोयला खादान से होनेवाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में समुचित कदम उठाए। इसपर मंत्री ने जबाव देते हुए कहा कि जो बातें सदन में आई हैं। उसपर राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

### बकरी बाजार में अतिक्रमण अभियान, 25 से अधिक अवैध ढांचे तोड़



**रांची** : रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने आज बकरी बाजार स्थित निगम धर्मशाला के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। काफी समय से वहां अवैध रूप से बनी अस्थायी दुकानें और झुग्गी-झोपड़ियां खड़ी थीं। निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी अवैध संरचनाओं को हटाया और पूरी जमीन को खाली कराया। इस कार्रवाई में 25 से ज्यादा अवैध ढांचे तोड़े गए। निगम ने साफ कहा है कि शहर की सार्वजनिक जगहों और निगम की जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलेंगे।

### ठंड में बस स्टॉप पर ठिठुरते नन्हें छात्र और अभिभावकों का सिस्टम से सवाल

**रांची** : शहर में कड़ाके की सर्दी ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी, बाजार देर से खुल रहे, दफ्तरों में पहुंचने का समय लचीला हो गया है। लेकिन एक वर्ग है, जिसपर मौसम का सबसे कम रहम हुआ है - स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे। जब पूरा शहर ठंड की मार से बचने के लिए देर तक घर में दुबका रहता है, उसी समय नन्हें विद्यार्थी बस स्टॉप पर जमा देने वाली हवा में खड़े मिल जाते हैं। सुबह 6 बजे का अंधेरा, बर्फीली हवा और ठिठुरते बच्चे यह दृश्य अब रांची की रोजमर्रा की तस्वीर बन चुकी है। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं। अमूमन रांची में ठंड बढ़ते ही छोटे बच्चों की स्कूल ऑनलाइन चलायी जाने लगती है। जिला प्रशासन भी इसे लेकर आदेश जारी कर देता है। लेकिन इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद भी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि विडंबना यह है कि ठंड बढ़ने पर सबसे पहले स्कूल समय बदलने की जरूरत होती है, पर इस बार वही कदम सबसे आखिर में सोचा जा रहा है। शहर में कई स्कूल सुबह की शिफ्ट को जस का तस चला रहे हैं, जबकि बच्चे तापमान गिरने का 'साइलेंट असर' झेल रहे हैं।

# अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए लोगों को मिलेगा तिलैया नहर का पानी : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए तिलैया नहर का पानी स्थानीय लोगों को मिलेगा। इस योजना का डीपीआर यूडीपीएल के तहत तैयार किया रहा है। अंडरग्राउंड पाइपलाइन का उपयोग करने से स्थानीय लोगों से भूमि अधिग्रहण का झंझट नहीं रहेगा। ग्रामीण अपनी जमीन योजनाओं के लिए नहीं देना चाहते हैं। यह बातें जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि 1948 में डीवीसी का गठन हुआ था, लेकिन उस समय डीवीसी को ही सभी अधिकार दे दिए गए। उन्होंने बताया कि तिलैया डैम 1953 में बना था और उस समय के शर्तों के मुताबिक डैम के 246 एमटीएम जल का उपयोग झारखंड को करने का अधिकार दिया गया था। इस मामले को अल्प सूचित प्रश्न के तहत बरकटठा से भाजपा के विधायक अमित कुमार यादव ने उठाया था। उन्होंने सरकार से कोडरमा जिले के तिलैया नहर योजना के निर्माण कार्य के लिए जल्द डीपीआर बनाने की मांग की थी। विधायक ने कहा कि तिलैया नहर योजना का निर्माण कार्य 1950 से ही विचाराधीन है। इसे लेकर वर्ष 2014-15 में डीपीआर बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन यह अब तक नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के सभी डैम झारखंड में बने हैं, लेकिन यह दुखद है कि इन डैमों से सिंचाई का कार्य झारखंड के किसान नहीं कर सकते हैं। डीवीसी के डैम के पानी का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल करता है।

### सदन में कुशवाहा मेहता-देवेंद्र कुंवर ने उठाया ओबीसी आरक्षण का मुद्दा

**रांची** : विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को राज्य में ओबीसी आरक्षण शून्य करने से संबंधित मामले को भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विधायक देवेंद्र कुंवर ने गैर संकल्प के तहत सदन में उठाया। इसपर विभाग की ओर से तीन प्रभारी मंत्रियों दीपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार और राधाकृष्ण किशोर ने बारी बारी से जवाब दिया। मामले पर मंत्री राधा कृष्ण ने कहा कि ओबीसी आरक्षण मामले में हेमंत सरकार भी चिंतित है। मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर ने मामला को उठाते हुए कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में पिछड़ों और अति पिछड़ों की आबादी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन आरक्षण शून्य होने से इस बड़ी आबादी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं मामले में विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि ओबीसी की आबादी हझारखंड की कुल आबादी का 55 प्रतिशत है, लेकिन इस वर्ग को केवल 14 प्रतिशत आरक्षण का ही लाभ दिया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में ओबीसी वर्ग का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। कुशवाहा ने कहा की हेमंत सरकार ने चुनावी घोषणा में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण करने की घोषणा की थी। इसपर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि 2022 में कोर्ट के निर्णय को देखते हुए आरक्षण को बढाकर 27 प्रतिशत किया गया था। बाद में इसपर कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ। उन्?होंने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग को भेजा है।

## संथाल में दो अधिकारियों के बूते हो रहा सर्वे का काम, 50 वर्षों से काम पेंडिंग : हेमलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 50 वर्षों से हो रहे सर्वे सेटलमेंट के अधूरे काम का मुददा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत कहा कि संथाल में 1973 से सर्वे सेटलमेंट का काम हो रहा है, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 12273 गांवों का सर्वे होना है। इसमें से केवल 687 गांवों का ही सर्वे हुआ है। शेष 11586 गांवों का सर्वे का काम लंबित है। विधायक ने कहा कि प्रमंडल में 25 के मुकाबले महज दो सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों के बूते यह कार्य हो रहा है। उन्होंने सरकार से संथाल में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर जल्द सर्वे का काम पूरा कराने की मांग की। इसके जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि मानव संसाधान की कमी के कारण सर्वे का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्य प्रमंडलों में भी सर्वे का काम लंबित है। मंत्री ने कहा कि राज्य में सीआई की परीक्षा का परिणाम जल्द आ जाएगा और कुछ पद प्रोन्नति देकर भी भरी जाएगी और सर्वे का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखड में सर्वे को लेकर अधिकारियों की टीम केरल और कर्नाटक भी गई थी। इस काम के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण इसे रोकना पडा। मंत्री ने कहा कि वे कुछ सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संथाल में सर्वे के काम में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। ताकि सर्वे का काम जल्द पूरा हो सके।

## ब्राउन शुगर रैकेट का भंडाफोड़, 5.82 लाख नकद समेत चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के एक अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना सेंट्रल बैंक गली स्थित अखिल मेमोरियल मार्ग से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें अनिकेत और शीनू, अमित कुमार सोनी, सोनू कुमार और अनिशा कुमारी इनके पास से 5.82 लाख रुपया 33.18 ग्राम ब्राउन शुगर, एक महिंद्रा स्कॉर्पियो और एक स्कूटी बरामद की गई है।

**आधी रात को दो ठिकानों पर विशेष छापा**



एसएसपी को 10 दिसंबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री हो रही है। इस महत्वपूर्ण सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, कोतवाली डीएसपी नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने सबसे पहले सुखदेवनगर स्थित कुम्हार टोली, चूना भट्ठा के पास अमित सोनी के घर पर विधिवत छापा मारा। तलाशी के दौरान, अमित सोनी के घर के दूसरे तल पर कपड़ों के बीच छिपाकर रखी गई 20.58 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में अमित सोनी ने बताया कि वह सासाराम के शाहिद नामक व्यक्ति से ब्राउन शुगर लाकर रांची में ऊंचे दाम पर बेचता है। वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। दूसरी कार्रवाई रातू रोड में अमित सोनी से मिली जानकारी के आधार पर, टीम ने देर रात करीब 02:30 बजे अखिल मेमोरियल गली, रातू रोड स्थित अनिकेत कुमार उर्फ शीनू के घर पर छापा मारा।

## कांग्रेस का आरोप- छात्रवृत्ति मामले में ओबीसी छात्रों को गुमराह कर रही भाजपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के मुद्दे पर उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वयं राज्य को छात्रवृत्ति की अदायगी के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं करा रही है, फिर भी भाजपा नेता इस विषय पर संवेदना बटोरने की राजनीति कर रहे हैं। कमलेश ने बताया कि राज्य सरकार ने 2023-24 में केंद्र से 271 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके बदले सिर्फ 77 करोड़ रुपये ही मिले। इसी तरह 2024-25 में 253 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध 33 करोड़ रुपये दिए गए। वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्र ने मात्र 13 करोड़ रुपये जारी किए। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े साबित करते हैं कि भाजपा का प्रचार भ्रामक है और इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन सरकार छात्रवृत्ति को लेकर बेहद गंभीर है और छात्रों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से एनएसयूआई 10 जनवरी 2026 को लोकभवन का घेराव करेगी और छात्रवृत्ति की राशि अविलंब उपलब्ध कराने की मांग उठाएगी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार यह आरोप लगा रही है कि राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करा रही है।

## सर्वजन पेंशन योजना: रांची के 2.28 लाख लाभुकों के खाते में पहुंची दिसंबर की राशि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना के तहत रांची जिले के पेंशनधारियों को दिसंबर माह की पेंशन राशि भेज दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर कुल 2,28,349 लाभुकों के बैंक खातों में DBT के जरिए 1,000-1,000 रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। इसके लिए सरकार की ओर से कुल 22 करोड़ 83 लाख 49 हजार रुपये जारी किए गए। जिनके खाते में पैसा नहीं आया, उनके लिए जरूरी बात जिला प्रशासन ने बताया कि कुछ लाभुकों को पेंशन इसलिए नहीं मिल सकी क्योंकि उनके बैंक खाते आधार से सीड नहीं हैं। ऐसे सभी लोगों को जल्द से जल्द अपनी बैंक शाखा में जाकर आधार लिंक कराना जरूरी है। इसके अलावा, पेंशन योजना का लाभ लगातार मिलता रहे, इसके लिए सभी लाभुकों से अपने प्रखंड/अंचल कार्यालय में भौतिक सत्यापन कराने की भी अपील की गई है।

**किस योजना में कितने लाभुक**

- दिसंबर माह में रांची जिले के लाभुकों की संख्या इस प्रकार रही
- आदिम जनजाति पेंशन योजना - 340
- HIV/AIDS पीड़ित सहायतार्थ पेंशन - 419
- वृद्धावस्था पेंशन - 1,79,708
- निराश्रित महिला पेंशन - 47,874
- ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग पेंशन - 08

# रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा। अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान हेतु विभिन्न ट्रेनों के परिचालन और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार जयपुर तक किया जाए। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जाएगा। रांची से अहमदाबाद के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है। इस पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुगम यात्रा कर सकें। इसकी मांग भी क्षेत्र की जनता लंबे समय से कर रही है। रांची, सिल्ली, मुरी के लिए भी एक नई मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता है। प्रतिदिन इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी, नौकरी-पेशा से और व्यवसाय से जुड़े रांची आवागमन करते हैं। ऐसे में नई मेमू ट्रेन का परिचालन यात्रा को और भी सुगम बनाएगा। हटिया-सांकी पैसेंजर/एक्सप्रेस (ट्रेन नं०- 58663/58664/58665/5866 6) का विस्तार बरकाकाना-हजारीबाग टाउन तक किया जाए। ऐसा किए जाने से आम जनता की यात्रा कम खचीर्ली और सुगम हो सकेगी। बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से रांची बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन वाया बक्सर होते हुए चलाने का आग्रह किया। उसके अतिरिक्त धरती आबा एक्सप्रेस, हटिया पुने एक्सप्रेस, हटिया एलटीटी एक्सप्रेस, हटिया बेंगलुरु एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने का भी आग्रह सेठ ने रेल मंत्री से किया है। सेठ ने मंत्री से कहा कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए उपरोक्त मांगों पर आवश्यक कार्यवाही कर, दिशा निर्देश जारी किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के लिए 15 से निकलेगी प्रभातफेरी



**रांची** : खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर से श्री गुरु सिंह सभा के दिशा निर्देशन में अलग-अलग गुरुद्वारों से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने गुरुवार को बताया कि मेन रोड गुरुद्वारा से 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सुबह 4.30 बजे से प्रभात फेरी निकालने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि पटना साहिब में होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव और नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए संगत का जत्था 24 दिसंबर को पटना श्री हरमंदिर साहिब के लिए रवाना होगा।

### झारखंड का बकाया राशि रोककर राज्य के विकास को धीमा करने का षडयंत्र कर रहा केंद्र : नायक

**रांची** : उपरोक्त बाते गुरुवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए इस सम्बन्ध में आज भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, जनजातीय मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, खनन मंत्रालय, जलशक्ति मंत्रालय, नीति आयोग एवं सभी संबंधित विभागों के केन्द्रीय मंत्रालय /सचिव को विस्तृत पत्र इमेल के माध्यम से भेजकर तत्काल भुगतान की मांग की है। श्री नायक ने आगे कहा कि झारखंड की महत्वपूर्ण योजनाओं की 19,080 करोड़ की राशि केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों में अटकी हुई है।

### इंडिगो फ्लाइट की मनमानी पूर्व सरकारों की देन : जेपी पांडेय

**रांची** : भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने भारत में इंडिगो फ्लाइट कंपनी की मनमानी पूर्व की सरकारों के गलतियों का परिणाम है,हवाई यात्रा के लिए बनाए गए नियम आई वास बनकर रह गई है,पूर्व से ही इंडिगो फ्लाइट को 60% तक का अधिकार एक क्षत्र स्थापित कर दिया है,हवाई यात्रा करनेवाले यात्रियों को दिए गए अधिकारों का लाभ भी नहीं मिल रहा है और लगातार इंडिगो यात्रिकी मिलनेवाले लाभ में कटौती होती रही है और हवाई यात्री शोषण का शिकार अपने अधिकारों से भी वंचित होते रहे है,आज स्थिति यह है कि उसी मनमानी का लाभ उठाते हुए हवाई यात्रियों के मिलने वाले सुविधाओं में कटौती जारी है।
आज इंडिगो फ्लाइट की सेहत बिगड़ी हुई है,यात्री भाड़ा आसमान छू रहे है,यात्रियों की भरोसा कमजोर पड़ रहा है,ऑपरेशनल संसाधनों का सुधार भी इंडिगो फ्लाइट नहीं कर पा रहा है,वर्तमान की भारत सरकार एक्शन लेते हुए इंडिगो फ्लाइट से 10% की कटौती कर दिया है,जो संतोष जनक एक्शन नजर आने लगा है,फिर भी हवाई यात्रियों को हो रही परेशानी से काफी अफरा तफरी का माहौल पूरे राष्ट्र में बना हुआ है,इंडिगो की 60% से अधिक बाजार में हिस्सेदारी जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए बेहद खतरनाक स्थिति बनी हुई थी,जिसमें भारत सरकार 10% कटौती कर सराहनीय कार्य किया है,फिर भी इंडिगो और टाटा समूह मिलकर इंडियन एयर लाइंस स्पेस के 90% से अधिक हिस्से पर कब्जा किए हुए है,परंतु इस तरह की स्थिति प्रतिस्पर्धा के लिए ठीक नहीं है और न ही यात्रियों के हितों लिए है,क्यों कि कम प्रतिस्पर्धा का अर्थ है,ऊंचा किराया और अस्थिर समय सारणी और यात्रियों के अधिकारों की अनदेखी। भारत सरकार तत्काल प्रभाव से उड्डयन मंत्रालय में कठिन नियम और सुविधाएं की रक्षा के लिए कदम उठाए,जिसमें उड़ान रद्द होने पर या देरी होने पर यात्रियों को अनिवार्य मुआवजा ,पेनाल्टी,टिकट मूल्यों में पारदर्शिता को लागू करे,जब तक भारत सरकार यात्रियों के अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रख कर सख्ती से कानून का पालन नहीं करेगी तो एयर लाइंस के मनमानी पर रोक लगना संभव नहीं हो पाएगा।

### निगम लोगों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए चला रहा अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर



**रांची**: शहर में 25 जगहों पर अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर चल रहे हैं, जहां लोगों को मुफ्त प्राथमिक इलाज और दवाइयां मिल रही हैं। हर केंद्र पर एक डॉक्टर और उनकी टीम रोज मौजूद रहती है। गर्भवती महिलाओं के लिए खास सुविधा हर महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच, परामर्श और दवाइयां दी जाती हैं। उन्हें सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी जरूरी बातें भी बताई जाती हैं। 30 साल से ऊपर वालों की जांच 30 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच की जा रही है। पहले मंगलवार को टीकाकरण हर महीने के पहले मंगलवार को टीकाकरण दिवस होता है। लोग बड़ी संख्या में आकर टीका लगवा रहे हैं। परिवार नियोजन से जुड़ी सलाह और सामग्री भी दी जा रही है। जागरूकता अभियान भी जारीडॉक्टर और नर्स आसपास के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदायों में जाकर लोगों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक कर रहे हैं। नगर निगम का कहना है कि उसका लक्ष्य है - हर नागरिक को आसान और अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले, ताकि सभी लोग स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जी सकें। आरोग्य मंदिर चल रहे हैं, जहां लोगों को मुफ्त प्राथमिक इलाज और दवाइयां मिल रही हैं। हर केंद्र पर एक डॉक्टर और उनकी टीम रोज मौजूद रहती है।

### सीएजी की रिपोर्ट : जेएसएमडीसी के कारण हुई 70.92 करोड के राजस्व की हानि

**रांची**: सीएजी की ओर से गुरुवार को जारी किए गए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017-22 के दौरान झारखंड में चालू बालू घाटों के लिए मान्ये पटटाधारी के रूप में झारखंड राज्यू खनिज विकास निगम को प्रक्रियाओं का पालन करना था और प्रति एकड 30 हजार रुपये की दर से लगान या हटाए गए बालू की मात्रा का स्वाममित्वा का भुगतान करना था। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि जेएसएमडीसी ने राज्ये के 608 बालू घाटों में से 389 घाटों को चालू करने का प्रयास किया, लेकिन केवल 21 घाटों को ही सफलतापूर्वक चला सका। इस प्रकार वर्ष 2017-22 के दौरान 368 बालू घाटों को नहीं चलाया जा सका। इस कारण 368 गैर परिचालित घाटों के कारण राज्या सरकार को नवंबर 2019 से मार्च 2022 के दौरान इन घाटों के लिए 70.92 करोड रुपये के राजस्व की हानि हुई। बालू की बिक्री से प्राप्त आय का एक तिहाई से अधिक किया खर्च आईटी सोल्यूशन पर सीएजी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम ने वर्ष 2018-22 के दौरान झारखंड के केवल 22 बालू घाटों के पर हुई बालू की बिक्री से प्राप्त् आय का एक तिहाई से अधिक खर्च आईटी सोल्यूशन पर कर दिया। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार जेएसएमडीसी ने इस अवधि में केवल 22 बालू घाटों के लिए खनन योजना को तैयार की और इसके लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की थी।

# सरकारी योजनाओं से जुड़ाव को लेकर स्टेकहोल्डर मीटिंग का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार/बोकारो :** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत भवन में किशोरियों एवं महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सहयोगिनी संस्था द्वारा स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, सेविका-सहिया, महिला समूह की सदस्याएँ एवं अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो उर्फ अमरलाल जी ने की। उन्होंने कहा कि किशोरियों और महिलाओं को अपने अधिकारों, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी जरूरी है, ताकि वे जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय आत्मविश्वास के साथ ले सकें। उन्होंने बाल विवाह, मानव तस्करी और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उपमुखिया पंचानन महतो ने कहा कि सभी हितधारकों के सहयोग से पंचायत की किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने योजनाओं के लाभ को घरझघर तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता जताई।

सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के 19 गाँवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्यादान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, स्वरोजगार योजनाओं तथा कौशल विकास प्रशिक्षण से किशोरियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल प्रशिक्षण से किशोरियों में संचार क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल विकसित हो रहे हैं। एनिमेटर बिनीता देवी ने बताया कि समूह गठन के माध्यम से किशोरियों को हिंसा से सुरक्षा, अधिकारों की जानकारी और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। बैठक में वार्ड सदस्य रंजू देवी, रविता देवी, पविता देवी, सोनी देवी, सेविका उषा बाला देवी, हेमंती देवी, यशोमती देवी, नुनीवाला देवी, शांति देवी, पूनम देवी, सनातन महतो, संबोधन महतो, बाबूचंद्र मांझी, विश्वेश्वर मांझी, भीम प्रसाद महतो, संतोष महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### झुमरी तिलैया में आरबीआई का विशेष शिविर आज




**झुमरी तिलैया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न बैंकों में बंद पड़े खातों की राशि से संबंधित दावा एवं निकासी की प्रक्रिया को सरल करना है। आरबीआई की टीम मौके पर मौजूद रहकर नागरिकों को आवश्यक जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएगी, ताकि वे बिना किसी जटिल प्रक्रिया के अपने दावे निपटा सकें।
सांसद सह भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री आदरणीय अन्नपूर्णा देवी जी और जिला अध्यक्ष अनूप जोशी की ओर से क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महत्वपूर्ण शिविर का लाभ उठाएं।

### झारखंड महिला कबड्डी टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना खिलाड़ियों को खेल किट देकर किया गया सम्मान



**बोकारो :** झारखंड महिला कबड्डी टीम आज टाटा स्टेशन से पांचवीं फेडरेशन सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र के दौरे पर रवाना हुई। इस अवसर पर खिलाड़ियों को नई खेल किट प्रदान कर प्रोद्युक्त सम्मानित किया गया।झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन कुमार रावत, भारतीय महासंघ के रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष हरीश सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला के सचिव तिलक राम साहू, प्रशिक्षक रमेश कुमार साहू, पश्चिमी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी तथा सचिव श्यामल दास ने टीम को शुभकामनाएं दीं। इसके अतिरिक्त बसंती कुमारी और प्रेम लाल भी इस समारोह में उपस्थित रहे।टीम के साथ नेशनल रेफरी के रूप में बोकारो जिला से मनोज शर्मा और रांची से दीपिका कुमारी मौजूद रहे। झारखंड टीम के तकनीकी सदस्य रोहित शर्मा और कुणाल कुशवाहा के साथ प्रशिक्षक जगदेव तथा टीम मैनेजर अनूपपूर्ति भी टीम के साथ महाराष्ट्र रवाना हुए।इस प्रतियोगिता में झारखंड की महिला कबड्डी टीम बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी।

### पति के अपहरण की आशंका, पत्नी ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-8ए के क्वार्टर नंबर 2197 में रहने वाली अमृता सिंह ने अपने पति जयंत कुमार के अपहरण की आशंका जताते हुए बीती रात थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अमृता ने बताया कि बुधवार रात लगभग 10 बजे, उनके पति सिगरेट लेने मोड़ की तरफ गए थे। वह छत से उन्हें आते देख रही थीं। उसी वक्त सड़क किनारे एक सफेद रंग की कार और कुछ मोटरसाइकिलें खड़ी देखीं। लेकिन कुछ देर बाद जब जयंत घर नहीं लौटे तो अमृता नीचे उतरीं, पर न तो उनके पति दिखाई दिए और न ही वह गाड़ी।अमृता का आरोप है कि अज्ञात लोग उनके पति को जबरन कार में बैठाकर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि आठ दिसंबर को जयंत के मोबाइल पर एक व्यक्ति, जिसे उन्होंने विनोद खोपड़ी बताया, की तरफ से धमकी भरा फोन आया था। फोन पर उनके पति और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

## डीएवी छात्रों ने झुग्गी-बस्ती का किया सर्वे




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** कला संकाय कक्षा 12वीं के डीएवी सेक्टर-4 के छात्रों ने अपने राजनीतिक विज्ञान परियोजना के अनिवार्य अंग के रूप में नजदीकी झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। इस दौरे का व्यावहारिक उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में जीवनोयापन हेतु व्याप्त परिस्थितियों का अवलोकन करना और वहां के निवासियों के रोजमर्रा की जीवन- शैली ,चुनौतियों और आम कठिनायों को समझना था। सर्वेक्षण के दौरान छात्रों ने स्थानीय महिलाओं, बच्चों और परिवारों के अन्य सभी सदस्यों के साथ बातचीत की तथा उनसे शिक्षा, रोजगार, स्वच्छता, आवासीय परिस्थितियाँ, मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से संबंधित अपनी जिज्ञासा और उत्कंठा भरे सवाल किए।छात्रों ने अपने सर्वेक्षण नोटबुक में उनकी प्रतिक्रिया और सभी उत्तरों को अत्यंत तत्परता से सावधानीपूर्वक नोट किया। इस सर्वेक्षण से छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से इतर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में एवं सतही रूप से विषय वस्तु को समझने में सहायता मिली। उन्होंने वास्तविक जीवन की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं जैसे बुनियादी स्वच्छता की कमी, स्वच्छ पेयजल तक की सीमित पूर्ति, बेरोजगारी और शिक्षा संबंधी बाधाओं आदि के बारे में स्वयं खोजबीन करके तथ्यों को जाना,समझा और उनके प्रति प्रभावी ढंग से जानकार,संवेदनशील और सजग बने।

## बीएसएल के आरएमपी विभाग में लाइम क्रशर यूनिट का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट ने रॉ मटेरियल प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरएमपी विभाग के लाइम डिस्चार्ज परिसर में 100 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता वाली लाइम क्रशर यूनिट की स्थापना की है। इस मशीन का उद्घाटन अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत, महाप्रबंधक मुकेश कुमार, उप महाप्रबंधक अनुराग डे, उप महाप्रबंधक समीर महापात्रा सहित आरएमपी विभाग एवं एफएसएनएल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री रंजन ने कहा कि नई लाइम क्रशर यूनिट इस्पात उत्पादन प्रक्रिया को और अधिक गतिशील एवं दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एफएसएनएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए इसे बीएसएल की उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त के मार्गदर्शन में स्थापित यह नई लाइम क्रशर यूनिट सिंटर प्लांट के लिए फ्लक्स उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## चोरी की मोटरसाईकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** अनुदीप सिंह, भा०पु० से०, पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 08.12.2025 को अग्रसेन भवन गली से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की गई हीरो होण्डा मोटरसाईकिल नं0 JH-02T-5116, जिसके संबंध में वादी मुमताज आलम पे० स्व० मंजूर आलम सा० ग्राम झांझरी थाना बरकठा जिला हंजारीबाग के आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड सं0 371/25, दि० 08.12.2025 धारा 303 (2) / बी०एन०एस० दर्ज की गयी थी। उक्त चोरी की घटना में संलिप्त रहे अपराधी को झांझरी गली तिलैया के आसपास देखा गया हैं। ऐसी सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए छापामारी की गयी तथा काण्ड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त बंटी पाण्डेय, उम्र 30 वर्ष, पिता बिरेन्द्र पाण्डेय, सा० झांझरी गली नियर मंजु बारा अस्पताल थाना तिलैया जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर कांड में चोरी गये काला रंग का मोटरसाईकिल जिसका चेचिस नं० MBLHAIIERB9F03947, इंजन नं0- HAIIEDB9F07365 उसके घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपी ने पूछताछ के कम में उक्त घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया की वे अपनी बगैर रजिस्ट्रेशन की मोटरसाईकिल से रेकी कर मोटरसाईकिल की चोरी किये थे तथा अपने घर में छुपा कर रखे थे। तिलैया पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी :-
बंटी पाण्डेय, उम्र-30 वर्ष, पिता बिरेन्द्र पाण्डेय, सा० झांझरी गली नियर मंजु बारा अस्पताल थाना तिलैया जिला कोडरमा ।

## मंत्री के आगमन से पहले झामुमो का सतगांवा दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सतगांवा/ कोडरमा :** झारखंड नगर विकास खेल पर्यटन उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू एवं राज पिछड़ा आयोग झारखंड प्रो. जानकी प्रसाद यादव के आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र सतगांवा का दौरा किया। बता दे की सतगांवा प्रखंड के ब्लॉक मैदान स्थित अर्धनिर्मित स्टेडियम ग्राउंड में दिनांक 14.12.2025 दिन रविवार को समय 12:30 बजे दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्मृति क्रिकेट टूनामेंट फाइनल का शुभारंभ किया जाएगा। इसी क्रिकेट टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू व विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष प्रो. जानकी प्रसाद यादव शिरकत करेंगे। वही संबंध में पूछे जाने पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि पार्टी नेता व कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है ताकि क्रिकेट टूनामेंट कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। मौके पर उपस्थित केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय सचिव निशांत कुमार छात्र मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अजीत भगत, सुबोध कुमार, हितेश मिश्रा, विजय सिंह, बालमुकुंद सिंह इत्यादि दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

# जयनगर आकांक्षी प्रखंड में केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर में भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम एवं जल जीवन मिशन के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी राकेश कुमार ने व्यापक निरीक्षण एवं समीक्षा की। अपने दिनभर के दौरे में उन्होंने प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, पंचायत भवनों, स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य महत्त्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही गतिविधियों का अवलोकन करते हुए पोषण ट्रैकर में की जा रही ऑनलाइन एंट्री की भौतिक जांच, बच्चों के पोषण, पोशाक, उपस्थिति एवं पढ़ाई की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित जानकारी ली तथा क्ळउ्र सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उन्होंने उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, ठउऊ जांच, औषधि उपलब्धता तथा सेवा गुणवत्ता का निरीक्षण किया और अस्पतालों में दी जा रही सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने Rail Project, Project IMPACT, शिक्षकों द्वारा अपनाए जा रहे नवाचार तथा बच्चों की सीखने की स्थिति का साक्षात अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं में चल रही गतिविधियों पर शिक्षक एवं बच्चों से बातचीत कर शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक प्रगति को समझा। अपने दौरे के दौरान राकेश कुमार ने PVTG बिरहोर आदिम जनजाति के परिवारों को आवास स्वीकृति, जॉब कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रखंड में विकसित इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का उद्घाटन भी किया, जिसे कृषि सुधार और ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। निरीक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कोडरमा सह आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के नोडल रवि जैन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी सारांश जैन, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, मुखिया किशोर साव, पंचायत सचिव देवनारायण गोप, महिला पर्यवेक्षक अनिता कुमारी, तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, खरछढर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शैलेंद्र तिवारी, राधा सिंह, नितेश कुमार, विवेक कुमार, सुमित कुमार झा मनरेगा विकास कुमार सिंह, धीरज कुमार सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और अपने-अपने सूचकांकों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में हुआ भव्य साइंस लैब का उद्घाटन



**कोडरमा :** पानी टंकी जैन मुहल्ला स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में साइंस लैब का उद्घाटन विद्यालय के संयोजक सुनील जैन छाबड़ा, सह संयोजक पियूष जैन , ईशान जैन, किरण जी सेठी के कर कमलों से किया गया। साइंस लैंब के इंचार्ज ब्रजेश सर ने कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला की मुख्यता अनुभवात्मक शिक्षा, व्यावहारिक कौशल विकास, वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझना, नवाचार को बढ़ावा देना और स्व-निर्देशित सीखने को प्रोत्साहित करना है, जहाँ छात्र प्रयोगों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं और उसे स्थायी बनाते हैं, जिससे वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने में सक्षम बनते हैं।
मौके पर विद्यालय के इंचार्ज अभिषेक जैन ने साइंस लैंब के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त की। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सांइस लैंब खुलने से छात्रों में वैज्ञानिक सिद्धांतों का विकास होगा । मौके पर सुप्रिया गौरव ,वसंत कुमार मानसी जैन, विनय गिरी, ऋतु जैन जूही सिंह, सौम्या जैन, ममता जैन, चाँदनी कुमारी , प्रतीक्षा सिंह, सूरज प्रकाश ,सतीश सिन्हा , शुभम दारूका, अंजली मैम , मुस्कान गुप्ता , मुस्कान सिंह , सनाया मैम , शालनी मैंम , अरुण सर , राकेश शर्मा सर , चौरसिया सर ,आयुष सिंह आदि मौजूद रहे ।

### पूर्व मध्य रेल के 2200 रूट किमी पर लगेगा 'कवच', 1,822 करोड़ की परियोजना को केंद्र की मंजूरी



**झुमरी तिलैया :** पूर्व मध्य रेल के 5 मंडलों के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व मध्य रेल के शेष मार्गों पर स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली 'कवचह्न लगाने के बड़े परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह स्वीकृति न केवल रेलवे सुरक्षा को नई दिशा देगी, बल्कि पूर्व मध्य रेल को देश के सबसे सुरक्षित रेल जोन की श्रेणी में भी खड़ा करेगी। अम्ब्रेला वर्क 2024-25 के तहत स्वीकृत इस परियोजना की कुल लागत 27,693 करोड़ रुपये है। इसमें से 1,822 करोड़ रुपये की सब-अम्ब्रेला वर्क राशि विशेष रूप से पूर्व मध्य रेल के लिए निर्धारित की गई है। इस फंड से जोन के सभी महत्वपूर्ण और शेष रेल रूटों पर अत्याधुनिक 'कवच' प्रणाली स्थापित की जाएगी। पूर्व मध्य रेल में कुल 2200 रूट किलोमीटर पर कवच लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य पर लगभग 960 .66 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। कवच लगने से झारखण्ड के धनबाद रेलमंडल के अलावा दानापुर, मुगलसराय, समस्तीपुर, सोनपुर जैसे व्यस्त और महत्त्वपूर्ण रूटों पर ट्रेन संचालन पहले की तुलना में और अधिक सुरक्षित व सुव्यवस्थित हो जाएगा। इस तकनीक के आने से रेल ट्रैफिक घनत्व वाले क्षेत्रों में हादसों की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी। 'कवच' भारतीय रेलवे द्वारा विकसित एक स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है, जो ट्रेन टक्कर रोकने, गति नियंत्रण करने, सिग्नल पासिंग की गलतियों को रोकने और आपात स्थितियों में स्वचालित ब्रेक लगाने की क्षमता रखता है। घनी आबादी और उच्च ट्रैफिक वाले पूर्व मध्य रेल जोन में इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि कवच लगने से आगामी महीनों में रेलवे की सुरक्षा प्रणाली अधिक मजबूत होगी।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कोडरमा में गुरुवार को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वावधान में सहायक प्राध्यापक विनोद यादव के नेतृत्व में ₹ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स₹ पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के अंतर्गत स्वयं (रहअ अट) पोर्टल में आप सभी प्रशिक्षु ऑनलाइन बिना कोई शुल्क दिए अपने इच्छुक कोर्स को पूरा करके प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। हमारा महाविद्यालय स्वयं (रहअ अट) में लोकल चैप्टर के लिए रजिस्टर्ड है। आप प्रशिक्षु महाविद्यालय का नाम लोकल चैप्टर के रूप में चुनकर किसी भी कोर्स के लिए एनरोल हो सकते हैं।
वहीं समन्वयक विनोद यादव ने स्वयं पोर्टल के बारे में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयं पोर्टल पर शामिल संस्थानों, विभिन्न कोर्स, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, चयनित कोर्स में नामित होने, स्वमूल्यांकन, प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित सभी बातों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षुओं को बताए। मौके पर सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण व सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुगण शामिल थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने बढ़ती ठंड में दिखाई मानवता, जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**बोकारो :** बढ़ती ठंड के बीच बैंक ऑफ इंडिया ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए पिंड्राजोरा क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि ठंड से राहत दिलाने का इससे बड़ा मानवीय कार्य और कोई नहीं हो सकता। कंबल वितरण कार्यक्रम पिंड्राजोरा पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सरदाहा, कुमारदागा, पौखन्ना, पिंड्राजोरा, उलगोड़ा, गोपालपुर और काशीझरिया सहित कुल आठ गांवों के लाभुक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया के अंचल कार्यालय से राजेंद्र प्रसाद तथा पिंड्राजोरा शाखा के प्रबंधक प्रदीप कुमार झा उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

## एक नजर

### अनगड़ा प्रखंड में जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म कम्बल



**अनगड़ा :** गुरुवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से वृहस्पतिवार को अनगड़ा प्रखंड के सिरका पंचायत अंतर्गत गांधी ग्राम एवं महेशपुर गांव में जरूरतमंदों, बुजुर्गों के बीच गर्म कम्बल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन सिरका पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष समीम खान के कुशल नेतृत्व एवं अथक परिश्रम से संभव हो सका। समीम खान ने घर-घर जाकर सर्वे किया और सबसे ज्यादा जरूरतमंदों की सूची तैयार की। कार्यक्रम में अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि (मत्स्य विभाग) संजय नायक वा अन्य उपस्थित रहें।

### सरिया बाजार में आरओबी निर्माण के लिए दिया गया अल्टीमेटम

**सरिया :** जिला प्रशासन के आदेश पर सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने गुरुवार को सरिया बाजार में माइक से घोषणा करवाई कि रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य में बाधक बन रहे मकान मालिकों को शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक अपने-अपने मकान स्वयं तोड़ लेने होंगे। अन्यथा प्रशासन बाध्य होकर जेसीबी मशीन से उन्हें ध्वस्त कर देगा।यह कार्रवाई आरओबी निर्माण को तेज करने के लिए की जा रही है, जहां कुछ मकान और अतिक्रमण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। अंचलाधिकारी ने बाजार में घूम-घूम कर अलाउंस करवाया और चेतावनी दी कि कोई भी रैयत निर्माण में रुकावट न डाले, वरना सख्त कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों में इस घोषणा को लेकर हलचल मची हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरओबी परियोजना जनहित में है और इसे समय पर पूरा करना आवश्यक है। यदि मकान मालिक स्वयं नहीं तोड़ते, तो जेसीबी से तोड़ने के बाद कोई मुआवजा या राहत नहीं मिलेगी।

### जिला आयुष समिति ने औषधीय पौधे की दी जानकारी

**पटमदा :** जिला आयुष समिति जमशेदपुर के तत्वाधान में पटमदा प्रखंड के लावा,पटमदा ओर माचा आयुष ग्राम में औषधीय पौधा का प्रदर्शनी लगाया गया।इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों का इलाज नि:शुल्क करवाने के साथ सभी को औषधीय पौधा की पहचान के साथ कई लोग के बीच औषधीय पौधा वितरण किया गया।प्रदर्शनी में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार, डॉ रेखा दास,डॉ राकेश पाल, डॉ प्रदीप कुमार महतो,ग्राम प्रधान फुलचांद महतो,पंचानन महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने डीएमएफटी एवं जिला अनाबद्ध निधि योजनाओं की समीक्षा की

# योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें : नितिश कुमार सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी एवं जिला अनाबद्ध निधि से वित्तपोषित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक ऊ्र्रछ्र्रऊ डॉ. अजय तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी, विभिन्न कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और सभी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि योजना-



वार प्रगति अद्यतन रूप से उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित कार्यों से संबंधित कारणों का स्पष्ट विवरण प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, एवं सुरक्षा प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण नियमित रूप से कर भौतिक प्रगति का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी अनुमोदन एवं निविदा प्रक्रियाएँ पूर्ण होने के उपरांत ही कायारंभ किया जाए तथा सभी योजनाओं की प्रगति को डीएमएफटी एवं अनाबद्ध निधि पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपडेट किया जाए। उन्होंने कार्यपालक एवं सहायक अभियंताओं को परियोजनाओं का नियमित निरीक्षण कर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन जिला योजना शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि लंबित योजनाओं में रचनात्मक एवं ठोस प्रगति सुनिश्चित की जाए। पूर्ण हो चुकी योजनाओं का समुचित हैंडओवर संबंधित विभागों अथवा प्रबंधन इकाइयों को समय पर किया जाए तथा उनसे जुड़े लंबित भुगतानों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि योजनाओं की उपयोगिता और जनसरोकार से संबंधित लाभ बाधित न हों। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्पन्न हो रहे भूमि-संबंधित विवाद, अवरोध अथवा भू-व्यवस्था से जुड़ी अन्य समस्याओं का त्वरित निपटारा किया जाए। इस हेतु राजस्व विभाग, वन प्रमंडल एवं संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा, रांची में आज भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य और रंगारंग समापन आयोजित किया गया। भारत की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और "Many Languages, One Emotion" की भावना का मनमोहक प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम में देखा गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा भारतीय भाषाएँ हमारे देश की आत्मा हैं। विद्यार्थियों ने आज जिस उत्साह और गर्व से विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह उत्सव बच्चों में राष्ट्रीय एकता, भाषाई सम्मान और सांस्कृतिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका गायत्री सुदर्शी एवं स्नेहा शालिनी द्वारा किया गया। दोनों ने अपनी रचनात्मकता और समर्पण से पूरे आयोजन को आकर्षक व यादगार बना दिया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न भारतीय राज्यों के सांस्कृतिक स्टॉल रहे, जिनमें हर राज्य की भाषा, वेशभूषा, खान-पान, कला और लोक-संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली।

## सरिया को जिला बनाने की मांग तेज अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया को अलग जिला बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज हो गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला उपाध्यक्ष तथा सरिया जिला संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष त्रिभुवन मंडल के नेतृत्व में गुरुवार को सरिया अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरना की अध्यक्षता अशोक मंडल ने किया तथा संचालन मौलाना मुख्तार ने किया इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।धरना के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरिया क्षेत्र अंग्रेजों के जमाने से ही महत्वपूर्ण रहा है और यह जिला बनने की सभी अहताएं पूरी करता है। फिर भी केंद्र और राज्य सरकार की ओर से इस मांग पर





कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। त्रिभुवन मंडल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सरिया अनुमंडल क्षेत्र में पर्याप्त जनसंख्या, भौगोलिक विस्तार, आर्थिक क्षमता और विकास की संभावनाएं मौजूद हैं। यहां रेलवे स्टेशन, सड़क संपर्क और प्राकृतिक संसाधन हैं, जो एक स्वतंत्र जिले के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा सरिया से गिरिडीह जिला मुख्यालय की दूरी 72 किमी है जबकि इसी प्रखंड के गरमुंडो गांव से गिरिडीह की दूरी 100 किमी है।₹सरिया को जिला बनाने से क्षेत्र का समग्र विकास होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। सरकार की उपेक्षा से यहां के लोग विकास से वंचित हैं।₹धरना के बाद एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा गया, जिसमें सरिया को जल्द से जल्द जिला बनाने की मांग की गई है।

## विधायक निधि से सरना स्थलों की घेराबंदी और पुरानी पुलिया का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी रिया तिर्की (जो झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव भी हैं) ने ओरमांझी प्रखंड के ग्राम सदमा, चन्द्रा एवं मधुकमा में सरना स्थल की पक्की घेराबंदी तथा सदमा-जरा में मुख्य पथ पर पुरानी पुलिया के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य विधायक निधि से हो रहा है। रिया तिर्की ने अपने संबोधन में कही कि राजेश कच्छप जी गांव से लेकर सदन तक आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और सरना धर्म स्थलों के संरक्षण के लिए हमेशा मुखर रहे हैं। सरना स्थलों की पक्की घेराबंदी से इन पवित्र स्थलों की गरिमा बढ़ेगी और भावी पीढ़ी तक ये सुरक्षित रहेंगे। वहीं पुलिया के जीर्णोद्धार से ग्रामीणों को वर्षों से चली आ रही यातायात की बड़ी समस्या से स्थायी निजात मिलेगी। मौके पर जिला परिषद् सदस्य कमिशनर मुण्डा विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो विधानसभा सह प्रभारी अब्दुल रशीद अंसारी प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार विधायक प्रतिनिधि बाल विकास उमा देवी महिला अध्यक्ष अनीता देवी, प० स० स० रीण मुण्डा, मुखिया सीमा तिर्की, सुनिता देवी सदमा पंचायत अध्यक्ष रवि पहान 22 पहाड़ा अध्यक्ष बाबुलाल महली, सुरेश लोहरा, अक्षय स्वांसी, संजय कुमार, झिरगा पहान, राजाराम महतो, भगत उरांव, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नाबार्ड और एयरटेल बैंक ने ग्राहकों को किया बैंकिंग फ्रॉड के प्रति जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के बेल्टांड चौक में नाबार्ड और एयरटेल पेमेंट बैंक के संयुक्त तत्वाधान में मुखिया कानूराम बेसरा, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, सुभाष कर्मकार, एयरटेल पेमेंट बैंक के जोनल मैनेजर किशन कुमार, बिपुल दत्ता सहित कई ने बैंकिंग फ्रॉड से सुरक्षित रहने और उससे बच्चे के विषयों पर विस्तृत जानकारी उपस्थित ग्राहकों ओर ग्रामीणों के बीच दी।ताकि अपने अपने बैंक खाते को फ्रॉड का शिकार होने से बचाया जा सके। छोटे लेनदेन में एयरटेल पेमेंट बैंक का इस्तेमाल करने की अपील की।

## सिल्ली में चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शुरू, ठंड से मिलेगी राहत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** राहत कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। शाम ढलते ही विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जहां स्थानीय लोग आग तापते हुए आपस में चर्चा और परिचर्चा करते नजर आए। शाम को झारखंड मोड़ चौक पर भी अलाव स्थल के आसपास लोगों की भीड़ देखने को मिली। उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड बढ़ने के साथ ऐसी व्यवस्था बेहद जरूरी हो जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलती है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पूरे शीतकाल में प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाएंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न हो।सीओ अरुणिमा एक्का ने उन स्थानों पर विशेष रूप से अलाव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जहां जरूरतमंद, दिहाड़ी मजदूर, प्रवासी राहगीर और बेघर लोग अधिक संख्या में रहते या गुजरते हैं। संबंधित कर्मचारियों को लगातार निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### सिल्ली के तीरंदाज हैदराबाद के लिए रवाना

**सिल्ली-मूरी :** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ी सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार देर शाम हैदराबाद रवाना हुए। कोच प्रकाश राम ने बताया कि यह प्रतियोगिता 11 से 18 दिसंबर तक हैदराबाद में आयोजित की जाएगी, जिसमें झारखंड तीरंदाजी टीम के रूप में एकेडमी के कई प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हुए हैं।इंडियन राउंड में वर्षा खलको और तमन्ना चौधरी, कंपाउंड राउंड में मधुमिता कुमारी एवं अनीता कुमारी, जबकि रिकर्व राउंड में सुरभि पाल और आदित्य राय राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के प्रस्थान के मौके पर एकेडमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद समेत स्थानीय खेल प्रेमियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का हुआ आयोजन





**जमशेदपुर :** सार्वभौम मानवाधिकार घोषणा (Universal Declaration of Human Rights) को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को अपनाया गया था। तभी से पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर को प्रत्येक पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में 'झारखण्ड मानव अधिकार संघ' जमशेदपुर द्वारा नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 10/12/2025 को नेताजी विश्वविद्यालय, मानगो के परिसर में स्थित सभागार में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत में मानवाधिकारों के संरक्षण में 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' की सार्थकता एवं भूमिका विषय पर संघ के अध्यक्ष मनोज किशोर की अध्यक्षता में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मृत्युंजय महतो, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुमका, मुख्य अतिथि, डॉ. प्रोफेसर प्रभात कुमार पाणी, कुलपति नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि सह मुख्य वक्ता, बृजमोहन कुमार भूतपूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि राज्यसभा, सम्मानित वक्ता, अवधेश कुमार गिरी, सम्मानित वक्ता, दिनेश कुमार सम्मानित वक्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

### तेली समाज के पारंपरिक पेशे को बचाने के लिए घानी बोर्ड की आवश्यकता : पूर्णिमा साह

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि तेली समाज का पारंपरिक पेशा घानी से तेल निकालना, अब पूरे झारखंड में लगभग लुप्तप्राय स्थिति में पहुंच गया है। तेल बनाने का यह परंपरागत कौशल आज जीविका का आधार नहीं रह गया है, और समुदाय के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हो गये हैं। पूर्णिमा साहू ने सरकार से तेल व्यवसाय घानी बोर्ड के गठन की मांग करते हुए कहा कि इससे सरसों तेल व्यवसाय में तेली समाज को लाइसेंस की सुविधा मिलेगी। बोर्ड की स्थापना से तेली समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से चल सकेगा। साथ ही, विधायक पूर्णिमा साहू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा निर्मित माटी कला बोर्ड को पुन: सक्रिय करने की भी मांग की, जिससे प्रजापति समाज को फिर से लाभ मिल सके। पंचायतों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्णिमा साहू ने कहा कि पंचायतें लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे मजबूत इकाई हैं। महात्मा गांधी द्वारा बताये गये ग्राम स्वराज की अवधारणा आज भी प्रासंगिक है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से पंचायतों को राशि का आवंटन नहीं होने के कारण विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य वित्त आयोग की राशि शीघ्र पंचायतों को जारी करने की मांग की ।

सिविल सर्जन–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड
छत्तरमांडू, रामगढ़–
email: csramgarh@yahoo.co.in

SHORT TENDER NOTICE

Tender NoticeNo: 2252(DHS)/ 2025 Dated 09/12/2025

Civil Surgeon-Cum-CMO,Ramgarh invites Tender for Rate contract from eligible bidders having experience in Oncology medicine supply on MOU basis for District Hospital Ramgarh.

| Sl | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Nameofthework | Rate Contract of Oncology Medicine |
| 2 | Date of Publication of Tender | Dt. 11.12.2025 |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | Dt. 18.12.2025 |
| 4 | Last date of receipt of Bids | Dt. 27.12.2025 by 02 pm |
| 5 | EMD of Rs. 20,000/- | In name: DRHS RCH FLEXPOOL PROGRAMS |
| 6 | Date and Time of Bid opening | Dt. 29.12.2025 on 01.30pm |
| 7 | Contact Number | 6204545564/7979928513 |

Note:-Please log on to website https://ramgarhnic.infor detail terms & conditions and downloading tenderdocuments.

Sd/-
Civil Surgeon-cum-CMO
Ramgarh

PR 368304 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D

राँची समाहरणालय, राँची (जिला भू-अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची द्वारा **अरगोड़ा (पुराना अरगोड़ा चौक) (एम०डी० आर०–018 पर) से नया सराय (रिंग रोड़) (एम०डी०आर०–013 पर) भाया पुन्दाग पथ (कुल लं०–6.175 कि०मी०) के चार लेन में निर्माण (पुल निर्माण सहित) कार्य परियोजना** अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | ग्राम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 19/12/2025 | 12.30 अपराह्न | अरगोड़ा | अंचल कार्यालय, अरगोड़ा |
| 20/12/2025 | 12.30 अपराह्न | पुन्दाग, मुड़मा, टुण्डूल, सपारोम | तहसील कचहरी, पुन्दाग |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची।

PR.NO.368261 Land Reforms(25-26):D

सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा। (भू–अर्जन शाखा) प्रपत्र VI
झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)
या उपायुक्त या समुचित सरकार

प्रारम्भिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 ................................ दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम – नवाटोली, थाना नं0 – 114, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना – कोलेबिरा (SH-04) गांगूटोली–जामटोली (एन0एच0–143 पर) पथ भाग – 1 कि0मी0 से कि0मी0 10.36 एवं भाग – 2 कि0मी0 22.00 से कि0मी0 38.95) कुल लम्बाई 28.31 कि0मी0 तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** कार्य वर्ष 2022–23 में अधिघोशणा प्रकाशन की तिथि 09.11.2022 रकबा 1.4275 एकड़ भूमि का पूर्व में अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण कर आंशिक रुप से मुआवजा भुगतान कर दिया गया है छुटे हुए रैयतों का अधियाची विभाग के द्वारा मौजा – नवाटोली (अनुपूरक) कार्य हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम – नवाटोली, थाना नं0 – 114, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा,** जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 0.155 एकड़ यानि 0.06272 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 59 | 1258 | रैयती | परती जदीद टांड़ दो | 0.045 | राजेन्द्र ओहदार वगैरह | | | | | | | | |
| 2 | 59 | 1260 | रैयती | टांड़ दो | 0.05 | राजेन्द्र ओहदार वगैरह | | | | | | | | |
| 3 | 59 | 1216 | रैयती | परती जदीद टांड़ दो | 0.025 | राजेन्द्र ओहदार वगैरह | | | | | | | | |
| 4 | 59 | 1217 | रैयती | टांड़ दो | 0.035 | राजेन्द्र ओहदार वगैरह | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 0.155 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
सिमडेगा।

PR 368250 (Simdega) 25-26 (D)

# सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को गति देते मोहन यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पद की शपथ लेने के बाद से ही सनातन-सांस्कृतिक मूल्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार की कोई निंदा-आलोचना किए बिना, उनके द्वारा खींची गई लकीर को बड़ा करने का काम किया है। इस परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्व की वैचारिकता को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, नगरीय विकास से लेकर ग्रामीण विकास और सुशासन को सशक्त बनाने के बाबत उनकी प्राथमिकताएं देखने में आई हैं। हिंदुत्व और सनातन संस्कृति उनके अजेंडे के प्रमुख आधार रहे हैं। अतएव उज्जैन और अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प के साथ राम वन गमन और कृष्ण पाथेय परियोजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है। अब भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मध्यप्रदेश के स्थलों को एक नवीन पहचान दी जाएगी। प्रदेश में बड़ा पूंजी निवेश कराकर उद्योगों की स्थापना हेतु कई इंवेस्टर मीट कराए गए हैं। इससे नए रोजगार व तकनीकी विकास के रास्ते जल्दी ही खुलेंगे। चीता पालन परियोजना श्योपुर के कूनो और मंदसौर के गांधी सागर में उन्हीं के कार्यकाल में भलीभूत हुई है। अब इसका विस्तार सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ आरक्षित क्षेत्र में भी होगा। मोहन यादव मंत्रिमंडल की पहली बार बैठक बुंदेलखंड के खजुराहो में संपन्न हुई है। इसके दूरगामी परिणाम निकलने की उम्मीद की जा रही हैं। अतएव इस अंचल में पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए रास्ते जल्द खुलेंगे। प्रदेश में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम की त्रिवेणी बह रही है। दुनिया के सामने ह्यश्री कृश्ण पाथेयह्य योजना के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम उज्जैन, पीवड़िया-खातेगांव देवास, एरण सागर, चंदेरी, अशोकनगर जामगढ़ रायसेन, सागर, जनापाव इंदौर और अमझेरा धार सहित आठ जिलों में उन पुरातन स्थलों को धार्मिक पहचान दी जाएगी, जो भगवान कृश्ण से जुड़े रहे हैं। इन स्थलों पर कृश्ण के श्रीचरण विद्यार्जन, यात्रा के समय विश्राम और विवाह के लिए रुक्मणी हरण से जुड़े हैं। इन यात्राओं में कृश्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम अर्थात बलदाऊ भी साथ रहे हैं। कृश्ण और बलराम ने एक साथ उज्जैन के सांदीपनि आश्रम के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी। दोनों भ्राताओं में यहां 64 कलाएं और 14 विद्याएं गुरु सांदीपनि से प्राप्त की थीं। मित्र सुदामा भी उनके साथ रहे थे। भागवत पुराण के अनुसार गुरु सांदीपनि के पास जितनी भी शिक्षाएं थीं, सब सिखा दी थीं। शिक्षा प्राप्ति के बाद कृष्ण ने गुरु से गुरु दक्षिणा लेने को कहा, लेकिन उन्होंने कुछ भी लेने से मना कर दिया। तब कृष्ण और बलराम गुरु माता के पास पहुंचे। उन्होंने रोते-रोते अपने पुत्र के अपहरण की कहानी कह दी। पुत्र का अपहरण समुद्र के किनारे से हुआ था। कृष्ण और बलराम समुद्र किनारे पहुंचे और उन्होंने समुद्र का आवाहन किया। समुद्र ने सामने आकर बताया कि पंचजन्य नाम के असुर ने गुरु सांदीपनि के पुत्र का अपहरण किया है। कृष्ण ने अंततः पंचजन्य राक्षस को खोज लिया और उसको दंडित करते हुए गुरु पुत्र को वापस मांगा। पंचजन्य ने जब कृष्ण के पुरुषार्थ और उनकी दैवीय शक्तियों को जाना तो तुरंत गुरु पुत्र को लौटा दिया। कृष्ण और बलराम ने इस पुत्र को उज्जैन जाकर गुरु माता को दक्षिणा के रूप में सौंप दिया। इस यात्रा के दौरान कृष्ण और बलराम धार जिले के अमझेरा होते हुए समुद्र तक पहुंचे थे। कृष्ण को जब विवाह प्रस्ताव के रूप में रुक्मणी का पत्र मिला तो वह द्वारका से नारायण, पीवाड़िया-खातेगांव एरन, चंदेरी होते हुए विदर्भ की राजधानी कुंडनपुर पहुंचे थे। रुक्मणी स्वयंवर यहीं चल रहा था। इसी स्वयंवर स्थल से कृश्ण ने रुक्मणी का हरण किया था। अब उन्हीं स्थलों को एक न्यास बनाकर संवारा जाएगा। इन स्थलों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना को क्रियान्वित करने से पहले स्थलों का शोधवृत्ति के जरिए शोध कराया जाएगा। विक्रमादित्य शोधपीठ इसे क्रियांन्वित करेगी। मोहन यादव गीता और गो-माता की महिमा को बढ़ाने का काम भी प्राथमिकता से कर रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 7641

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7640 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

# मैकाले ने किस तरह जहरीली मानसिकता और अमानवीय रवैया दिखाया

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

मैकाले कोई इंडोलॉजिस्ट नहीं था। वह कोई शिक्षाविद् या जाने-माने बुद्धिजीवी नहीं थे। फिर भी, उन्होंने भारत के सामाजिक और शैक्षिक ढांचे को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया। वह निःस्संदेह आत्महीनता की मानसिकता के सबसे बड़े दोषी थे, जो आज भी हिंदू समुदाय को परेशान करती है। उन्होंने हिंदू दिमाग में अपनी महान साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति नफरत सफलतापूर्वक भर दी। संस्कृत को पुराना बताकर और अंग्रेजी की तारीफ कर मैकाले का मकसद न सिर्फ पहली भाषा को बदलना था बल्कि उसके लिए नफरत के बीज भी बोना था। इससे एक तरह की सांस्कृतिक गुलामी पैदा हुई, जिसमें हिंदू समाज ने पश्चिमी मूल्यों को आँख बंद करके अपना लिया। संस्कृत के बाद में हुए पतन से सांस्कृतिक और बौद्धिक पूंजी का भारी नुकसान हुआ, जिससे भारत का सामाजिक माहौल अपरिवर्तनीय रूप से बदल गया। मैकाले की थोपी गई नीति ने भारत में एक तरह की अंग्रेजी भाषाई और सांस्कृतिक गुलामी को जन्म दिया।

गुरुकुल प्रणाली, जो पीढ़ियों से भारतीय शिक्षा की नींव रही थी, धीरे-धीरे हाशिये पर चली गई। संस्कृत, दर्शन, आयुर्वेद और शास्त्रीय कला जैसे पारंपरिक विषयों, जो गुरुकुल पाठ्यक्रम के लिए जरूरी थे, उसे नजरअंदाज कर दिया गया। इस नीति के कारण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धीरे-धीरे पतन हुआ। गुरुकुल प्रणाली न सिर्फ अकादमिक शिक्षा देती थी बल्कि नैतिक आदर्श, सांस्कृतिक परंपराएं और आध्यात्मिक अभ्यास भी सिखाती थी। मैकाले की नीति, जिसने पश्चिमी सिद्धांतों पर जोर दिया, उसने इन तत्वों को खत्म कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षित अभिजात वर्ग में सांस्कृतिक पहचान का नुकसान हुआ। कई स्थानीय शिक्षक और बुद्धिजीवी जो पारंपरिक ज्ञान के संरक्षक थे, उन्हें हटा दिया गया। उनके कौशल और प्रतिभा को कम आंका गया, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षकों की स्थिति और संख्या में कमी आई।

ध्यान समग्र शिक्षा से हटकर रटने और परीक्षा-उन्मुख पढ़ाई पर चला गया। गुरुकुल प्रणाली का छात्रों के पूर्ण विकास (लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए) पर जोर शिक्षा के एक सीमित, उपयोगितावादी दृष्टिकोण में बदल गया। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा, खासकर उसका अभिजात वर्ग, बहुत ज्यादा पश्चिमी हो गया। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी में शिक्षित लोगों और पारंपरिक तरीकों का पालन करने वालों के बीच एक सामाजिक-सांस्कृतिक विभाजन पैदा हुआ। यह विभाजन आज भी बना हुआ है, जो सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। अंग्रेजी पर जोर देने से शैक्षिक और प्रशासनिक संदर्भों में स्वदेशी भाषाओं के उपयोग में गिरावट आई। इससे साहित्य और मौखिक परंपराओं के कई पारंपरिक रूपों का धीरे-धीरे विलुप्त होना शुरू हो गया।

लगातार आने वाली पीढ़ियों में पहचान का संकट था, जो पश्चिमी प्रभावों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच बंटी हुई थीं। नतीजतन, बहुत से लोगों में अपनी जड़ों पर गर्व की कमी है और वे पश्चिमी जीवन शैली और आदर्शों को पसंद करते हैं। स्कूल सिस्टम का पश्चिमी तौर-तरीकों के साथ तालमेल होने से पश्चिमी ज्ञान प्रणालियों और तरीकों पर निर्भरता बढ़ गई। इससे क्रिएटिविटी और मौजूदा चिंताओं के लिए स्थानीय समाधानों के विकास में रुकावट आई। अंग्रेजी पढ़े-लिखे एलीट वर्ग को आर्थिक अवसरों तक ज्यादा पहुंच मिली, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता और बढ़ गई। जो लोग अंग्रेजी में माहिर नहीं थे, वे नुकसान में थे, जिससे गरीबी और हाशिए पर रहने का सिलसिला जारी रहा। भारतीय आंतरिक, अक्सर आसानी से उपलब्ध संसाधनों, जैसे पारंपरिक ज्ञान, समझ और प्राकृतिक संसाधनों से पूरी तरह अप्रभावित हैं, लेकिन वे बाहरी संसाधनों, जैसे पश्चिमी तरीकों, जानकारी और बाजारों के आदी हो गए हैं।

### ऐतिहासिक विवि और गुरुकुल संस्थानों का प्रसार

एक अनुमान के अनुसार, प्राचीन भारत में एक समय 50 से ज्यादा विश्वविद्यालय थे। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी विश्वविद्यालय, ओदंतपुरी, मिथिला विश्वविद्यालय, तेलहारा विश्वविद्यालय, शारदापीठ मंदिर विश्वविद्यालय, पुष्पगिरि विश्वविद्यालय, सोमपुरा विश्वविद्यालय और बिक्रमपुर विश्वविद्यालय कुछ जाने-माने संस्थान हैं।

तक्षशिला के कुछ जाने-माने पूर्व छात्रों में व्याकरणविद् पाणिनी शामिल हैं, जिन्होंने क्लासिक पुस्तक अष्टाध्यायी लिखी थी और आचार्य चाणक्य, जिन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की थी। इस पहले अध्ययन में, डब्ल्यू. एडम्स ने देखा कि 1830 के दशक के दौरान बंगाल और बिहार में लगभग 1,00,000 गाँव में स्कूल थे। मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर थॉमस मुनरो ने एडम्स से पहले देखा था कि "हर गाँव में एक स्कूल था।" प्रेंडरगास्ट ने देखा कि हमारे पूरे क्षेत्रों में शायद ही कोई गाँव हो, बड़ा या छोटा, जिसमें कम से कम एक स्कूल न हो और बड़े गाँवों में ज्यादा। 1882 में डॉ. जी.डब्ल्यू. लीटनर के अवलोकन से पता चलता है कि पंजाब में लगभग साल 1850 में शिक्षा इसी स्तर तक फैली हुई थी। थॉमस मुनरो ने इन गुरुकुलों में पढ़ने वाले छात्रों के जातिगत डेटा भी एकत्र किए और उनमें से अधिकांश गैर-ब्राह्मण थे। कुछ इलाकों में, ब्राह्मणों की संख्या केवल 8% थी, जबकि सबसे ज्यादा संख्या लगभग 37% थी। धर्मपाल की किताब "द ब्यूटीफुल ट्री" में यह सारी जानकारी है। गुरुकुल प्रणाली बच्चे की समग्र शिक्षा सुनिश्चित करती है। गुरुकुल प्रणाली द्वारा पढ़ाए जाने वाले मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

**खगोल विज्ञान**
**दर्शनशास्त्र**
**गणित**
**विज्ञान**
**धर्मसूत्र (कानूनों का अध्ययन)**
**अर्थशास्त्र (राजनीति विज्ञान)**
**आयुर्वेद (चिकित्सा)**
**धनुर्वेदम (रक्षा अध्ययन)**
**वेद**
**वेदांग**

ये गुरुकुलों में पहले पढ़ाए जाने वाले कुछ ही पाठ्यक्रम हैं। संगीत और मिट्टी के बर्तन बनाने सहित और भी बहुत कुछ है। गुरुकुल प्रणाली के प्राथमिक लाभों में से एक कौशल का विकास है। गुरुकुल प्रणाली का लचीलापन इसे आज की तेजी से बदलती परिस्थितियों में एक व्यवहार्य विकल्प बनाता है।

मैकाले ने भारतीय समाज को कैसे बर्बाद किया

भारत में क्या हुआ? भारतीय शिक्षा के लिए रखे गए एक लाख रुपये की मामूली रकम से भी विदेशी ईसाई मिशनरी नाराज हो गए। जी.डी. ट्रेवेलियन के अनुसार "लाइफ ऑफ लॉर्ड मैकाले" (वॉल्यूम 1, पृष्ठ 164) में 1835 में एक नए भारत का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने वित्तीय संसाधन कम कर दिए और कई नियम लागू किए, जैसे ₹पक्की इमारत होनी चाहिए वगैरह।₹ लेकिन, यह अंत नहीं था। उन्होंने टी.बी. मैकाले को बुलाया ताकि यह तय किया जा सके कि पैसे का इस्तेमाल कैसे किया जाए, शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए और भारतीयों को शिक्षित करने का तरीका क्या होना चाहिए। मैकाले के शिक्षा संबंधी मिनट्स, जिसमें यह अनिवार्य किया गया था कि भारत पश्चिमी भाषा, अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करे, उसने वह कर दिखाया जो सिकंदर और पश्चिमी मिशनरी नहीं कर पाए थे।₹ जिससे प्राचीन सभ्यता की मूलभूत नींव हिलने लगी।

मैकाले ने कुछ और भी ज्यादा नुकसानदायक किया जिसे ज्यादा लोग नहीं समझते। उसने भारतीयों को पढ़ाने के लिए "डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन मेथड" का इस्तेमाल किया। यह तकनीक क्या है? मैकाले की समस्या यह थी कि भारतीय बहुत ज्यादा थे और अंग्रेज बहुत कम। वे भारतीयों को कैसे पढ़ाने वाले थे? इस देश को इस हद तक कैसे कमजोर किया जा सकता था कि वह अनजाने में ब्रिटिश राज का समर्थन करे? कहानी यह है कि एक बार जब वह ऊटी में अपने महल में थे, तो उन्होंने देखा कि एक भारतीय अधिकारी उनके घर के पास उनके ऑफिस के बाहर बैठे एक चपरासी के पैर छू रहा था और वह जाहिर तौर पर हैरान रह गए। एक अधिकारी एक चपरासी के पैर क्यों छू रहा था? आप नहीं जानते, यह भारतीय समाज एक अजीब समाज है। यहां ब्राह्मणों का सम्मान किया जाता है और चपरासी उसी जाति का है।

इसके बाद, मैकाले ने कुछ बदलाव किए जिन्हें पब्लिकेशन में अच्छी तरह से रिकॉर्ड और वेरिफाई किया गया है। हालांकि इसे बहुत बाद में डेवलप किया गया था लेकिन डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन अप्रोच के तहत स्कूलों में ऊंची जाति को फायदा दिया गया। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे सीमित साधनों से सभी को अंग्रेजी में पढ़ाना हमारे लिए नामुमकिन है। फिलहाल, हमें ऐसे लोगों का एक वर्ग बनाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए जो बुद्धि, नैतिकता, पसंद और विचारों में अंग्रेजी हों, लेकिन खून और रंग में भारतीय हों। हमें यह तय करने के लिए कि वह अपने मकसद में कितना सफल हुआ, बस तब से भारत में पढ़े-लिखे वर्गों के इतिहास की जांच करने की जरूरत है।

# भारत-रूस संबंध और बदलता वैश्विक समीकरण

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

रूस के साथ भारत के संबंध दशकों से सामरिक साझेदारी, रक्षा सहयोग और राजनीतिक विश्वास की मजबूत नींव पर टिका रहा है। शीतयुद्ध के दौर से लेकर वर्तमान तक रूस उन कुछ देशों में रहा, जिसने कठिन समय में भी भारत के हितों का समर्थन किया। परंतु साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, वित्तीय ढांचे और सामरिक गठबंधनों को जिस तरह बदल दिया है, उसने भारत-रूस संबंधों को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों ने न केवल रूस की अर्थव्यवस्था और उसकी रक्षा-उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है, बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के लिए भी अभूतपूर्व कूटनीतिक चुनौतियाँ पैदा की हैं। एक ओर अमेरिका, यूरोप और इंडो-पैसिफिक साझेदार भारत से पश्चिमी मानदंडों का पालन करने की उम्मीद करते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत रूस से ऊर्जा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संतुलन की जरूरतों को अनदेखा नहीं कर सकता। इस दोराहे पर भारत की सबसे बड़ी परीक्षा है कि कैसे रूस के साथ संबंधों को बनाए रखते हुए अपनी सामरिक स्वायत्तता को मजबूती से स्थापित किया जाए।

आज की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि रूस धीरे-धीरे चीन के करीब जाता दिख रहा है और यह समीकरण भारत के हितों की दृष्टि से पूरी तरह अनुकूल नहीं कहा जा सकता। चीन के साथ रूस का बढ़ता आर्थिक, तकनीकी और सैन्य सहयोग उस क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत अपनी सुरक्षा रणनीति का निर्माण करता है। भारत जानता है कि चीन की मंशा केवल एशिया प्रभुत्व तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को बदलने की है। ऐसे में रूसझ्रचीन निकटता भारत की सामरिक गणना को कठिन बनाती है।

पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी भारत के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। रूस से होने वाले रक्षा आयात और महत्वपूर्ण स्पेयर पार्ट्स पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण धीमे पड़ रहे हैं। भारत की वायुसेना और थलसेना जिन कई प्रमुख प्रणालियों पर निर्भर हैं, वे रूस द्वारा निर्मित या रूस के सह-उत्पादन वाले हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उद्योग पर जो दबाव बढ़ा है, उसने भारत को कई सैन्य परियोजनाओं की समय-सीमा को लेकर चिंतित कर दिया है। कुछ हथियार प्रणालियों और मिसाइल डिलीवरी में देरी भी इसे दर्शाती है। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह दीर्घकालिक रूप से अपने रक्षा स्रोतों को विविध बनाए और घरेलू उत्पादन पर अधिक ध्यान दे।

इसी बीच व्यापारिक असंतुलन भी भारतझ्ररूस संबंधों का एक गंभीर पहलू बनकर उभरा है। कच्चे तेल के आयात में भारी वृद्धि ने रूस के साथ भारत के व्यापार को एकतरफा बना दिया है। रूस को भारत से निर्यात बेहद कम है और भुगतान प्रणाली भी स्पष्ट ढंग से स्थिर नहीं हो पाई है। रुपया-रूबल व्यापार व्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नियमों के कारण अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। इससे दोनों देशों के व्यापारिक ढांचों में अनिश्चितता और जोखिम बढ़ा है।

दूसरी ओर पश्चिमी देश भी चाहते हैं कि भारत रूस को समर्थन कम करे और यूक्रेन मुद्दे पर एक "नैतिक" रुख अपनाए। लेकिन भारत की विदेश नीति का आधार साझा नैतिकता से अधिक राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कई बार मतदान से दूरी बनाकर यह स्पष्ट किया है कि वह किसी भी पक्ष का सीधा समर्थन नहीं करेगा। भारत का यह संतुलित रुख उसकी सामरिक स्वायत्तता का प्रतीक है। परन्तु पश्चिमी देशों में इसे लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखने को मिली हैं। कुछ इसे भारत की "प्रैगमैटिक डिप्लोमेसी" कहते हैं, तो कुछ इसे रूस के प्रति "अतिरिक्त सहानुभूति" की तरह देखते हैं। भारत को इन दबावों के बीच अपनी विदेश नीति को चतुराई से साधना होगा।

भारत के सामने एक चुनौती यह भी है कि रूस और अमेरिका दोनों उसके महत्वपूर्ण साझेदार हैं। अमेरिका आज भारत का सबसे बड़ा तकनीकी और आर्थिक भागीदार है, साथ ही क्वाड के माध्यम से एशिया-प्रशांत सुरक्षा ढांचे का अभिन्न हिस्सा भी। वहीं रूस पारंपरिक सहयोगी है और दशकों से भारत के रक्षा ढांचे का मुख्य स्तंभ बना हुआ है। इन दोनों स्तंभों के बीच संतुलन बनाए रखना भारत की कूटनीति के लिए अत्यंत जटिल किंतु आवश्यक कार्य है। भारत को यह दिखाना होगा कि दोनों साझेदारियों में विरोधाभास नहीं बल्कि परस्पर पूरक लाभ हैं।

भारत इस मुश्किल संतुलन को बनाए रखने के लिए कई कूटनीतिक रणनीतियाँ अपना सकता है। सबसे पहले, उसे रक्षा आयात पर निर्भरता कम करके "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" को तेजी से आगे ले जाने की नीति अपनानी होगी। रूस के साथ संयुक्त उत्पादन और तकनीकी सहयोग को भारतीय भूमि पर बढ़ाया जा सकता है, जिससे सीधे आयात पर निर्भरता घटेगी और प्रतिबंधों का प्रभाव न्यूनतम होगा। इसके साथ ही भारत को यूरोप, अमेरिका, फ्रांस और इजराइल जैसे देशों के साथ नई रक्षा साझेदारियों को मजबूत करना होगा।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि भारत रूस के साथ ऊर्जा, कृषि, फार्मा, आईटी और अन्य गैर-रक्षात्मक क्षेत्रों में व्यापारिक विविधता को बढ़ाए। इससे व्यापारिक असंतुलन कम होगा और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता आएगी। तीसरा उपाय यह है कि भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिबंध-सुरक्षित भुगतान व्यवस्था विकसित करनी होगी। इसके लिए ब्रिक्स, एससीओ और वैकल्पिक वित्तीय प्रणालियों का उपयोग कारगर हो सकता है।

कूटनीतिक स्तर पर भारत को रूस के साथ भरोसेमंद संवाद बनाए रखना होगा, और साथ ही पश्चिमी देशों को यह संदेश भी देना होगा कि भारत की तटस्थता उसकी जिम्मेदार सामरिक सोच का परिणाम है। भारत ने पहले भी यह सिद्ध किया है कि वह किसी ब्लॉक में शामिल हुए बिना भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। आज की वैश्विक परिस्थितियाँ भारत से और भी परिपक्व एवं बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं। इन सभी परिवर्तनों के बीच यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए किसी भी महाशक्ति का अनुसरण न करे। भारत ने हमेशा एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन किया है, जिसमें किसी एक शक्ति का वर्चस्व न हो। रूस के साथ संबंध बनाए रखते हुए भी भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति की दिशा को स्पष्ट रखना होगा—एक ऐसी नीति जो न तो दबाव में निर्णय ले और न ही किसी संघर्ष में अनावश्यक पक्षधरता दिखाए।

अंततः भारत-रूस संबंध आज ऐतिहासिक मोड़ पर खड़े हैं। यूक्रेन युद्ध, प्रतिबंधों की राजनीति और बदलते गठबंधन ढांचे ने इस संबंध को चुनौतीपूर्ण बना दिया है, परंतु इसमें अवसर भी छिपे हैं। भारत को यह समझना होगा कि रूस उसके लिए सिर्फ रक्षा सहयोगी नहीं, बल्कि एक ऐसा साझेदार है जिसके साथ ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संतुलन और एशियाई राजनीति के कई पहलू जुड़े हुए हैं। इसी तरह पश्चिम भी भारत के उदय का अनिवार्य साझेदार है। इसलिए भारत का लक्ष्य किसी भी एक ध्रुव की ओर झुकना नहीं, बल्कि संतुलन का वह मार्ग चुनना होना चाहिए जो उसकी सामरिक स्वायत्तता, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को अधिक सशक्त बनाता है। भारत के लिए यही वह समय है जब उसे अपने कूटनीतिक कौशल, शांत तर्क और दृढ़ संकल्प का उपयोग करते हुए दुनिया को यह दिखाना होगा कि सामरिक स्वायत्तता केवल नीति नहीं बल्कि भारत की वैश्विक पहचान है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया

**ललित गर्ग**

यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है।

दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे "अमूर्त" कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है।

जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है।

दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है।

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ। दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं। एक छोटे व्यापारी की दुकान भी दीपावली पर उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी एक बड़ी कंपनी की। यह त्योहार बताता है कि समाज प्रकाश तभी बनता है जब हर व्यक्ति के जीवन में रोशनी पहुंचे। इसीलिए यह उत्सव भारतीय सामुदायिक चेतना का उत्सव है, समता और समान अवसरों का उत्सव है।

दुनिया आज विभाजन, युद्ध, तनाव, भौतिक लालच और मानसिक अंधकार से जूझ रही है। ऐसे समय में दीपावली का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है कि एक दीप की लौ किसी भी गहन अंधकार को चुनौती दे सकती है। भारत ने सदियों से दुनिया को यही बताया है कि नैतिक साहस, सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ही सभ्यताओं को टिकाऊ बनाती है। दीपावली इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधुनिक सोच और सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत की इन अवधारणाओं को दुनिया के सामने नई ऊर्जा के साथ स्थापित किया है। योग की वैश्विक मान्यता हो, आयुर्वेद का उभार हो, रामायण सम्मेलन हों या भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण, यह सब भारत की सॉफ्ट पावर की विजय है। दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इसी सॉफ्ट पावर की अगली खूबसूरत सीढ़ी है।

मोदी का "वसुधैव कुटुंबकम" का मंत्र अब भारत की विदेश नीति ही नहीं, बल्कि विश्व-दृष्टि बन चुका है। इसी भावना ने जी20 से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान को मजबूत किया है। दीपावली का वैश्विक सम्मान इसी मंत्र का विस्तार है, क्योंकि यह त्योहार हर मानव को यह याद दिलाता है कि दुनिया एक है, पीड़ा साझा है, और आनंद भी साझा होना चाहिए।

दीपावली केवल आध्यात्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मनोविज्ञान भी है। यह मन को खाली नहीं करती, उसे भरती है, उसे बुझाती नहीं, उसे जगाती है। दीपावली मन की धूल झाड़ने, जीवन के प्रति नई आशा जगाने और अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानने का अवसर है। यही कारण है कि इसे विश्व धरोहर घोषित करना पूरी मानवता के आध्यात्मिक भविष्य को मान्यता देना है।

वैश्वीकरण के प्रभाव ने दुनिया को तकनीकी रूप से भले ही जोड़ा हो, पर मानसिक रूप से विभाजन बढ़ा दिया है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषकर दीपावली जैसी परंपराएँ, सभ्यताओं के बीच एक दार्शनिक पुल का काम करती हैं। ये त्योहार दुनिया को यह बताते हैं कि जीवन केवल उपभोग नहीं, संवेदना है, केवल प्रगति नहीं, समरसता है, केवल विकास नहीं, मूल्य भी हैं।

यूनेस्को की घोषणा के बाद अब दुनिया दीपावली को केवल भारतीय या धार्मिक त्योहार के रूप में नहीं देखेगी, बल्कि इसे वैश्विक नैतिक चेतना के रूप में स्वीकार करेगी। यह उस विरासत का सम्मान है जो अतीत से चली आ रही है पर भविष्य को दिशा देती है। यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है जिसे दुनिया युगों से सम्मान देती आई है।

## दैनिक पंचांग

**12 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में |
| चंद्र | सिंह में |
| मंगल | धनु में |
| बुध | वृश्चिक में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ | समय |
|---|---|
| धनु | 06.53 बजे से |
| मकर | 08.58 बजे से |
| कुंभ | 10.45 बजे से |
| मीन | 12.18 बजे से |
| मेष | 13.48 बजे से |
| वृष | 15.28 बजे से |
| मिथुन | 17.27 बजे से |
| कर्क | 19.40 बजे से |
| सिंह | 21.56 बजे से |
| कन्या | 00.08 बजे से |
| तुला | 02.19 बजे से |
| वृश्चिक | 04.33 ब.से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 346 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 14.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 05.50 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** प्रीति 11.12 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.57 बजे तदनन्तर तैतिल 03.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 05'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872556
**जूलियन दिन** 2461021.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सरिया में नाली निर्माण में गड़बड़ी, बीडीओ ने जेई और मजदूरों को लगाई फटकार

**सरिया :** वर्षों से रांची–दुमका मुख्य मार्ग पर जलजमाव और गंदे पानी से परेशान यात्रियों को राहत देने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से नाली निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन गुरुवार को इस कार्य में बड़ी गड़बड़ी सामने आई। ग्रामीणों ने स्थानीय समाजसेवी धर्मपाल महतो को सूचना दी, जिन्होंने तुरंत सरिया बीडीओ ललित नारायण तिवारी को अवगत कराया। बीडीओ तिवारी स्वयं मौके पर पहुंचे। वहां कोई मुंशी या जेई मौजूद नहीं था। काम कर रहे मजदूरों से पूछताछ में पता चला कि एक मिलर में मात्र 11 बैग सीमेंट डाला जा रहा था। बीडीओ ने जेई से फोन पर बात की तो पता चला कि 18 बैग सीमेंट डालना चाहिए था। गड़बड़ी की पुष्टि होने पर बीडीओ ने जेई और मजदूरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता बढ़ाई जाए और अगली बार ऐसी शिकायत आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह समस्या वर्षों पुरानी है। बरसात के साथ-साथ अन्य दिनों में भी यहां गंदा पानी जम जाता है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। लगातार विरोध प्रदर्शनों के बाद ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस नाली निर्माण का कार्य शुरू किया था। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि बीडीओ की सख्ती से अब कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहेगी।

### स्थानीय विस्थापित जागरण मंच की हुई बैठक

**बोकारो :** स्थानीय विस्थापित जागरण मंच द्वारा सी.आर.एम कोऑपरेटिव कैंटीन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बादशाह महतो ने की, जबकि संचालन राजेंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में बोकारो स्टील प्लांट के स्थानीय एवं विस्थापित स्थाई एवं ठेका कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में यह स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में प्लांट में विस्थापित स्थाई एवं ठेका कर्मचारियों की संख्या काफी कम हो गई है, जिससे प्रबंधन द्वारा स्थानीय एवं विस्थापित कर्मचारियों का शोषण बढ़ा है। इसी चिंता को लेकर मंच ने सभी कर्मचारियों की एकजुटता एवं आपसी सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए बैठक बुलाई है।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 24 जनवरी 2026 को एक वनभोज सह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नए कमेटी सदस्यों का चयन एवं विस्तार भी किया गया।

### बोकारो रेलवे यार्ड के अपग्रेडेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**बोकारो :** आद्रा मंडल के डीआरएम मुकेश कुमार गुप्ता गुरुवार को बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहाँ उन्होंने यार्ड अपग्रेडेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने मौजूद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए और कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। एरिया रेलवे मैनेजर (एआरएम) विनीत कुमार ने बताया कि बोकारो यार्ड की क्षमता बढ़ाई जा रही है, ताकि मालगाड़ियों के संचालन को और अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि डीआरएम का यह दौरा मुख्य रूप से इन कार्यों की समीक्षा के लिए था और उनके द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर शुक्रवार को विस्तृत सर्वे किए जाएंगे। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर अपग्रेडेशन कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। एआरएम विनीत कुमार ने बताया कि रेलवे की आय का बड़ा हिस्सा मालगाड़ी संचालन से आता है, जिसकी वृद्धि से यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य से यार्ड का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, ताकि अधिक संख्या में मालगाड़ियों का सुरक्षित और समयबद्ध संचालन संभव हो सके।

# उपायुक्त ने पतरातू में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के क्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी बच्चों के शिक्षा संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय में फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू के उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त के द्वारा केंद्र के माध्यम से आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से भी कई विषयों पर चर्चा की एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पतरातू प्रखंड कार्यालय के समीप नवनिर्मित 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा भवन का निरीक्षण करते हुए भवन को हैंडोवर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया वहीं अस्पताल का संचालन शुरू कर आम जनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सबके अलावा दौरे के दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कमरों का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से आने वाले आम जनों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाहरणालय परिसर से धान अधिप्राप्ति जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा जिले में धान अधिप्राप्ति संबंधी जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले में संचालित कुल 27 धान अधिप्राप्ति केंद्रों की विस्तृत जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाएगा तथा किसानों को अधिप्राप्ति से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा–किसानों को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध धान क्रय व्यवस्था उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उपायुक्त ने आगे कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम से जुड़ी सही एवं अद्यतन जानकारी गाँव-गाँव तक पहुँचेगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिप्राप्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करें तथा किसानों के समय पर भुगतान की सुनिश्चितता बनाए रखें। जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य 15 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो रहा है। जागरूकता रथ के माध्यम से किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, धान गुणवत्ता मानक, एवं निर्धारित दरों से संबंधित सूचनाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

## तोपा लोकल सेल में बेहतर क्वालिटी के कोयला की मांग पर चार घंटे ठप कराया कांटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुजू :** सीसीएल तोपा परियोजना के लोकल सेल कांटा घर को गुरुवार को रैयत व सेल संचालन समिति ने करीब 4 घंटे तक जाम करते हुए वजन कार्य बाधित किया। यहां उच्च गुणवत्ता वाले कोयला के साथ साथ अपराह्न चार बजे तक कांटा घर को सेल कार्य के लिए खुला रखने की मांग रखी गई। तोपा लोकल सेल संचालन समिति अध्यक्ष राजेश्वर गंझू व रैयतों की अगुवाई में किए गए आंदोलन के कारण कोयला लादने आए व कोयला लदे कई एक ट्रक खड़ा हो गया। रैयतों व समिति के लोगों ने बताया कि तोपा परियोजना में मनमाना नियम चलता है। यहां दो बजे के बाद कांटा घर को बंद कर दिए जाने से डीओ होल्डरों को परेशानी होती है। इसका सीधा असर मजदूरों पर पड़ता है। जबकि तोपा परियोजना में सेल के कोयले में काफी मात्रा में पत्थर मिलाए जाने से क्वालिटी खराब होने का खामियाजा डीओ होल्डर को भुगतना पड़ता है। इसी कारण वे यहां कोयला खरीदने में आनाकानी करते हैं। मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए डिस्पैच ऑफिसर आलोक कुमार ने सेल संचालन समिति को आश्वत किया कि उनकी भावना का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कोयले के क्वालिटी बेहतर करने के साथ ही कांटा घर चार बजे तक खुला रहेगा। इसके बाद सेल संचालन समिति व रैयतों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। आंदोलन में सेल संचालन समिति अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, अलियास मियां, रामभजनलाल महतो, गोपेश्वर करमाली, ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, विनोद महतो ,अहमद अंसारी, गिरधारी मांझी, विनोद गंझू, मोती गंझू, अनवर अंसारी, ललित राम, प्रकाश गंझू समेत अन्य कई लोग शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 436 रुपए के प्रीमियम में मिला दो लाख का चेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जलडेगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा जलडेगा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत टाटी पंचायत के टाटी पहानटोली निवासी बिलकन तोपनो को उनके स्वर्गीय पत्नी सुनीता तोपनो के मृत्यु के बाद दो लाख रुपये का मुआवजा राशि गुरुवार को प्रदान किया गया, शाखा प्रबंधक विकाश कुमार सहित बैंक के कर्मचारियों ने बिलकन तोपनो को दो लाख रुपए का चेक सौंपा, शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में सिर्फ 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होता है, बीमाधारक की मृत्यु पर नॉमिनी को दो लाख रुपये का लाभ मिलता हैं, उन्होने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये के प्रीमियम पर दो लाख रुपये का कवर मिलने सहित कई बैंक द्वारा संचालित विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी तथा प्रति परिवार को बीमा कराने की अपील की, इस दौरान बिलकन तोपनो ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी की मौत हो गई थी, बिलकन तोपनो ने चेक पाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं शाखा प्रबंधक को धन्यवाद दिया तथा पैसा का सदुपयोग कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की बात कही, मौके पर शाखा प्रबंधक विकाश कुमार, बैंक कर्मी पुनीत प्रफुल्ल टोप्पो, पंकज मिंज, मिनी स्टेफी लुगुन, अजित तोपनो, धाधू बड़ाईक, संतोष मांझी, जेसेलपीएस ब्लॉक मैनेजर अरुण लकड़ा बैंक सखी किरण देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण प्रबंधन को सौंपेंगे मांगपत्र, केबीपी परियोजना को लेकर बैठक में बनी रणनीति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** पचमो पंचायत भवन में बुधवार को केबीपी परियोजना को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डोमन महतो व संचालन लालदेव महतो ने किया। इसमें केबीपी परियोजना प्रबंधन को पूर्व में दिए गए मांगपत्र को लागू कराने पर चर्चा किया गया। इसको लेकर शनिवार को प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण केबीपी परियोजना प्रबंधन को मांगपत्र सौंपेंगे। बैठक में इचाकडीह पंचायत मुखिया रमेश राम, धनेश्वर कुमार दास, सीताराम रजवार, लखन महतो, अशोक कुमार रविदास, पप्पू कुमार, प्रमोद कुमार महतो, रूपचंद कुमार, कैलाश कुमार, अर्जुन कुमार, मनोज कुमार महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## रांची-सिमडेगा-राउरकेला व तपकरा मार्ग को फोर लेन बनाने की मांग, विधायक भूषण बाड़ा ने सदन में उठाया मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के तारांकित प्रश्न के माध्यम से रांची से कर्रा, जलियागढ़, कामडारा, कोलेबिरा, सिमडेगा होते हुए राउरकेला एवं सिमडेगा से तपकारा छत्तीसगढ़ तक की सड़क को फॉर लेन बनाने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से सरकार को बताया कि यह सड़क दक्षिण भारत को जोड़ने का भी महत्वपूर्ण रास्ता है। जो न केवल राज्य के अंदर बल्कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ के साथ आर्थिक और यातायात संबंध जोड़ती है। वर्तमान में यह मार्ग डबल है जो आज के जनसंख्या के अनुसार संकीर्ण है। सड़क जाम एवं दुर्घटना भी काफी होती है। विधायक ने बताया कि इस रास्ते से रोजाना हजारों भारी ट्रक, ट्रेलर, डम्फर, बसें और अन्य वाहन गुजरते हैं। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सरकार इस सड़क को जल्द से जल्द फॉर लेन बनाने की प्रक्रिया तेज करे ताकि। सिमडेगा के नागरिकों को बेहतर संपर्क सुविधा मिल सके। साथ ही दुर्घटनाओं की दर कम हो और सिमडेगा रांची, सिमडेगा राउरकेला एवं सिमडेगा से छत्तीसगढ़ राज्य तक आसानी से लोग आवागमन कर सके। विधायक ने कहा कि सरकार इस सड़क को फॉर लेन प्रोजेक्ट के लिए स्पष्ट रोडमैप और फंडिंग सुनिश्चित करे। विधायक ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा है कि इस सड़क को फॉरलेन में अपग्रेडिंग कब तक करने की योजना है। इस पर सरकार द्वारा विधायक को बताया गया कि प्रश्नगत संरेखण पथ निर्माण विभाग के चार पथों एवं एक राष्ट्रीय उच्च पथ पद्यांश का युग्म है। कोलेबिरा से सिमडेगा तक कुल सात किमी डबल लेन के चौड़ीकरण अथवा मजबूतीकरण की करवाई प्रक्रियाधीन है। साथ ही डिफेक्ट लियाबिलिटी अवधि समाप्त हॉर्न के उपरांत आईआरसी मापदंडों के अनुरूप ट्रैफिक सेंस की अहर्ता पूर्ण होने की स्थिति में निधि की उपलब्धता के अनुसार उक्त सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।

### कुरडेग के 20 मजदूर कर्नाटक में बंधक, विधायक भूषण बाड़ा की तत्परता से सफल घर वापसी

**सिमडेगा :** प्रखंड के अलग–अलग गाँवों के करीब 20 मजदूर कर्नाटक राज्य में मछली पकड़ने के काम के लिए गए थे। वहाँ बोट मालिक द्वारा मजदूरों को बंधक बनाकर रखने की जानकारी एक वीडियो के माध्यम से मिली, जिसे मजदूरों ने कुरडेग प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष जीशान फिरदौस को भेजा था। वीडियो में सभी मजदूरों ने विधायक श्री भूषण बाड़ा और झारखंड सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी जान को खतरा है और उन्हें बोट में बंद कर बंधक बनाकर रखा गया है। उन्होंने जल्द से जल्द उन्हें मुक्त कर घर वापस बुलाने की अपील की। वीडियो प्राप्त होते ही जीशान फिरदौस ने तत्काल विधायक भूषण बाड़ा जी को पूरी स्थिति की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक जी ने तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया और कर्नाटक पुलिस के सहयोग से सभी मजदूरों को बंधन से मुक्त कराया। इसके बाद मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी की पूरी व्यवस्था भी विधायक जी द्वारा सुनिश्चित की गई। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जीशान फिरदौस लगातार मजदूरों से संपर्क में रहे और आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया, ताकि मजदूर बिना किसी बाधा के घर लौट सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### जे एम कालेज में, फुटबॉल व चेस के चैम्पियन खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



**भुरकुंडा :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित फुटबॉल व चेस प्रतियोगिता का ट्राफी पर एक साथ एक ही दिन जे एम कालेज ने अपना कब्जा जमाया।इस खुशी में गुरुवार को कालेज में प्रतिभागी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।इस क्रम छात्र भुरकुंडा के विरसा मुंडा चौक से बैंड बाजे के साथ हिप्प पि फुर्ररे जेएम कालेज जीत गया के नारों के साथ सभी खिलाड़ी जे एम कालेज पहुंचे। जहां महाविद्यालय परिवार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इस क्रम में प्रचार्या ने ने खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजर डा शिव शंकर सिंह, प्रो सतेन्द्र नारायण सिंह, खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह को माल्यार्पण किया। महाविद्यालय में मिठाईयां बांटी गई। अपने खुशी का इजहार करते हुए प्राचार्या शीला सिंह ने कहा कि जे एम कालेज के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कालेज का नाम रौशन किया किया है। आगे भी इनके खेल व शिक्षा के के लिए बेहतर सहयोग महाविद्यालय के द्वारा किया जाएगा। खेल शिक्षक हृदय नारायण सिंह ने बताया खेल के मैदान में हमारे खिलाड़ी विरोधी पक्ष के तरफ लगातार दबाव बनाए रखे। इनके दमखम और प्रतिभा को देखते हुए हमें पुरा विश्वास है अन्तर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में जे एम कालेज के खिलाड़ी चैम्पियन बनेंगे। टीम मैनेजर डा शिव शंकर सिंह, प्रो सतेन्द्र सिंह ने कहा खिलाड़ियों का मेहनत रंग लाया है। ये महाविद्यालय की शान है।सफल खिलाड़ियों का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से प्रचार्या शीला सिंह, डा विरेन्द्र सिंह, प्रो सावित्री विश्वकर्मा,प्रो राम प्रमोद सिंह, प्रोअरूणजय सिंह,प्रो सिकन्दर कुमार,प्रो विजय मिश्रा, प्रो अंजनी सिंह, दिपक झा ,कुंवर रंजीत कुमार सिंह, किशोर कुमार,रंजीत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, अर्जुन कुमार, बाबु लाल नायक, सहित अन्य लोग सक्रिय दिखे। जे एम कालेज के तरफ से कैप्टन देवराज कुमार बेदिया,राजन कुमार सोरेन, विमल कुमार, हर्ष बेदिया, निकेश्वर बेदिया, जयबीर सिंह, दिनेश दोहरा, आशीष उरांव, रावल बेदिया संतोष कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, लिपट कुमार, सोनु कुमार, निवेदन भुण्डा, अजय कुमार सहित अन्य खिलाडीयों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस मनाया गया



**रामगढ़ :** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में जंतु विज्ञान विभाग के छात्र– छात्राओं ने काफी उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों की रक्षा की जानकारी,उनके महत्व के प्रति जागरूक फैलाना और अवैध शिकार तथा तस्करी को रोकना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्यप्राणी हमारे अमूल्य धरोहर हैं और इनके संरक्षण के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। सचिव प्रियंका कुमारी अपने संबोधन में सभी को वन्यजीव संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।और कहा कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण एवं परस्थिति तंत्र के लिए अत्यंत जरूरी है। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया । संचालन विभाग के व्याख्याता डॉ अपराजिता सोनी ने किया। कार्यक्रम में क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र –छात्राएं उपस्थित रहे। इसी तरह हमेशा कार्यक्रम आयोजित होते रहे, इसी संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### वयोवृद्ध स्वस्थ कैम्प का हुआ आयोजन



**कुरडेग :** प्रखंड के कुसियार पानी ग्राम में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निदेशानुसार वयोवृद्ध स्वस्थ कैम्प का आयोजन किया गया। आयुष सामुदायिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष उरांव के नेतृत्व में कुल 102 मरीजों को बी पी, सुगर जांचकर मुफ्त दवा वितरण किया गया। डॉ उरांव ने ग्रामीणों को आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक पद्धति द्वारा इलाज के अलावा नियमित योग, आसन, प्राणायाम व उचित आहार विहार, दिनचर्या पर चलने हेतु जागरूक किया। स्वस्थ कैम्प में योग शिक्षक घनश्याम जी, देवनारायण जी, अंजनी जी, सहिया साथी जसवन्ती इन्दवार का प्रमुख भूमिका रहा।

### वारिश पिया वेलफेयर ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली का किया आयोजन




**जमशेदपुर :** आजाद नगर स्थित वारिश कॉलोनी में वारिश पिया वेलफेयर में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई, आजाद नगर के प्रभारी चंदन कुमार ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। अतिथियों का चादर और गुलदस्ता देकर समानित किया गया। इस कार्यक्रम में वेलफेयर के सदर मोहम्मद ताहिर हुसैन, सेक्रेटरी आसिफ आलम, तैयबा मस्जिद के इमाम साहब अब्दुल कादिर के सदर वाहिद साहब सेक्रेटरी तैयबा मस्जिद, युसुफ इमाम और कैशियर शहबाज मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर नशा मुक्ति पर महत्वपूर्ण विचार रखे और युवाओं को नशे की लत से दूर रहने तथा सही दिशा अपनाने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया गया। समाज में नशा एक बेहद खतरनाक और विनाशकारी असर छोड़ता है। यह युवाओं का भविष्य खराब करने के साथ-साथ परिवारों और समाज की प्रगति को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

## एक नजर

### गड्ढे में जमे हुए पानी में 2 वर्ष बालक का डूबने से मौत



**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र के मीना बजार महाराजपुर के कन्हैया रिखियासन के दो वर्षीय पुत्र हीरा रिखियासन की मौत गुरुवार को सुबह घर के पश्चिम छोर के निकट गड्ढा में जमे पानी में डूबने से हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह सात बजे से ही हीरा रिखियासन घर पर से नहीं मिल रहा था, परिजनों ने खाफी खोजबीन की परन्तु कहीं नहीं मिला तब जाकर दोपहर के करीब तीन बजे हीरा रिखियासन का शव गड्ढा में से निकला। जिसकी सुचना तालझारी थाना पुलिस को दी गई। शव देखकर परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है कन्हैया रिखियासन के चार बेटा व एक बेटी था,जिसमें हीरा रिखियासन सबसे छोटा बेटा था मामले की सुचना मिलते ही थाना के एसआई संजीत कुमार मिश्रा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को लेकर साहेबगंज अस्पताल भेजा गया। मौके पर अवधा मित्र, कैलाश साह, दिनेश ठाकुर, बेचन ठाकुर, विकास मित्र, प्रिस कुमार मोदी, सहित अन्य मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर हाइवा मारी पलटी, चालक बाल-बाल बचे



**साहिबगंज:** जिला के बोरयो-साहिबगंज मुख्य पथ के रणचरा पुल के समीप बंदर कोला स्कूल जाने के रास्ते में चिप्स लोड एक हाइवा गुरुवार के अहले सुबह संतुलन खो देने से पलट गया। दुर्घटना में चालक बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार एक चिप्स लोड हाइवा साहिबगंज से बोरियो की ओर जा रहा था। बोरियों के रणचरा पुल के पास संतुलन खो देने से हाइवा पलटी मार दिया, जिसमें हाइवा के चालक बाल-बाल बच गया।

### जमीन विवाद मारपीट में पति-पत्नी घायल

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत जामनगर में आपसी विवाद में हुए मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात नीरेन मंडल की पत्नी बबीता देवी (40) और नीरेन मंडल (27) का पड़ोसी के साथ जमीन संबंधित विवाद हो गया, देखते ही देखते बात मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें दोनों पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक ने दोनों घायल पति-पत्नी का प्राथमिक इलाज किया।

### रेलवे आरक्षण काउंटर की अव्यवस्था पर भाजपा नेता ने उठाई आवाज डीआरएम को लिखा पत्र

**पश्चिमी सिंहभूम:** रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर में अव्यवस्था और यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमंत कुमार केशरी ने गुरुवार को चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर तत्काल सुधार की मांग की है। अपने पत्र में केशरी ने लिखा है कि तत्काल टिकट प्राप्त करने के लिए यात्रियों को उचित व्यवस्था न होने के कारण घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है। यात्री सुबह 4 बजे से ही ठंड में लाइन लगाते हैं, जबकि टिकट काउंटर हाल सुबह 8 बजे खोला जाता है। उन्होंने बताया कि तत्काल टिकट के फार्म यात्रियों को खुद क्रमांक लिखकर काउंटर की खिड़की में छोड़ने पड़ते हैं।

# मॉडल कॉलेज राजमहल में अनुशासन, साइबर अपराध पर विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड के मॉडल कॉलेज में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "अनुशासन, साइबर अपराध एवं सकारात्मक आचरण" रहा, जिसमें जिला एसपी साहिबगंज अमित कुमार सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यशाला की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह द्वारा अतिथि एसपी अमित कुमार सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर स्वागत के साथ हुई। एसपी ने मार्गदर्शक व्याख्यान मुख्य वक्ता एसपी अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप और उनसे बचाव की सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा– अनवेरिफाइड लिंक, वीडियो कॉल, मैसेज और फेक प्रोफाइल से सतर्क रहें। बैंक कभी भी ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं पूछता, इसलिए ऐसी किसी भी मांग पर तुरंत सावधान हो जाएँ। बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड' के बारे में विद्यार्थियों को सतर्क करते हुए बताया कि किसी अज्ञात कॉल पर विश्वास न करें और किसी भी तरह का भुगतान न करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी कॉमन हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी, जहाँ से अब पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाएँ एक ही नंबर से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके साथ ही एसपी ने नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर गंभीर चर्चा की और युवाओं से इससे दूर रहने की भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि करियर और जीवन दोनों को नष्ट कर देता है। अंत में एसपी ने कॉलेज के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए अनुशासन, जागरूकता और सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर कार्यक्रम में एसडीपीओ बिमलेश कुमार त्रिपाठी राजमहल, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ो

## उधवा पक्षी आश्रयणी में 10 साल बाद लौटा दुर्लभ पक्षी, 2015 में देखा गया था आखिरी बार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उधवा पक्षी आश्रयणी से पक्षी-प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर आई है। यहां दुर्लभ प्रवासी पक्षी-पलास गल को देखा गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रजाति की पिछली उपस्थिति साल 2015 में दर्ज की गई थी। लगभग एक दशक बाद इसकी वापसी उधवा झील की जैव-विविधता के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है। यह प्रजाति दक्षिणी रूस से मंगोलिया तक दलदलों और द्वीपों में कॉलोनियों में प्रजनन करती है। यह प्रवासी पक्षी है, जो सर्दियों में पूर्वी भूमध्य सागर, अरब और भारत में निवास करता है। यह गल जमीन पर घोंसला बनाता है और दो से चार अंडे देता है। गौरतलब है की सभी प्रवासी पक्षी वन्यजीव अधिनियम के तहत संरक्षित है एवं इन्हें या इनके आवास क्षेत्र को किसी भी प्रकार की क्षति, अधिनियम के तहत संज्ञेय गैर जमानतीय अपराध है, जिसमे 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार, पलास गल का दिखना बताता है कि झील का पर्यावास प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित, अनुकूल और आकर्षक है। हर साल हजारों की तादाद में विदेशी पक्षी यहां शीतकालीन प्रवास पर आते हैं, जिससे यह क्षेत्र पूर्वी भारत के महत्वपूर्ण बर्ड हॉटस्पॉट्स में भी शामिल है।

## मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की अध्यक्षता में गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गयाः माह नवम्बर में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की विस्तृत समीक्षोपरांत लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन करने हेतु सभी थाना/ओपी प्रभारी को निर्देशित किया गया। चोरी/गृहभेदन/छिनतई की घटना पर पूर्ण रुप से अकुंश लगाने हेतु बैंक/ए.टी.एम./पेट्रोल पंप/उरढ केंद्रों एवं ज्वेलरी शॉप के संचालकों के अतिरिक्त थानावार चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यो के साथ बैठक कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया गया। चोरी/गृहभेदन की घटना के रोकथाम हेतु थाना गश्ती/टाईगर मोबाईल के अतिरिक्त कार्यालय में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों को रोस्टरवार रात्रि सघन जांच अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कोयला चोरी पर अकुंश लगाने हेतु नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाने तथा संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कारवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध पत्थर एवं बालू के उत्खनन/परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स के साथ नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नशामुक्ति/मानव तस्करी/साईबर अपराध/महिला अत्याचार/सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रत्येक माह स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाने का आदेश दिया गया।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने एक नाबालिग लड़के को बचाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और मालदा के संभागीय सुरक्षा आयुक्त आशीष कुमार कुल्लू के पर्यवेक्षण में, मालदा संभाग के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाइयां कीं। जहां बरहरवा रेलवे स्टेशन पर नियमित निरीक्षण के दौरान, आरपीएफ कर्मियों ने ₹ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते₹ के तहत प्रतीक्षा कक्ष के पास भटकते हुए एक नाबालिग लड़के को बचाया। गलती से अपने गंतव्य से आगे निकल चुके उस लड़के को सुरक्षित हिरासत में ले लिया गया और उचित देखभाल के लिए साहिबगंज स्थित बाल संरक्षण मंथन को सौंप दिया गया।

## राज्य स्तरीय टीम ने सीएम गर्ल हाई स्कूल साहिबगंज का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के राज्य परियोजना निदेशक के आदेश अनुसार 11 दिसंबर 2025 को सीएम गर्ल्स हाई स्कूल पोखरिया साहेबगंज का राज्य स्तरीय टीम के द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय मूल्यांकन किया गया जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। राज्य स्तरीय टीम में मुख्य रूप से हीरा सरिता टुडू डाइट प्रभारी एवं मो शमशाद आलम डायट संकाय सदस्य शामिल थे। यह मूल्यांकन कार्य 15 दिसंबर तक साहेबगंज जिला के विभिन्न विद्यालयों में चलेगा।

## पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा डीसी ने समयबद्ध पूर्णता का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, जल जीवन मिशन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति एवं एसबीएम-जी से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में डीसी ने पिछली बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रखंडों में जलसाथियों के रिक्त पदों को ग्राम सभा के माध्यम से शीघ्र भरने का निर्देश दिया। डीसी ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, पृथक्करण केंद्रों की कार्यप्रणाली, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं-साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजन, मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, साहेबगंज-गोड्डा-दुमका एमवीएस की वर्तमान स्थिति, प्रगति, पूर्ण/प्रक्रियाधीन योजनाओं और हैंडओवर लंबित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यपालक अभियंता से प्राप्त की। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक कितने घरों को पाइप जलापूर्ति से जोड़ा गया है। इसकी जानकारी लेते हुए उन्होंने लक्ष्य आधारित एवं गुणवत्ता युक्त कार्य निष्पादन पर जोर दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला समन्वयक जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी उपस्थित थे।

# अभाव में जीना ही जीवन की श्रेष्ठ साधना है : अशोक भगत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के को-ऑपरेटिव कॉलेज में गुरुवार को "दर्शन, मानवता एवं समाज सेवा" विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता पद्मश्री अशोक भगत शरीक हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अभाव में जीना ही जीवन की श्रेष्ठ साधना है। मनुष्य को प्रकृति व दूसरों के दुखों को समझना चाहिए। वसुधैव कुटुम्बकम केवल वाक्य नहीं, जीवन जीने का तरीका है। जब हम प्रकृति को अपना साथी बना लेते हैं, तब ही सच्चे अर्थों में वेदांत दर्शन साकार होता है। प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मनुष्य जब अपने जीवन में सादगी और सेवा का भाव अपनाता है, तभी उसका जीवन सार्थक बनता है। दर्शन का अर्थ केवल चिंतन नहीं, बल्कि समाज के कल्याण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन है। उन्होंने पद्मश्री अशोक भगत के जीवन को 'जीवंत दर्शन' की संज्ञा देते हुए कहा कि इन्होंने त्याग, प्रेम व सादगी से मानवता की पुनर्स्थापना का कार्य किया है। वे प्रकृति और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने वाले आधुनिक युग के गांधी हैं। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ. डुमरेंद्र राजन ने कहा कि अशोक भगत बुद्ध, टैगोर और गांधी की परंपरा के वाहक हैं। दर्शन सदैव यह सिखाता है कि मानवता के लिए बलिदान ही सच्चा ज्ञान है। यह परंपरा पुरातन काल से जीवित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वाति सोरेन व डॉ. पास्कल बेक ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. किरण दुबे ने किया। समारोह में डॉ. डुमरेंद्र राज सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स, कर्मी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का होगा आयोजन




**पाकुड़ :** ज़िले में एतद् द्वारा आमजनों, उद्यमियों एवं ईकाइयों को सूचित किया जाता है कि उद्योग विभागान्तर्गत प्रबंध निदेशक, जिडको, रांची, झारखंड के निदेशानुसार MSMEs उद्यमियों/ईकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नि:शुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 13.12.2025 को अपराह्न 12:30 बजे, फ़रएळक़ पाकुड़ में आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर में जिले अन्तर्गत सभी उद्यमियों/ईकाइयों का नि:शुल्क उद्यम निबंधन किया जाएगा। अत: जिले के सभी उद्यमियों एवं व्यवसायियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि को आयोजित इस कैंप/जागरूकता शिविर में भाग लें तथा अपने उद्यम/ईकाई के निबंधन हेतु निम्नलिखित दस्तावेज साथ लाएं : आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक व आधार-लिंक मोबाइल नंबर।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में संत जेवियर स्कूल बी ने 7 विकेट से जीता पहला सेमी फाइनल



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का पहला सेमी फाइनल गुरुवार को माही स्पोटर्स येलो बनाम संत जेवियर स्कूल बी के बीच मैच खेला गया। माही स्पोटर्स की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में 153 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मयंक ने 38, शिवम ने 15 व अब्राहम शेख ने 37 रन की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज अमित राज ने 4 व हर्ष कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर स्कूल ने 18 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। अमित राज ने 49 व आदित्य ज्ञान ने 88 रन की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के खिलाड़ी अमित राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने अमित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव एवं स्कोरिंग अनिकेतन आनंद ने किया। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, गोपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### मालदा के मंडल रेल अस्पताल द्वारा बरहरवा में व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**साहिबगंज:** कर्मचारियों के कल्याण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति मालदा मंडल की निरंतर प्रतिबद्धता के तहत मंडल रेल अस्पताल, मालदा द्वारा 10 दिसंबर 2025 को बरहरवा हेल्थ यूनिट में एक व्यापक स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अनुपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), मालदा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. अनुपा घोष, सीएमएस/मालदा के नेतृत्व में 12 सदस्यीय चिकित्सा दल—जिसमें डॉ. एल.एम. अधिकारी (एसीएमएस/नेत्र रोग), डॉ. एस. रॉय (डीएमओ/ईएनटी), डॉ. एम. जौहरीका (एडीएमओ) सहित नर्सिंग स्टाफ, फामेर्सी कर्मी एवं चिकित्सा सहायक शामिल थे—ने बरहरवा में बहुद्देशीय स्वास्थ्य जाँच अभियान संचालित किया।शिविर में लगभग 100 कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के लिए ऊँचाई, वजन, बीएमआई, आवश्यक जीवन संकेतों की जाँच, ईसीजी तथा सामान्य रक्त परीक्षण जैसी व्यापक स्वास्थ्य जाँच की गई। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता अनुसार ईएनटी एवं नेत्र संबंधी परीक्षण भी किए गए। चिकित्सा दल द्वारा मौके पर ही आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। यह जन-स्वास्थ्य पहल मालदा मंडल की अपने कर्मचारीयों एवं उनके परिवारों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की सक्रिय प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

### अगलगी में चार घर खाक, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**साहिबगंज:** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्खीपुर पंचायत के फुलवरिया गांव में अचानक लगी आग में चार परिवारों का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। घटना में नकदी, सोना-चांदी के जेवरात और घर का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। अगलगी की वजह से पीड़ित परिवार बेघर हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक आग लगने से मलिका देवी, मिलन देवी, देवंती देवी और अजीत बसाक का घर जल गया। मलिका देवी के यहां लगभग 80 हजार रुपये, सोना-चांदी के जेवरात और जरूरी सामान जल गया। मिलन देवी के घर में रखे 45 हजार रुपये, सोना-चांदी और घरेलू सामान खाक हो गया। देवंती देवी के घर में 30 हजार रुपये, जेवरात और कपड़े जलकर नष्ट हो गए। अजीत बसाक की झोपड़ी समेत कोचिंग का पूरा अध्ययन सामग्री और टीन का ढांचा भी राख में बदल गया।? अगलगी की चपेट में पड़ोसी फेकनी देवी का घर भी आया, जिसमें आंशिक क्षति हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ भी बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई। पीड़ित परिवारों ने भोगन अंचल अधिकारी से नुकसान का आकलन कर तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। हालांकि घटनास्थल पर राजस्व कर्मचारी अर्जुन कुमार पहुंच कर आंकलन कर लिया है।

# 35 हजार बिना आधार वाले बच्चों की होगी खोज, बनेगा अपार कार्ड



## हवाई यात्रा में मिलेगा लाभ

**भागलपुर।** जिले के 2020 सरकारी स्कूलों के तीन लाख 71 हजार 136 बच्चों के पास अपार यानी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) मौजूद है, जबकि एक लाख 44 हजार 379 बच्चों के पास अभी भी अपार कार्ड नहीं है। इनमें से 35000 के करीब ऐसे बच्चे हैं जिनके पास आधार भी नहीं है। यानी बिना आधार के अपार कार्ड बनाना मुश्किल है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यालय स्तर से अपार कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद एक बार फिर से इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर काम शुरू किया जाएगा। जिले में लगभग 72 प्रतिशत के करीब अपार कार्ड बनकर तैयार है। वहीं जिला के शिक्षा विभाग में चल रहे आधार सेंटर बंद होने से बच्चों के पास आधार बनाने के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। जो अपार निर्माण में थोड़ी परेशानी का सबक बन सकता है।डीपीओ एसएसए बबीता कुमारी के अनुसार जिन छात्रों के पास आधार उपलब्ध है, उनका अपार कार्ड बनवाया जाएगा। वहीं स्कूलवार ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार कर बिना आधार वाले बच्चों को आधार केंद्र से जोड़ा जाएगा, ताकि पहले आधार बनाया जा सके और बाद में अपार कार्ड जारी हो। इसको लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा कि वे संबंधित बच्चों की पहचान कर आधार लिंकिंग व टैगिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं, ताकि उन्हें प्रखंड स्तर पर संबंधित आधार सेंटर से टैग कर उनका आधार बनवाते हुए अपार कार्ड बनवाया जा सके। अपार कार्ड सरकार की ह्यएक देश, एक छात्र पहचानह्न व्यवस्था है, जिसमें विद्यार्थियों को बारह अंकों की स्थायी पहचान संख्या मिलती है। कक्षा प्रथम से उच्च शिक्षा तक के अंकपत्र, प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक विवरण एक ही स्थान पर सुरक्षित रहते हैं। सत्यापन सरल होता है और दस्तावेज ले जाने की आवश्यकता घटती है। अभिभावकों की सहमति से यह पहचान बनाई जाती है और डिजिटल अभिलेखों से जुड़ी होती है। जिले में अपार कार्ड निर्माण में 28% कार्य अब भी लंबित है। कुल 5,15,515 में से 1,44,379 छात्रों का अपार कार्ड बाकी है। पेंडिंग में सबसे आगे नगर निगम 39.62%, शहकुंड 39.51%, नारायणपुर 34.04%, बिहपुर 34.01% और जगदीशपुर 29.70% हैं। वहीं सर्वाधिक कार्य पूर्ण प्रखंडों में साबौर 79.39%, इस्माइलपुर 77.21%, खरिक 76.85%, गोपालपुर 76.61% और पीरपैंती 76.04% शामिल हैं। एयर इंडिया ने शिक्षा मंत्रालय के साथ समझौते के बाद बिहार के अपार कार्डधारी विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब छात्र घरेलू हवाई यात्रा के टिकट पर दस प्रतिशत की सीधी छूट पा सकेंगे। साथ ही पच्चीस किलोग्राम तक सामान ले जाने की अनुमति मिलेगी, जो

## अभ्यर्थियों का बिहार बोर्ड ऑफिस के बाहर हंगामा



**पटना।** पटना में बिहार स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (STET) के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब 20-25 उम्मीदवार बोर्ड ऑफिस गेट के बाहर जमा हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बोर्ड लगातार उन्हें गुमराह कर रहा है और उनकी आपत्तियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। छात्रों की मुख्य मांग रिवाइज्ड आंसर-की जारी करने, स्पष्ट नोटिफिकेशन देने और आउट ऑफ सिलेबस पूछे गए सवालों पर ग्रेस मार्क्स देने की है। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'हमारी मांगें पूरी करो', 'STET होश में आओ' और 'गुमराह करना बंद करो' जैसे नारे लगा रहे थे। मौके पर मौजूद कॉमर्स की छात्रा ज्योति ने बताया कि बोर्ड बार-बार केवल डेट बढ़ा रहा है, लेकिन न तो रिवाइज्ड आंसर-की जारी हो रही है और न ही कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन। उन्होंने कहा कि परीक्षा में 21 सवाल आउट ऑफ सिलेबस पूछे गए, जिसके कारण कई छात्रों के नंबर प्रभावित हुए हैं। ऐसे में ग्रेस मार्क्स देना जरूरी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे बार-बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं की जा रही। 27, 28 और 29 नवंबर को भी उन्होंने बोर्ड कार्यालय का घेराव किया था, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

## ऊंचा किया जाएगा अजगैवीनाथ धाम



### डीएम ने किया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माणस्थल का दौरा, दिए कई निर्देश

**अजगैवीनाथ धाम।** अजगैवीनाथ धाम में बनने वाले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उड़ान और लैंडिंग में आने वाली बाधाओं को चिह्नित कर हटाने के लिए रिपोर्ट एवं साइट क्लीयरेंस संबंधी तकनीकी जानकारी मांगी है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अधिकारियों के साथ अजगैवीनाथ धाम ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साइट का दौरा किया। उन्होंने अजगैवीनाथ धाम-बरियारपुर मुख्य मार्ग के साथ ही मंझली बांध को ऊंचा करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, डीएम ने निरीक्षण के दौरान हवाई अड्डा के माप के संबंध में अंचल अमीन से जानकारी प्राप्त कर भौगोलिक स्थिति का अवलोकन किया। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारियों से डीएम ने उक्त वर्णित कार्य के क्रियान्वयन की दिशा में प्रगति के संबंध में कई अहम जानकारी प्राप्त की एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए। डीएम ने अजगैवीनाथ धाम-तारापुर मुख्य मार्ग को क्रास कर रही निमार्णाधीन फोरलेन के समीप साइट निरीक्षण के बाद मंझली बांध का भी निरीक्षण किया। बताया गया कि बरसात के दिनों में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा के स्थल के निकट जल जमाव हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि अजगैवीनाथ धाम-मुंगेर मुख्य मार्ग पर गनगनियां के समीप गंगा का पानी सहायक नदियों के सहारे प्रवेश कर जाता है। डीएम ने अजगैवीनाथ धाम से बरियारपुर तक मुख्य मार्ग एवं मंझली बांध को ऊंचा करने की बात कही।

## 13 वर्षीय किशोर की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के बीएमपी सिक्स के पास एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बच्चे घायल हुए। जानकारी के अनुसार, सभी बच्चे गांव की एक सीएनजी पिकअप वैन में ईंट ढोने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कुंदन कुमार, कोठिया गांव निवासी, की मौके पर मौत हो गई। अन्य घायल बच्चों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोग और परिजन मौके पर जमा हो गए। मृतक किशोर के परिजनों ने चीख-पुकार और हाहाकार मचाया।

## संक्षिप्त डायरी

### 10वीं बार सीएम बनने के बाद नीतीश कुमार का पहला चंपारण दौरा, योजनाओं को लेकर किया निरीक्षण



**मोतिहारी।** सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10वीं बार पद संभालने के बाद पहली बार पूर्वी चंपारण पहुंचे। उन्होंने जिले में पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीविका समूह की महिलाओं से संवाद कर दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से शुरू किए गए उनके रोजगार के बारे में जानकारी ली।मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। सीएम ने करीब साढ़े सत्रह करोड़ रुपये की लागत से केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर में निमार्णाधीन कैफेटेरिया का भी जायजा लिया, जो पर्यटकों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है।इसके बाद उन्होंने राजपुर में निमार्णाधीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया, जहां आशा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राजपुर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का आकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने मध्य विद्यालय, केसरिया परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं से शिक्षा एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इधर, आशा कार्यकताओं और जीविका समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री से बातचीत कर उनका आभार व्यक्त किया।

### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**सीतामढ़ी।** जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र के कोठी बाजार के समीप दिनदहाड़े स्कूल से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा को अगवा कर तीन बदमाशों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। छात्रा को गंभीर स्थिति में स्थानीय लोग और परिजन बेलसंड पीएचसी लेकर पहुंचे। वहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।बताया जा रहा है कि स्कूल से परीक्षा देकर घर लौटने के दौरान बदमाशों ने ऑटो में छात्रा को नशीला पदार्थ सुंघाकर अगवा कर लिया और झाड़ी में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। छात्रा की स्थिति खराब देखकर सभी आरापी फरार हो गए। छात्रा की कराहने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने लोगों की मदद से उसे पहले पीएचसी ले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि वह परीक्षा देने गई थी। वापस लौटने के समय वह लापता हो गई। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार ने अभी आवेदन नहीं दिया है। आवेदन आने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अपराधियों को चिह्नित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## घर लौटते वक्त मुखिया पति को मारी गोली, कारणों पर बना हुआ है सस्पेंस



**नालंदा।** बुधवार की शाम मुखिया पति को गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के चेरो गांव का है। गोली चेरो पंचायत के मुखिया पति दीनानाथ प्रसाद के जांघ में लगी है। परिजन जख्मी दीनानाथ प्रसाद को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर आए। फिलहाल इस मामले में परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। इस कारण वारदात के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। जांघ में गोली लगने के बाद दीनानाथ प्रसाद को सरमेरा पीएचसी परिजन के द्वारा ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बिहार शरीफ से भी डॉक्टर के द्वारा हायर सेंटर मुखिया पति को रेफर कर दिया गया है। सदर डीएसपी वन नुरुल हक ने बताया कि पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई की चेरो पंचायत के मुखिया पति के पैर में गोली लगी है। सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष को चेरो गांव भेजा गया। जहां कुछ पता नहीं चल सका। थोड़े समय बाद मालूम चला कि सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा था। जहां मालूम चला कि उनकी जांघ में जख्म है। जब वह घर लौट रहे थे। तभी गांव में ही खटाल के पास गोली चलने और उनके पैर में गोली लगने का एहसास हुआ। उनके साथ मौजूद उनके कुत्ते ने हमला भी किया। फिलहाल पूछताछ जारी और घटनास्थल पर सरमेरा थाना अध्यक्ष के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

# पटना के जानीपुर में पुलिस मुठभेड़

## कुख्यात राकेश कुमार के पैर में गोली, हथियार बरामद, फरार साथी की तलाश तेज



**पटना।** पटना में एक बार फिर अपराध पर पुलिस की सख़्ती देखने को मिली है। जानीपुर थाना क्षेत्र के बग्घा टोला में बुधवार की देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात राकेश कुमार घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए पटना एम्स भेजा गया। घटना के दौरान उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार सुबह एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से मिले साक्ष्यों और हथियारों की जांच की। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरा थाना क्षेत्र के सहबाजपुर गांव का निवासी और कुख्यात अपराधी राकेश कुमार अपने एक साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए बग्घा टोला इलाके में आया है। राकेश हाल ही में एक बैंककर्मी से रंगदारी मांगने के मामले में भी चर्चा में था। सूचना मिलने के बाद एएसएसपी के नेतृत्व में जानीपुर पुलिस की टीम ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया। खुद को घिरा देख राकेश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में राकेश के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार पर लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक नेटवर्क पिपरा, बिक्रमगंज और आसपास के इलाकों में फैला हुआ बताया जाता है। पुलिस उसे कई दिनों से तलाश रही थी। उसके दूसरे साथी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि वह जल्द पकड़ा जाएगा। गौरतलब है कि 2025 में बिहार पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पिछले छह महीनों में पटना जिले में आधा दर्जन से अधिक मुठभेड़ हो चुके हैं, जिनमें अपराधियों को भागने के दौरान पैरों में गोली मारकर पकड़ा गया है। फरवरी 2025 में कंकड़बाग में एसटीएफ और पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हुए थे। जुलाई में चंदन मिश्रा हत्याकांड के दो आरोपी एनकाउंटर में पकड़े गए, जबकि इसी महीने समस्तीपुर में सुमित उर्फ गुड्डू की हत्या और पटना में गोपाल खेमका हत्याकांड के आरोपी विकास उर्फ राजा के एनकाउंटर ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। जानीपुर की घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि पटना पुलिस अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं

## प्राइवेट पार्ट काटा, तेजाब डालकर आंखें निकाली : युवक की चाकू से गोद कर हत्या



छपरा। 55 साल के शख्स की निर्मम हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट को चाकू से चीरने के साथ काटा गया। तेजाब डालकर दोनों आंखें निकाली गईं। फिर चाकू गोद-गोद कर मारा गया है। मृतक की पहचान सूरज यादव (55) के रूप में हुई है। बुधवार की सुबह सूरज यादव का शव उनके कमरे में खून से लथपथ मिला है। वो अकेले रहते थे। करीब 10 साल पत्नी-बच्चे शहर वाले घर पर रहते हैं। घटना मांझी थाना क्षेत्र के सूरज यादव गांव के मांझी दक्षिण टोला में घटी है। अरढ कुमार आशिष के अनुसार, सूरज का गांव की एक महिला से अवैध संबंध चल रहा था। इसी वजह से उसकी हत्या हुई है। हालांकि, अभी तक हत्यारे का नाम सामने नहीं आया है। बुधवार की सुबह भतीजा सुजीत कुमार उन्हें खाना देने घर पहुंचे तो, पलंग पर मच्छरदानी लगी होने के बावजूद सूरज प्रसाद का शव फर्श पर नग्न हालत में मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कमरे की बारीकी से जांच की गई। मांझी थाना अध्यक्ष ने बताया, हत्या प्लानिंग के साथ की गई है। मृतक जिस कमरे में रहते थे, वह बगीचे के अंदर एक चारदीवारी से घिरा था। प्रथम द्दष्टया लगता है कि अपराधी मृतक को अच्छी तरह जानते थे या लंबे समय से रेकी कर रहे थे। मृतक के भतीजे सुजीत कुमार ने बताया, कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। इस वजह से मंगलवार की शाम हम चाचा जी को अस्पताल से दिखवा कर लाए थे। उन्हें बिस्तर पर लेटा दिया था, फिर मैं गांव में कुछ लोगों से बात करने चला गया। करीब एक घंटे बाद जब हम चाचा जी के पास गए तो वो बिस्तर पर नहीं मिले। मैंने दो-तीन बार आवाज भी लगाई, लेकिन उनके तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद मैं शहर के निकल गया। बुधवार की सुबह करीब 8 बजकर 20 मिनट पर मैं खाना लेकर चाचा जी के पास आया। उनके रूम में जैसे ही पहुंचा, चाचा जी बिस्तर से नीचे उल्टे लेटे मिले। उनको जैसे ही मैंने सीधा किया मैं देखकर दंग रह गया।

# यू-डायस को लेकर विभाग हुआ सख्त

## चार दिन में प्रोफाइल अपडेट करने का निर्देश



सुपौल। जिले में शिक्षा व्यवस्था, विद्यालयों की भौतिक संरचना, शिक्षकों की वास्तविक स्थिति और छात्र-छात्राओं की अद्यतन जानकारी को एकीकृत रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करने हेतु यू-डायस 2025-26 को लेकर विभाग की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि जिले के सभी विद्यालयों में स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल और स्टूडेंट प्रोफाइल सहित सभी मॉड्यूल की शत-प्रतिशत प्रविष्टि 15 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर ली जाए। निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।डीपीओ ने राज्य परियोजना निदेशक में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक का हवाला देते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा से जुड़े सभी प्रकार के डेटा राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के संचालन में आधारभूत भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य की योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के अनुसार यू डायस प्लस का प्रोफाइल एवं फैसिलिटी मॉड्यूल विद्यालयों की आधारभूत संरचना जैसे भवन की स्थिति, कमरों की संख्या, शौचालय, पेयजल, विद्युत, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं खेलकूद की सुविधाओं संबंधी विस्तृत डाटाबेस तैयार करता है, जिसके आधार पर राज्य स्तर से संसाधन आवंटित किए जाते हैं, इसलिए विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना है कि वे सभी प्रविष्टियां पूरी तरह सत्य एवं अद्यतन उपलब्ध कराएं। टीचर प्रोफाइल मॉड्यूल के संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि जिले के प्रत्येक सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों का विवरण पोर्टल पर अपलोड होना आवश्यक है। किसी भी शिक्षक की जानकारी गलत रहने से भविष्य में वेतन, पदस्थापन, प्रशिक्षण, प्रोमोशन, सेवाकाल संबंधी विवरण सहित कई प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसी प्रकार स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए निर्देश दिया गया है कि सत्र 2025झ्र26 में नामांकित प्रत्येक छात्र-छात्रा की जानकारी जैसे नामांकन संख्या, आधार संख्या, सामाजिक वर्ग, दिव्यांगता, उपस्थिति, छात्रवृत्ति योग्यता आदि पूर्ण रूप से अद्यतन किया जाए। विभाग के अनुसार कई सरकारी योजनाएं जैसे पोषाहार, पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति, निशुल्क पाठ्यपुस्तक आदि सीधे यूं डायस प्लस के आंकड़ों पर निर्भर करती हैं। डीपीओ ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और दैनिक प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा।

# खाना खाने से पहले सलाद का सेवन होता बेहद लाभदायक



**अगर आप खाना खाने से पहले सलाद खाते हैं तो यह बेहद लाभदायक होता है। अगर आप सलाद नहीं खाते तो शुरु कर दें क्योंकि कई बार खाने के साथ ही हमारे खून में कुछ ऐसे तत्व भी पहुंच जाते हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है शरीर के अंदर मौजूद ये विकार बाहर निकलते रहें। यह विकार अगर जमा होने लगते हैं तो धीरे-धीरे जहर की तरह हो जाते हैं। डॉक्टरों के अनुसार खून साफ न हो तो फोड़े-फुंसी, मुंहासे और त्वचा रोगों जैसी कई बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए खून साफ रखने के लिए ये तरीके अपनायें।**

### खाने से पहले सलाद खाएं

अपने आहार की शुरुआत से पहले अच्छी मात्रा में हरी सब्जियों का सलाद या रंगीन सब्जियों का मिक्स सलाद खाएं। सलाद ऐंटिऑक्सिडेंट्स और एंजाइम्स से भरपूर होता है, जो पाचन क्रिया को सही रखता है। साथ ही ये जरूरी विटमिन, मिनरल्स और कई अन्य फिटोकेमिकल्स मुहैया करवाता है। इसलिए हर बार खाने से पहले कम से कम एक कटोरी सलाद जरूर खाएं।

### सबसे जरूरी चीज है पानी

अगर आप शरीर में मौजूद गंदगी को बाहर निकालना चाहते हैं, तो इसके लिए सबसे अच्छा उपाय है पानी। अगर आप पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं, तो बहुत हेल्दी खाना खाने के बाद भी आपको कोई लाभ नहीं मिलता है और शरीर की गंदगी पूरी तरह साफ नहीं होती है। इसलिए बॉडी को डीटॉक्स करने के लिए दिन भर में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं।

### नींबू और संतरा

ऐंटिऑक्सिडेंट, विशेष रूप से विटमिन सी से भरपूर संतरा और नींबू ग्लूटाथियॉन के उत्पादन को बढ़ाकर लिवर के कार्य में सहायता करते हैं। ग्लूटाथियॉन वह यौगिक है जो लिवर के डिटॉक्सिफिकेशन के लिए जरूरी होता है। कुछ दिनों तक ठोस आहार के बिना नींबू पानी पीने से आपकी डीटॉक्स प्रणाली को प्राकृतिक रूप से बढ़ावा मिलता है। नींबू में पर्याप्त मात्रा में विटमिन सी और ऐंटिऑक्सिडेंट यौगिक, लिमोनोइड्स होते है जो डिटॉक्सिफाई एंजाइमों को सक्रिय करने में मदद करते हैं।

### जरूरी है फलों का सेवन

पर्याप्त मात्रा में फलों का सेवन करना चाहिए। फलों में मौजूद मिनरल्स और ऐंटिऑक्सिडेंट्स खून को साफ करते हैं। ये आपके शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को बाहर निकालकर कोलन और लिम्फेटिक सिस्टम को सही तरह से काम करने में मदद करते हैं। अगर आप वजन कम करने का प्रयास कर रहे हों, तो फल मदद कर सकते हैं।

### नट्स और अनाज का सेवन

शरीर की रक्त शर्करा को स्थिर रखने के लिए भोजन के बीच में स्वास्थ्यवर्धक आहार खाने चाहिए। रक्त शर्करा में आने वाला उतार चढ़ाव आपके शारीरिक ऊर्जा के स्तर को कम कर सकता है। इसके साथ ही इसका असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी पड़ता है। ये वजन को भी ठीक करता है। रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने और ऊर्जा का स्तर बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में नट्स, साबुत अनाज का दलिया और स्मूथी आदि का सेवन करना चाहिए।

# खाने के स्वाद के साथ ही सेहत ठीक रहता है हरा धनिया



**धनिया पत्ती और उसके बीज हमें सेहमंद बनाये रखते हैं। खाने में भले ही मिर्च-मसाला न हो लेकिन अगर धनिया पत्ती से डाल दी जाये तो स्वाद बढ़ जाता है। क्या आप जानते हैं धनिया सिर्फ खाने की खूबसूरती और स्वाद ही नहीं बढ़ाता बल्कि इसका पानी आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद गुणकारी है। धनिया के पानी में पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन सी और मैग्नीजियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है और ये सभी तत्व बीमारियों को कोसों दूर रखते हैं। धनिये का पानी पीने के ढेरों फायदे हैं जिनमें से कुछ के बारे में हम आपको यहां पर जानकारी दे रहे हैं।**

### वजन कम करता है

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो धनिये के बीज का इस्तेमाल करने से फायदा होगा। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच धनिये के बीज एक गिलास पानी में उबालें। जब पानी आधे से कम हो जाए तो इसे छान लीजिए। इस पानी को रोजाना दो बार पीने से वजन घटने लगेगा।

### कॉलेस्ट्रोल से छुटकारा

धनिया में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। रिसर्च के अनुसार अगर किसी को हाई कॉलेस्ट्रॉल की शिकायत है तो उसे धनिया के बीज उबालकर उस पानी को पीना चाहिए।

### भगाए पेट की बीमारियां

अगर आपको पेट से संबंधित कोई समस्या है तो दो कप पानी में धनिये के बीज, जीरा, चाय पत्ती और शक्कर डालकर अच्छे से मिला ले। इस पानी को पीने से एसिडिटी में आराम मिलता है! पेट में दर्द होने पर आधा गिलास पानी में दो चम्मच धनिया के बीज डालकर पीने से पेट दर्द से राहत मिलती है।

### बढ़ाए डाइजेशन

हरा धनिया पेट की समस्याओं को दूर कर पाचनशक्ति बढ़ाता है। धनिए के ताजे पतों को छाछ में मिलाकर पीने से बदहजमी, मतली, पेचिश और कोलाइटिस में आराम मिलता है।

### डायबिटीज से आराम

धनिए को मधुमेह नाशी यानी कि डायबिटीज को दूर भगाने वाला माना जाता है. इसका पानी पीने से खून में इंसुलिन की मात्रा नियंत्रित रहती है।



### नकसीर की दवा

हरे ताजे धनिया की लगभग 20 ग्राम पत्तियों के साथ चुटकी भर कपूर मिला कर पीस लें और रस छान लें। इस रस की दो बूंदें नाक के छेदों में दोनों तरफ टपकाने से और रस को माथे पर लगा कर हल्का-हल्का मलने से नाक से निकलने वाला खून बंद हो जाता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

धनिया के बीज आंखों के लिए भी फायदेमंद हैं। धनिया के थोड़े से बीज कूट कर पानी में उबालें। इस पानी को ठंडा करके मोटे कपड़े से छान लें और इसकी दो बूंदे आंखों में टपकाने से जलन, दर्द और पानी गिरना जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

### पीरियड्स की प्रॉब्लम

धनिया महिलाओं में पीरियड्स संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिए के बीज डालकर खोलाएं। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।

### मुहांसों में फायदेमंद

धनिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। धनिए के जूस में हल्दी पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें। दिन में दो बार इस लेप का इस्तेमाल करने से बहुत जल्दी मुंहासों और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा और चेहरे की सुंदरता भी बढ़ेगी घमौरियां होने पर धनिया के पानी से नहाना चाहिए।

# कोलेजन प्रोडक्शन कम होने से आती हैं कई समस्यायें

हम सभी की यह चाहत होती है कि हमारी त्वचा, बाल और खूबसूरती लंबे समय तक बरकरार रहे पर कई बार हम ऐसी कुछ गलतियां कर देते हैं जिनकी वजह से हमारा कोलेजन प्रोडक्शन कम हो जाता है और चेहरे पर बुढ़ापे की निशानी समय से पहले ही दिखाई देने लगती है

हमारे शरीर में कोलेजन का प्रोडक्शन सही मात्रा में हो यह काफी ज्यादा जरूरी होता है. कोलेजन की अगर बात करें तो यह हमारे स्किन से लेकर बालों और हड्डियों तक के लिए काफी जरूरी होता है. जब शरीर में इसका प्रोडक्शन होना कम होता है तो ऐसे में हमें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है. तो चलिए अब उन आदतों के बारे में जानते हैं जिनकी वजह से हमारे शरीर में कोलेजन का प्रोडक्शन कम हो जाता है.

### हद से ज्यादा मीठी चीजों का सेवन

अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपके शरीर में कोलेजन का प्रोडक्शन कम हो तो ऐसे में आपको मीठी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए! मीठी चीजों के सेवन से ग्लाइकेशन का प्रोसेस तेज हो जाता है जिस वजह से कोलेजन का प्रोडक्शन कम होता है. लंबे समय तक ऐसा होते रहने की वजह से चेहरे पर झुर्रियां दिखाई देने लगती है और



साथ ही अन्य समस्याएं भी होने लगती है. अगर आप मीठी चीजों का सेवन करना चाहते हैं तो आपको शहद या फिर गुड़ का सेवन करना चाहिए।

अगर आप सिगरेट पीते हैं तो आपको आज से ही इसे बंद कर देना चाहिए। सिगरेट में निकोटिन होता है जो शरीर में ब्लड फ्लो में रुकावट डालता है. ऐसा होने की वजह से आपकी स्किन तक ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स नहीं पहुंच पाते हैं।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल न करना

मौसम चाहे कोई सा भी हो आपको घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए. सनस्क्रीन के इस्तेमाल से हमारी त्वचा सूर्य से निकलने वाली हानिकारक युवी किरणों से बची हुई रहती है. जब आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में कोलेजन टूटने लगता है जिससे आपकी त्वचा पर फाइन लाइन्स, झुर्रियां और पिगमेंटेशन दिखाई देने लगती है.

### सही से नींद न लेना

अगर आप सही तरीके से नहीं सोते हैं या फिर आपके शरीर को जितनी जरूरत है उतनी नींद नहीं लेते हैं तो ऐसे में भी कोलेजन का प्रोडक्शन शरीर में कम हो सकता है. जब आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो ऐसे में आपका शरीर खुद को सही तरीके से रिपेयर नहीं कर पाता है. यह भी एक कारण है कि आपकी त्वचा पर समय से पहले ही एजिंग के लक्षण दिखाई देने लगते हैं.

### हमेशा स्ट्रेस में रहना

अगर आपको कभी-कभार स्ट्रेस होता है तो यह आम बात है लेकिन जब आप लंबे समय तक स्ट्रेस में रहते हैं तो इससे आपके शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है. यह भी एक कारण है कोलेजन के टूटने का. स्ट्रेस की वजह से आपकी त्वचा डल पड़ जाती है और अनहेल्दी लगने लगती है।

# सुबह-सुबह ब्लैक कॉफी के फायदे और नुकसान



सुबह-सुबह एक गरमागरम ब्लैक कॉफी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद मानी जाती है। यह आपके एनर्जी लेवल को बढ़ाती है, मेंटल क्लैरिटी में सुधार करती है और वजन घटाने में भी मददगार हो सकती है। इसके अलावा, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं।

बढ़ता है मेटाबॉलिज्म : ब्लैक कॉफी में मौजूद कैफीन आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी बर्न होने की प्रक्रिया तेज होती है।

एनर्जी और फोकस में सुधार : यह आपको इंस्टेंट एनर्जी देती है और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है, खासकर सुबह के समय।

पाचन में सुधार : ब्लैक कॉफी डाइजेस्टिव एंजाइम्स के प्रोडक्शन को एक्टिव कर सकती है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है। हालांकि, आमतौर पर एक्सपर्ट इसे खाली पेट पीने से बचने की सलाह देते हैं, क्योंकि एसिडिटी और पेट की जलन : कॉफी प्रकृति में एसिडिक होती है। खाली पेट पीने पर यह पेट में एसिड के प्रोडक्शन को बढ़ा सकती है, जिससे एसिडिटी, सीने में जलन और पेट में असहजता महसूस हो सकती है। जिन लोगों को पहले से ही गैस या एसिडिटी की समस्या है, उनके लिए यह और भी नुकसानदायक हो सकती है।

कॉर्टिसोल लेवल में बढ़ोकरी : सुबह के समय हमारा शरीर स्वाभाविक रूप से कॉर्टिसोल का प्रोडक्शन करता है। ऐसे में, खाली पेट कॉफी पीने से कॉर्टिसोल लेवल और बढ़ सकता है, जिससे तनाव और चिंता महसूस हो सकती है। पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा : खाली पेट कॉफी पीने से कुछ जरूरी पोषक तत्वों, जैसे कि विटामिन बी12 और कैल्शियम के अवशोषण में बाधा आ सकती है।

पाचन पर क्या पड़ता है असर?

जब आप खाली पेट ब्लैक कॉफी पीते हैं, तो आपका पेट खाली होता है और सीधे कैफीन और एसिड के संपर्क में आता है। इससे गैस्ट्रिक एसिड का प्रोडक्शन बढ़ जाता है, जो कुछ लोगों में गट इशूज पैदा कर सकता है। इससे अपच, गैस, पेट फूलना और यहां तक कि दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आपको सुबह कॉफी पीने की आदत है, तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है :

### कुछ खाने के बाद पिएं

सबसे अच्छा तरीका है कि आप खाली पेट कॉफी पीने से बचें। सुबह हल्का नाश्ता जैसे बिस्किट, फल या टोस्ट खाने के बाद कॉफी पिएं। सीमित मात्रा में : अगर आपको खाली पेट कॉफी पीने की आदत है और इससे कोई परेशानी नहीं होती, तो भी इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें। अपने शरीर की सुनें : हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है। अगर आपको खाली पेट कॉफी पीने के बाद कोई परेशानी महसूस होती है (जैसे एसिडिटी, बेचैनी), तो इसे तुरंत बंद कर दें और डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लें। पानी पिएं : कॉफी पीने से पहले एक गिलास पानी पीना भी फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि यह पेट की परत को थोड़ा सुरक्षित रखने में मदद करता है।

# मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं अन्य बीमारियां

मोतियाबिंद की समस्या पहले सिर्फ बुजुर्गों में ही पायी जाती थी लेकिन आजकल ये युवाओं ओर बच्चों को भी अपना शिकार बना रही है। अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसका असर भी आपके आंखों की रोशनी पर होता है जिससे मोतियाबिंद की समस्या होती है।

हमारी आंख की पुतली के पीछे एक लेंस होता है। पुतली पर पड़ने वाली लाइट को यह लेंस फोकस करता है और रेटिना पर ऑब्जेक्ट की साफ इमेज बनाता है। रेटिना से यह इमेज नर्व्स तक और वहां से दिमाग तक पहुंचती है। आंख की पुतली के पीछे मौजूद यह लेंस पूरी तरह से साफ होता है, ताकि इससे लाइट आसानी से पास हो सके।

कभी-कभी इस लेंस पर कुछ धुंधलापन आ जाता है, जिसकी वजह से इससे गुजरने वाला प्रकाश का रास्ता बंद हो जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि पूरी लाइट पास होने पर जो ऑब्जेक्ट इंसान को बिल्कुल साफ दिखाई देता है,अब कम लाइट पास होने की वजह से वही ऑब्जेक्ट धुंधला नजर आने लगता है। लेंस पर होनेवाले इसी धुंधलेपन की स्थिति को मोतियाबिंद कहा जाता है। यह क्लाउडिंग धीरे - धीरे बढ़ती जाती है और मरीज की नजर पहले से ज्यादा धुंधली होती जाती है। मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं ये बीमारियां।

### मधुमेह

मधुमेह शरीर के दूसरे अंगों जैसे गुर्दे और हृदय की ही अनेक बीमारियों का कारण ही नहीं है बल्कि आंखों पर भी कई प्रकार से इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। मधुमेह के लगभग 80 प्रतिशत रोगियों को जीवन में आंखों की किसी न किसी समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है। आंखों की इन समस्याओं में प्रमुख हैं- डायबेटिक रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद तथा काला मोतिया। मधुमेह के कारण होने वाली इन बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि मधुमेह के रोगी समय-समय अपनी आंखों की जांच कराते रहें और कोई भी दिक्कत सामने आते ही उसका इलाज करवाना शुरू कर दें। कुछ मरीजों में लैंस में धुंधलापन आ जाता है, उसकी पारदर्शिता खत्म हो जाती है इसे डायबिटिक कैटरैक्ट कहते हैं।

### यूवाइटिस

यूवाइटिस एक प्रकार की सूजन है जो यूवेइआ में होते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें ट्रामा या संक्रमण भी एक हैं। इस बीमारी के कोई भी ज्ञात कारण नहीं है। मोतियाबिंद की समस्या उन लोगों में ज्यादा होती है जो जो यूवाइटिस से ग्रस्त होते हैं। यूवाइटिस अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में तेजी से फैल रही है। भारत



में भी इस बीमारी के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। दुनिया में यूवाइटिस को कैंसर से भी खतरनाक माना जा रहा है।

### मायोपिया में मोतियाबिंद का खतरा ज्यादा

जो लोग उच्च निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से प्रभावित होते हैं उनमें मोतियाबिंद का खतरा कहीं अधिक होता है। डॉक्टर के मुताबिक बचपन में देखन की क्षमता का विकास होता और किशोरावस्था में आंख की लंबाई बढ़ती है लेकिन निकट दृष्टि दोष होने की वजह से यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में आंख में जानेवाला प्रकाश रेटिना पर केंद्रित नहीं होता। इसी वजह से तस्वीर धुंधली दिखाई देती है लेकिन इस दोष को कॉंटैक्ट लेंस या सर्जरी से ठीक कराया जा सकता है।

# दूसरे टी20आई से पहले हरमनप्रीत कौर और युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे पुरुष टी20आई से पहले भारतीय महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूर्व पुरुष ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन किया गया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (PCA) के कार्यवाहक सचिव सिद्धांत शर्मा ने हरमनप्रीत और युवराज को उनके नाम पर स्टैंड का नाम देकर सम्मानित करने के बारे में बताया था।

गुरुवार को उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और [illegible] अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने किया जिसमें BCCI अध्यक्ष मिथुन मन्हास और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे। पिछले महीने हरमनप्रीत ने नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में ODI विश्व कप खिताब जीतकर महिला क्रिकेट में भारत को पहली सीनियर ICC ट्रॉफी दिलाकर इतिहास रचा था।

इस बीच युवराज ने भारत की दोहरी विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें 2007 में पहला टी20 विश्व कप और 2011 में ODI विश्व कप शामिल है। उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में खेल के महान मैच विजेताओं में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया था। युवराज दूसरे टी20आई से पहले भारतीय टीम के साथ भी शामिल हुए और सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को कुछ सलाह दी।

हरमनप्रीत तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं जिनके नाम पर स्टैंड का नाम रखा गया है। इससे पहले झूलन गोस्वामी (ईडन गार्डन्स, कोलकाता) और मिताली राज (ACA-VDCA क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम) जैसी दिग्गज खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया था। मान और अन्य PCA पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरमनप्रीत, अमनजोत कौर और हरलीन देओल को 11 लाख रुपए के नकद पुरस्कार भी दिए गए जबकि विश्व कप विजेता टीम के फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया।



# खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करने पर बोले डिविलियर्स, गंभीर से कुछ हद तक सहमत हूं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है।' भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। मुझे लगता है कि इसका संबंध भारतीय क्रिकेट की गहराई से है।'

# ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप टीम की घोषणा की, दो भारतीयों को मिली जगह



**मेलबर्न।** नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेली थी।

भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा, 'आईसीसी अंडर19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक-दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उन्होंने सितंबर में भारत के खिलाफ अंडर19 श्रृंखला और हाल ही में पर्थ में खोली गई राष्ट्रीय अंडर19 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था।' ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम जनवरी की शुरुआत में नामीबिया पहुंचेगी और नौ से 14 जनवरी तक अभ्यास मैच खेलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 पुरुष टीम**

ओलिवर पीक, कैसी बार्टन, नादेन कूरे, जेडन ड्रेपर, बेन गॉर्डन, स्टीवन होगन, थॉमस होगन, जॉन जेम्स, चार्ल्स लाचमंड, विल मलाजचुक, नितेश सैमुअल, हेडन शिलर, आर्यन शर्मा, विलियम टेलर, एलेक्स ली यंग।

# बीसीसीआई की आम बैठक में घरेलू महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित कई अन्य मामलों पर होगी बात



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम बैठक इसी माह 22 दिसंबर को होगी। एपेक्स कमेटी की इस बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच मामलों पर बात हो सकती है। इसमें घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस को बढ़ाने पर भी बात होगी। इस बार एकदिवसीय विश्वकप में महिला टीम की शानदार जीत से भी खिलाड़ी उत्साहित है और ऐस में उन्हे मैच फीस में बदलाव की उम्मीद है। बीसीसीआई भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुशी है और प्रतिभाओं को आगे लाने मैच फीस बढ़ाने पर फैसला ले सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों के वेतन में समानता है पर घरेलू प्रतियोगिताओं में अब तक ऐसा नहीं हुआ है। वहीं इस बैठक में क्रिकेटरों के केन्द्रीय अनुबंध पर भी बात होगी। इसके अलावा बीसीसीआई अंपायरों की मैच फीस में भी बदलाव करना चाहता है। उसको भी लेकर इस बैठक में विचार किया जाएगा। इसके अलावा कई और मामले भी इस बैठक में उठेंगे।

# सैमसन की प्रशंसा वाले गंभीर के पुराने पोस्ट वायरल होने के बाद प्रशंसकों ने उठाये सवाल

**मुम्बई (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब तक भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलने के साथ ही मध्यक्रम सहित कई जगहों पर आजमाये गये हैं और उनका प्रदर्शन भी ठीक रहा है। इसके बाद भी उन्हें हमेशा ही बाहर कर दिया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में भी शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें अवसर नहीं मिला। इसी को लेकर अब प्रशंसकों का गुस्सा फूटा है। इस बार प्रशंसकों ने अनोखे अंदाज में अपनी नाराजगी जतायी है। प्रशंसकों ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के तीन पुराने पोस्ट जारी किये हैं जिसमें गंभीर सैमसन की प्रशंसा करते दिख रहे हैं।

ये पोस्ट 2019 और 2020 के हैं, तब सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे थे पर उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पा रही थी। गंभीर ने तब सैमसन को न केवल



बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज बल्कि उन्हें विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के योग्य बताया था। वहीं अब जबकि गंभीर भारतीय टीम के कोच है फिर भी सैमसन को टीम में जगह नहीं मिल पा रही है। पहले उन्हें कप्तान शुभमन गिल की वापसी के बाद सलामी बल्लेबाजी से बाहर किया गया। वहीं अब मध्यक्रम से भी बाहर कर दिया गया है।

सैमसन और शुभमन गिल के टी20 में आंकड़े देखें तो यह साफ है कि सैमसन आंकड़ों के हिसाब से उनसे कहीं आगे है। सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर टी20 में तीन शतक और एक अर्धशतक लगाया है जबकि शुभमन ने एक शतक ही लगाया है।

गंभीर का पहला वायरल पोस्ट 22 सितंबर 2020 का है, जहां उन्होंने लिखा, यह अजीब है कि सैमसन को केवल भारतीय टीम में जगह नहीं मिलती। बाकी सब जब अवसर मिल जाते हैं।

वहीं एक और पोस्ट में गंभीर ने कहा, सैमसन अभी भारत के सबसे अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक है, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिये।

गंभीर ने एक और पोस्ट में कहा कि सैमसन की स्किल्स देखकर खुशी हुई कि वह भारत का सबसे अच्छा विकेटकीपर-बल्लेबाज है, मेरे लिए वह विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए।

# बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन हो सकते हैं प्रमोट, विराट और रोहित होंगे डिमोट

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की इसी माह 22 दिसंबर को होने वाली सालाना जनरल बैठक (एजीएम) में केन्द्रीय अनुबंध पर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसमें एकदिवसीय और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को प्रमोट कर ए प्लस ग्रेड में रखा जाना तय है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को डिमोट किया जा सकता है। इसका कारण है कि अब विराट और रोहित केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलते हैं। वहीं नियमों के अनुसार ए प्लस अनुबंध तीनों प्रारुप खेलने वालों को ही दिया जाता है। इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले इन दोनो ने ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वहीं साल 2024 टी20 विश्वकप के बाद टी20 प्रारुप से भी संन्यास ले लिया था। रोहित और कोहली की जोड़ी अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पहले और दूसरे नंबर पर बनी हुई है। अभी ए प्लस सूची में विराट और रोहित के अलाव जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा भी शामिल हैं। ग्रेड ए प्लस अनुबंध में सालाना सात करोड़ रुपये जबकि ए में पांच, वहीं बी में तीन और सी में एक करोड़ रुपये मिलते हैं। बीसीसीआई के नियमानुसार अनुबंध उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने एक सत्र में 3 टेस्ट मैच या 8 एकदिवसीय या 10 टी20 मैच खेले हों।



# सैमसन के रहने से मुझे बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है : जितेश



**मुम्बई।** भारतीय टीम में आज सीमित ओवरों के खेल में विकेटकीपर की जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। टीम के पास संजू सैमसन, जितेश शर्मा और ऋषभ पंत जैसे विकेटकीपर हैं। विकेटकीपिंग में सैमसन और जितेश के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वहीं इस तरह के माहौल से ड्रेसिंग रूम में तनाव की संभावनाओं को जितेश ने गलत बताया और कहा कि उन्हें सैमसन की मौजूदगी से तो उन्हें प्रेरणा ही मिलती है। जितेश ने कहा कि मुझे सैमसन के साथ टीम में रहने पर काफी अच्छा अनुभव हुआ है। मुझे उससे काफी कुछ सीखने को मिला है। वह मेरे लिए बड़े भाई की तरह हैं। जितेश के अनुसार इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा से खिलाड़ियों को अपने खेल का स्तर ऊंचा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा, 'स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी बेहतरीन प्रतिभा निककर बाहर आती है जिससे टीम को लाभ होता है।' सैमसन के दल में रहने को फायदेमंद बताते हुए जितेश ने कहा, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे में अगर मुझे उनके साथ प्रतिस्पर्धा करनी है और कंधे से कंधा मिलाकर खेलना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। वहीं अब तक के आंकड़ों को देखें तो सैमसन कहीं आगे है। सैमसन ने अब तक 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उनमें उनके नाम 995 रन है। उनका औसत 25 ।51 और स्ट्राइक रेट 147 ।4 का है। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्री में 3 शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। सैमसन ओपनर के तौर पर ही सबसे ज्यादा सफल रहे हैं। 2022 में उन्हें पहली बार ओपनिंग का मौका मिला। अब तक बतौर ओपनर उन्होंने 14 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 512 रन हैं। औसत भी 39 ।38 का है और स्ट्राइक रेट 182 ।2 का। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में अपने तीनों शतक बतौर ओपनर जड़े हैं। इसके अलावा ओपनिंग करते हुए उन्होंने एक अर्धशतक भी जड़ा है।

# जूनियर विश्व कप हॉकी : भारत का दो गोल से पिछड़ने के बाद ऐतिहासिक प्रदर्शन, 9 साल बाद जीता पदक




**चेन्नई (एजेंसी)।** दो गोल से पिछड़ने के बाद मेजबान भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 9 साल बाद पुरुषों के जूनियर विश्व कप में पहला कांस्य पदक जीता। तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए प्ले-ऑफ मैच में भारत ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। मेजबान टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार 4-2 से वापसी करते हुए जीत हासिल की और सिर्फ 11 मिनट के छोटे से समय में चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया।

निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे') और सैंटियागो फर्नांडीज ने (44वें) मिनट में मेहमान टीम को बढ़त दिलाई थी जिसके बाद भारत के लिए अंकित पाल ने (49वें), मनमीत सिंह ने (52वें), शरदानंद तिवारी ने (57वें) और अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल किए। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की और अर्जेंटीना के डिफेंस में सेंध लगाने की कोशिश की। हालांकि यह मेहमान टीम थी जिसने खेल के विपरीत जाकर बढ़त हासिल की, जब निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला।

एक गोल के बाद मेजबान टीम ने जोरदार जवाब दिया और तुरंत बराबरी की तलाश में थी। भारत को पहले क्वार्टर के अंत में लगभग एक मौका मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। दूसरे क्वार्टर में भारत के लिए यह एक उत्साहजनक शुरुआत थी, उन्होंने वहीं से शुरुआत की जहां उन्होंने पहले क्वार्टर में छोड़ा था। वे खेल में अपनी पकड़ बनाने लगे और अधिक महत्वपूर्ण मौके बनाए, जिससे अर्जेंटीना के डिफेंस पर दबाव पड़ा जो ज्यादातर मौकों पर मजबूत बना रहा। दिलराज सिंह ने गोल पर शॉट लगाया, जबकि मेजबान टीम ने पहले हाफ में आठ सकर्ल पेनिट्रेशन के साथ कुछ आधे मौके बनाए और बराबरी की तलाश में गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि अर्जेंटीना ने पहले हाफ को 1-0 की बढ़त के साथ खत्म किया। भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में कुछ पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। वे हमले में लगातार बने रहे, और अर्जेंटीना के डिफेंस पर दबाव बनाए रखा जो पीछे हट रहा था।

मेहमान टीम काउंटर अटैक पर खेलने की कोशिश कर रही थी और उन्हें कुछ मौके भी मिले, लेकिन प्रिंसदीप सिंह ने शानदार डबल सेव करके भारत को खेल में बनाए रखा। अर्जेंटीना ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर के अंत में सैंटियागो फर्नांडीज (44वें) मिनट में किये गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम अपने पहले गोल की तलाश में आगे बढ़ती रही और लगभग दस मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रही। अनमोल एक्का के शानदार ड्रैगफ्लिक की मदद से अंकित पाल ने (49वें) मिनट अर्जेंटीना के गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल किया, जिससे भारत ने एक गोल की बराबरी कर ली। मोमेंटम अपने पक्ष में होने के कारण, भारत ने दो मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर इसी तरह का मूव किया, जिसमें मनमीत सिंह ने (52वें) मिनट अनमोल एक्का के सेटअप का फायदा उठाते हुए भारत को बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला और शारदानंद तिवारी ने (57वें) मिनट में कोई गलती नहीं की और मैच खत्म होने में तीन मिनट से भी कम समय बचा था, तब भारत को बढ़त दिला दी। अपने तीसरे गोल की तलाश में, अर्जेंटीना ने बिना गोलकीपर के खेलने का फैसला किया। उन्हें एक पेनल्टी कॉर्नर से मौका मिला, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल से जीत पक्की कर ली।

ग्यारह मिनट में चार गोल के साथ भारत ने FIH हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में कांस्य पदक हासिल करने के लिए एक शानदार वापसी की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को 5 लाख रुपए और सपोर्ट स्टाफ को 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# हार के बाद रियल मैड्रिड के खिलाड़ी हुए बेकाबू, कई प्लेयर्स पर लगे प्रतिबंध



**मैड्रिड।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (RFEF) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो येलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, कैरेरास को रेफरी क्रिंटरो गोंजालेज को बाहर किए जाने के बाद' एरेस मालिसिमो' (तुम बहुत बुरे हो) कहने के लिए सजा दी गई है। मैदान पर नहीं उतरने वाले एंड्रिक को भी रेड काड 'दिखाया गया और' बेंच से उठकर टेक्निकल एरिया से बाहर जाने, चौथे रेफरी पर चिल्लाने और टेक्निकल स्टाफ के सदस्यों द्वारा रोके जाने की जरूरत पड़ने 'के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया। घुटने की सर्जरी के बाद फिलहाल बाहर चल रहे डैनी कार्वाजल को भी मैच के बाद ड्रेसिंग रूम के टनल में रेफरी का अपमान करने के लिए दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# अफरीदी ने रोहित-विराट की सराहना की, गंभीर पर निशाना साधा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि भारतीय टीम को 2027 एकदिवसीय विश्वकप में अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरुरत है। इसलिए इन दोनो को टीम में बनाये रखना चाहिये। अफरीदी ने कहा कि ये दोनो अनुभवी बल्लेबाज भारतीय टीम की रीड़ की हड्डी की तरह है। इसके साथ ही अफरीदी ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी निशाना साधा और कहा कि वह हमेशा जो सोचते हैं जरुरी नहीं कि वह सही हो। अफरीदी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये दोनों अनुभवी होने के कारण भारत की एकदिवसीय टीम के लिए फायदेमंद रहेंगे। ऐसे में भारतीय टीम को इन स्टार खिलाड़ियों का सही उपयोग करना चाहिये। अफरीदी ने कहा, 5ये सही है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप की रीढ़ हैं। जिस प्रकार उन्होंने वापसी करते हुए एकदिवसीय सीरीज खेली है। उससे ये तय है कि उनमें 2027 विश्वकप तक खेलने की क्षमता है। टीम प्रबंधन को इन दोनों खिलाड़ियों को बड़े मुकाबलों के लिए संभालकर रखना चाहिये।' अफरीदी ने रोहित की तारीफ भी की, जिन्होंने एकदिवसयी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का उनका रिकॉर्ड तोड़ा है। अफरीदी ने कहा, 'रिकॉर्ड्स टूटने के लिए ही होते हैं और अब ये रिकॉर्ड भी टूट गया है। मुझे खुशी है कि जिस खिलाड़ी को मैं हमेशा पसंद करता था, उसने ये रिकॉर्ड तोड़ा है। अफरीदी ने कहा, 'गंभीर ने जिस तरह से अपनी कोचिंग की शुरुआत की, ऐसा लगा कि उन्हें लगता है कि जो वे सोचते और कहते हैं वही सही है, लेकिन कुछ समय बाद साबित हो गया कि आप हमेशा सही नहीं होते।'



# भारतीय जर्सी पहनना ही हमें प्रेरित करता है, विश्व कप की जीत पर बोलीं स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने बताया कि उन्हें क्रिकेट से बढ़कर कुछ भी प्यारा नहीं है। 29 वर्षीय इस स्टार क्रिकेटर ने भारत के साथ आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने के अपने अनुभव के बारे में भी खुलकर बात की। भारतीय महिला टीम ने 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप खिताब जीता।

मंधाना ने अमेज़न संभव समिट में कहा कि मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से बढ़कर मुझे कुछ और प्यारा है। भारतीय जर्सी पहनना ही हमें प्रेरित करता है। आप अपनी सारी परेशानियां भूल जाते हैं, और यही सोच आपको जीवन पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। बचपन से ही बल्लेबाजी का जुनून मुझमें था। कोई इसे समझ नहीं पाया, लेकिन मेरे मन में हमेशा से विश्व चैंपियन बनने का सपना था। भारतीय उप-कप्तान ने कहा, ÷विश्व कप जीत वर्षों के संघर्ष का फल है। हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मैं 12 साल से अधिक समय से क्रिकेट खेल रही हूं और कई बार हालात हमारे पक्ष में नहीं रहे। फाइनल से पहले हमने इसकी कल्पना की थी, और जब आखिरकार हमने इसे स्क्रीन पर देखा, तो हमारे रोंगटे खड़े हो गए। यह हम सभी के लिए एक खास पल था।÷

इससे पहले, रविवार को मंधाना ने पुष्टि की कि संगीतकार पलाश मुच्छल से उनकी शादी रद्द हो गई है, जिससे हफ्तों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। यह घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक सार्वजनिक पोस्ट में की, जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान ने कहा कि पिछले महीने समारोह के अचानक स्थगित होने के बाद फैल रही अफवाहों पर उन्हें जवाब देना जरूरी लगा। मंधाना ने दोनों परिवारों के लिए निजता बनाए रखने का अनुरोध किया है।

मंधाना ने अपने पोस्ट में लिखा कि पिछले कुछ हफ्तों से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए इस बारे में बोलना जरूरी है। मैं बहुत ही निजी व्यक्ति हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना है कि शादी रद्द हो गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा ही करने का अनुरोध करती हूं। मैं आप सभी से निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं और हमें अपने हिसाब से आगे बढ़ने और इस पर विचार करने का समय देने की अपील करती हूं।



## सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा को लेकर खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर गुरुवार को न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा सुनवाई करेंगे। सलमान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कई सोशल मीडिया मंचों और ई-कॉमर्स वेबसाइट को उनके नाम, छवियों और व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल से रोकने और उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया है। हाल ही में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन, जया बच्चन, ऋतिक रोशन और अजय देवगन, फिल्म निर्माता करण जौहर, गायक कुमार सानू, तेलुगु अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रवि शंकर, पत्रकार सुधीर चौधरी और पॉडकास्टर राज शमानी ने भी अपने व्यक्तित्व एवं प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत भी प्रदान की थी। तेलुगु अभिनेता एनटीआर जूनियर ने भी अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने अभी तक उनकी याचिका पर कोई आदेश पारित नहीं किया है।

## कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर एमएलसी ने सिरे से खारिज किया

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही आंतरिक कलह की अटकलों को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे, एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी में नेतृत्व को लेकर कोई अस्पष्टता या खींचतान नहीं है और सब कुछ स्पष्ट है। उन्होंने बताया कि पार्टी हाई कमांड ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि फिलहाल राज्य के नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा है कि वह और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दोनों दिल्ली स्थित कांग्रेस हाई कमांड के किसी भी फैसले का पालन करने वाले है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहे आंतरिक संघर्ष पर कहा कि वह पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहते और उन्हें अंतरात्मा के अनुसार काम करना चाहिए। डीके शिवकुमार का विधायकों (मंत्री एचसी महादेवप्पा और सतीश जारकीहोली सहित) के साथ लगातार बैठकें करना नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अनिश्चितता को बरकरार रखे हुए है। सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ने दो बार नाश्ते पर मुलाकात की है और पार्टी की एकता पर जोर दिया है। दोनों ही नेता पार्टी हाई कमांड के फैसले का पालन करने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाले उच्च कमान द्वारा इस मामले पर जल्द ही कोई स्पष्ट निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।

## आजम खान आठ साल पुराने मामले में बरी... सेना को लेकर दिया विवादित बयान

रामपुर (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री आजम खान के खिलाफ सेना पर विवादित बयान देने के आठ साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोप साबित न होने पर आजम को दोषमुक्त किया है। इस दौरान आजम वीडियो कान्फ्रेंस के द्वारा न्यायालय में उपस्थित रहे। आजम के अब तक 14 मुकदमे निस्तारित हो चुके हैं। इसमें सात में सजा मिली है, जबकि इतने ही मुकदमों में वे बरी हुए हैं। दरअसल सेना पर विवादित बयान का यह मुकदमा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जून 2017 को दर्ज कराया था। तब आजम खान सांसद थे। भाजपा विधायक का कहना था कि आजम सपा कार्यालय पर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। वह केंद्र और प्रदेश सरकार के विरोध में बोल रहे थे। अचानक उन्होंने सेना के जवानों को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर दी। आजम खान के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने आरोप साबित नहीं होने पर दोषमुक्त कर दिया है।

## महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो सहित अन्य एयर लाइंस की फ्लाइट्स का नियमित संचालन



अयोध्या (एजेंसी)। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की 5 फ्लाइट्स के साथ अन्य एयर लाइंस की 7 फ्लाइट्स का नियमित संचालन हो रहा है। बुधवार को केवल हैदराबाद की इंडिगो की उड़ान निरस्त की गई है। आगे के दिनों में इसका नियमित संचालन होगा। यह जानकारी एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने दी। एयरपोर्ट के डायरेक्टर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के सभी ऑपरेशन अब सुचारू रूप से संचालित हैं। यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। यात्रियों से उनके अनुभव और फीडबैक भी लिया गया, जिसमें अधिकांश यात्री एयरपोर्ट की सुविधाओं और सेवाओं से संतुष्ट दिखे। विशेष रूप से भोजन व्यवस्था की भी सराहना की गई। यात्रियों को समयानुसार स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी वेंडर कंपनियों को निर्देश है कि वे सामानों की कीमत बढ़ाने से परहेज करें। पार्किंग फीस को भी उचित दर पर ही चार्ज कर यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। निरस्त होने वाली उड़ानों के पैसेंजर्स को 4 दिन पहले ही सूचना दे दी गई थी जिससे यहां यात्रियों की भीड़ नहीं पहुंची। तीन एयर लाइंस के 16 काउंटर बाहरी हिस्से में खोल दिए गए हैं, जिससे वे रिफंड व अन्य समस्या का निपटारा आसानी से कर लें। एयरपोर्ट के डायरेक्टर सिंह ने बताया कि बुधवार को कुल 11 निर्धारित उड़ानों का संचालन होना था, जिसमें से एक उड़ान रद्द रही। रद्द उड़ान की सूचना यात्रियों को पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गई थी, ताकि किसी यात्री को असुविधा न हो। एयरपोर्ट प्रशासन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी यात्री सुविधाओं, सुरक्षा मानकों तथा भोजन जैसी आवश्यक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट से 5 उड़ानें इंडिगो बाकी 7 में स्पाइस जेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अलाएंस एयर और अकासा एयर की संचालित हो रही है.

# राज्यसभा में चर्चा के दौरान नेहरू को लेकर आपस में भिड़ गए जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खरगे

### नड्डा का आरोप, कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के श्लोक हटाए



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू पर की गई टिप्पणी के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा कि क्या चर्चा का विषय वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है या फिर नेहरू हैं। खरगे ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि यह बहस वंदे मातरम को लेकर है या पंडित जवाहरलाल नेहरू को लेकर। यहां जो कुछ भी कहा जा रहा है, वह विकृत है और सच नहीं है।

यह सवाल दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस में बदल गया, जब केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत की संस्कृति से समझौता किया है। राज्यसभा में सदन के नेता ने कहा कि मैं सिर्फ वंदे मातरम की बात कर रहा हूं। अगर नेहरू से जुड़ी बातें उन्हें अच्छी नहीं लगतीं, तब मैं क्या कर सकता हूं? समस्या यह है कि शुरू से ही आप लोगों ने भारत की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से समझौता किया है...दुर्गा, सरस्वती, भारत माता और शक्ति इस देश के सभी लोगों के लिए हैं, और सभी को उसमें आस्था है।

इन टिप्पणियों के चलते राज्यसभा में हंगामा शुरु हो गया और स्थिति को शांत करने के लिए अध्यक्ष उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को हस्तक्षेप करना पड़ा। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की छवि को धूमिल नहीं करना चाहती और उसका एकमात्र उद्देश्य ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना है। उन्होंने कहा, वंदे मातरम को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे... उस समय सत्ता में रहे लोग (सरकार) इस स्थिति के लिए जिम्मेदार थे।

नड्डा ने कहा कि पहले आपने मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के श्लोक हटा दिए। जून 1947 में आपने भारत को खंडित स्वतंत्रता दी और जिन्ना के सपनों को पूरा साकार कर दिया। उसके बाद आपने पाकिस्तान की गुरिल्ला सेनाओं के सामने पीओके समर्पित किया, खंडित कश्मीर पर कब्जा कर लिया और फिर अनुच्छेद 370 लागू कर दिया... देश समझौतों से नहीं चलता-यही हमारी विचारधारा है।

## जापान से लौटकर सीएम मान बोले- 500 करोड़ में सीएम की कुर्सी मिलेगी तो सेवा नहीं उगाही होगी



चंडीगढ़। जापान दौरे से लौटे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि अगर पंजाब में मुख्यमंत्री की कुर्सी 500 करोड़ में मिल रही है तो पहले सीएम 500 करोड़ इकट्ठा करेगा, वो सेवा थोड़ी न करेगा। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ में कुर्सी वाले बयान पर पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि इन लोगों ने पंजाब का टेंडर लगा दिया है। मंडियों में फसलों की तरह दाम बता रहे हैं। यह एमएलए, एमसी, सीएम के रेट बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने 500 करोड़ देकर कुर्सी ली है तो वह पहले 500 करोड़ इकट्ठा करेगा, सेवा नहीं। गौरतलब है कि नवजोत कौर सिद्धू लगातार कांग्रेस नेताओं के खिलाफ खुलेआम बयानबाजी करती नजर आ रही थीं। इसी कारण पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। अब यह पूरा मामला कांग्रेस हाईकमान तक पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि संसद सत्र के बाद पंजाब कांग्रेस को लेकर दिल्ली में हाईकमान की ओर से बैठक बुलाई जा सकती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जापान दौरे से पंजाब लौट आए हैं। यहां उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मीडिया के साथ अपने विदेश दौरे की जानकारी शेयर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपने दौरे के दौरान कई विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिले। उन्होंने कहा कि इन मीटिंग्स का मुख्य मकसद पंजाब का इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना, स्किल्स बढ़ाना और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए सहयोग के मौके तलाशना था।

## रोहिणी आचार्य ने पोस्ट में लिखी ऐसी बात... लालू और राबड़ी देवी को जरूर चुभेगी




**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अपने परिवार (लालू फैमिली) से नाता तोड़ चुकीं रोहिणी आचार्य ने एक ऐसा पोस्ट कर दिया, जो उनके माता-पिता (लालू और राबड़ी देवी) को जरूर चुभेगा। रोहिणी आचार्य ने एक ओर नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया, दूसरी ओर मायके में उनके साथ हुई कथित बदसलूकी पर भी चुभन वाली बात कही।

लालू यादव की छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि लड़कियों को 10,000 रुपये देना या साइकिलें बांटना, भले ही नेक इरादे से किया हो, लेकिन ये भारत में महिलाओं के सशक्तीकरण में बाधा डालने वाले व्यवस्थागत मुद्दों को हल करने के मद्देनजर अपर्याप्त है। उन्होंने लिखा कि बिहार में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता सामाजिक और राजनीतिक, दोनों क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता पैदा करती है।

रोहिणी ने लिखा कि प्रत्येक बेटी को आश्वासन के साथ बड़े होने का अधिकार है कि उसका मायका एक ऐसा सुरक्षित स्थान है, जहां वह बिना किसी डर, अपराधबोध, शर्म या किसी को कोई स्पष्टीकरण दिए बिना लौट सकती है। इस उपाय को लागू करना केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं है, बल्कि अनगिनत महिलाओं को भविष्य में होने वाले शोषण और उत्पीड़न से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

बात दें कि राजद के विधानसभा चुनाव हारने के बाद से लालू परिवार में सबकुछ ठीक नहीं है। रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया था कि उनके साथ मायके में अच्छा व्यवहार नहीं किया। रोहिणी ने इतना तक कहा कि उनके चप्पल तक मारने की कोशिश की गई। इसके लिए उन्होंने पूर्ण रूप से अपने भाई तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहराया।

## गोवा सरकार की मिलीभगत से थाइलैंड भाग गए लूथरा बंधु... आप सांसद संजय सिंह का आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने लूथरा बंधुओं के भारत से भागने के मामले की गहन जांच की मांग की है। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाया और कहा कि उनके समर्थन के बिना वे गोवा से नहीं भाग सकते थे। आप सांसद सिंह ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर आलोचना की कि 25 लोगों की दुखद मौत के बावजूद उन्हें भागने से नहीं रोका गया। संजय सिंह ने सवाल उठाया कि जिन व्यक्तियों की लापरवाही से 25 लोगों की जान गई, वे इंडिगो का इस्तेमाल करके भारत से भाग गए, जबकि देश की जनता को उड़ानें उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह अच्छा है कि वे पकड़े गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

दरअसल 6 दिसंबर की देर रात बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग लगी। इस घटना में 25 लोगों की जान चली गई, जिनमें 5 पर्यटक और 20 कर्मचारी शामिल थे। लूथरा बंधु, गौरव और सौरभ, इस नाइटक्लब (बर्च बाय रोमियो लेन) के मालिक हैं। एफआईआर के अनुसार, लूथरा बंधुओं ने उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन किए बिना एक फायर शो का आयोजन किया और पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए, जिससे यह दुखद घटना हुई। गोवा पुलिस ने 7 दिसंबर को एफआईआर संख्या 154/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 105, 125, 125(ए), 125(बी), 287 और धारा 3(5) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। गौरव और सौरभ लूथरा अग्निकांड के अगले दिन सुबह ही थाईलैंड के फुकेत रिसॉर्ट शहर भाग गए थे। उन्हें थाईलैंड के फुकेत स्थित एक आव्रजन केंद्र में हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत दिसंबर में जारी किए गए ब्लू कॉर्नर नोटिस के आधार पर सुनिश्चित की गई।

## राजद को बड़ा झटका : नीतीश कुमार को हराने वाले इस पूर्व सांसद ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल में घमासान मचा हुआ है। हार की जिम्मेदारी कोई लेने को तैयार नहीं है और एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के लिए सिर फुटव्वल जारी है। नतीजा ये है कि राजद के कई नेता घर बैठ गए हैं तो कुछ ने पार्टी को ही बाय-बाय कह दिया है। कभी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटकनी देने वाले राजद के दिग्गज नेता एवं पूर्व मंत्री विजय कृष्ण ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो लाल प्रसाद यादव को एक भावुक पत्र भी लिखा है। अपने त्यागपत्र में विजय कृष्ण ने स्पष्ट किया कि वे अब दलगत राजनीति और सक्रिय सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने लिखा कि लंबे विचार-विमर्श के बाद उन्होंने राजनीतिक जीवन से पूरी तरह अलग होने का फैसला किया है और पार्टी से निवेदन किया कि उनका त्यागपत्र स्वीकार किया जाए। विजय कृष्ण की राजनीतिक पहचान 2004 के लोकसभा चुनाव में तब मजबूत हुई जब उन्होंने बाढ़ सीट से तत्कालीन रेलमंत्री नीतीश कुमार को 37 हजार से अधिक वोटों से मात दी थी। इससे पहले वे 1996, 1998 और 1999 में नीतीश कुमार से चुनाव हार चुके थे। 2004 में जीत के बाद वे बिहार सरकार में मंत्री भी बने। अपने राजनीतिक करियर में विजय कृष्ण ने कई बार दल बदले। 2009 में उन्होंने राजद छोड़कर जदयू का दामन थामा। 2010 में वे फिर से राजद में लौट आए। विधानसभा चुनाव में हार के बाद राजद पहले से ही आंतरिक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में विजय कृष्ण जैसे वरिष्ठ नेता का पार्टी छोड़ना राजद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने 2025 की अपनी यादगार यात्राओं के बारे में बताया



**(एजेंसी)**

**मुंबई :** दिसंबर 2025 में एण्डटीवी के कलाकारों ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ा वक्त निकालकर दुनिया भर में घूमने का आनंद लिया। किसी ने नई जगहों के लाजवाब खाने का स्वाद चखा, किसी ने अपनी बहुप्रतीक्षित आध्यात्मिक यात्रा पूरी की, तो कुछ खेलों से जुड़ी खास यादें अपने साथ लेकर लौटे। स्क्रीन पर अपने किरदारों को जीवंत करने वाले ये कलाकार अब अपने सबसे यादगार सफर की यादें हमारे साथ साझा कर रहे हैं। इनमें शामिल हैं-प्रियंवदा कांत, आसिफ शेख और गीतंजंलि मिश्रा । प्रियंवदा कांत, जो जल्द ही 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका के रूप में नजर आएंगी, ने इस साल जापान की यात्रा की। अपने अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा, "जापान ने मेरा दिल जीत लिया! मुझे जापानी खाना हमेशा पसंद रहा है, लेकिन क्योटो में असली सुशी खाने का अनुभव बिल्कुल अलग था। हर दिन एक फूड एडवेंचर था-छोटे-छोटे रोमन कैफे, लाइव सुशी काउंटर और भीड़भाड़ वाली गलियों में छिपे प्यारे कैफे। मेरे लिए यह यात्रा खाने, संस्कृति और उन छोटी-छोटी खुशियों का खूबसूरत मिश्रण थी, जो छुट्टी खत्म होने के बाद भी दिल में बनी रहती हैं। गीतांजंलि मिश्रा, जोकि हप्पू की उलटन पलटन में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने श्रीलंका की अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए कहा, मेरी छुट्टियां खेल और उत्साह से भरी रही! एक क्रिकेट प्रेमी होने के नाते, यह यात्रा मेरे लिए बेहद खास बन गई। श्रीलंका बहुत सुंदर है-बीच, संस्कृति और लोगों की गर्मजोशी। लेकिन मेरी सबसे यादगार याद रही क्रिकेट दिग्गज-मुथैया मुरलीधरन और सनथ जयसूर्या से मिलना। मैं सच में स्टारस्ट्रक हो गई थी! श्रीलंका की क्रिकेट संस्कृति को इतने करीब से महसूस करना बहुत प्रेरणादायक रहा। यह छुट्टी मेरे लिए खूबसूरती, रोमांच और यादगार पलों का परफेक्ट मिश्रण थी। आसिफ शेख, जिन्हें दर्शक भाबीजी घर पर हैं के विभूति नारायण मिश्रा के रूप में बेहद पसंद करते हैं, भावुक होकर बताते हैं,मैं बहुत समय से अपने परिवार के साथ उमरा जाने की योजना बना रहा था और इस बार वह पूरी हो गई।

## कांग्रेस सांसद का मोदी सरकार पर तंज... मुझे यकीन है कि वे नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखते



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने संसद में चुनावी सुधारों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन की कड़ी आलोचना कर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में एक दशक से अधिक समय बिताने के बाद भी नेहरू-गांधी परिवार पर ही अटकी हुई है। कांग्रेस सांसद शुक्ला ने दावा किया कि सत्ताधारी पार्टी नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखती है। उन्होंने सवाल उठाया कि मोदी सरकार बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने के बजाय इतिहास का सहारा क्यों लेती रहती है।

कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि भाजपा कब तक इतिहास की बात करेगी। वे हर बात में नेहरू को घसीटकर ले आते हैं। मुझे यकीन है कि वे नींद में भी नेहरू और गांधी के सपने देखते हैं। आप पिछले 11 वर्षों से सरकार में क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री का भाषण बहस के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए मुख्य मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहा। शुक्ला की आलोचना का समर्थन कर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि सरकार चुनावी सुधारों पर चर्चा के दौरान अपेक्षित पारदर्शिता प्रदान करने में विफल रही है।

उन्होंने कहा कि जिस पारदर्शिता की उम्मीद थी, वह नहीं दिखी। हरियाणा में जो हुआ, उन्होंने उसके असली सवालों का जवाब नहीं दिया, बल्कि कांग्रेस पर आरोप लगाए। आज जो हो रहा है, उसका कोई जवाब नहीं मिला। बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर अपना हमला जारी रखा, जिन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान कांग्रेस पार्टी की कड़ी आलोचना की थी।

## पीएम मोदी और शाह के साथ बैठक में बोले राहुल- सीआईसी और सीवीसी की सूची में एससी, एसटी और ओबीसी से कोई नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तीन सदस्यीय चयन समिति की बैठक में बुधवार को नए मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्तों और एक विजिलेंस कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया और उम्मीदवार सूची पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराईं।

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने बताया कि शॉर्टलिस्ट की गई सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व लगभग न के बराबर है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई सप्ताह पहले सरकार से आवेदकों की जातीय संरचना का विवरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था, जो उन्हें बुधवार को उपलब्ध कराया गया। इस सूची के मुताबिक केवल सात प्रतिशत आवेदक ही पिछड़े समुदायों से थे और शॉर्टलिस्ट में केवल एक ही उम्मीदवार ऐसा था। राहुल ने इस असंतुलन को अस्वीकार्य बताया और बैठक में एक विस्तृत असहमति नोट सौंपा।

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना के अधिकार कानून को लगातार कमजोर किया जा रहा है और शॉर्टलिस्ट किए गए कुछ उम्मीदवारों का पारदर्शिता का रिकॉर्ड संतोषजनक नहीं रहा है। उनका कहना था कि संवैधानिक और स्वायत्त संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वंचित समूहों को व्यवस्थित रूप से बाहर रखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि उनकी आपत्ति के बाद उपलब्ध उम्मीदवारों में से योग्य नामों पर विचार करने को लेकर समिति में आंशिक सहमति बनी।

बैठक से एक दिन पहले राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था कि चयन पैनल की बैठकों में विपक्ष की भूमिका औपचारिक भर रह गई है। उनके अनुसार, ÷एक तरफ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री होते हैं, दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष। मेरी आवाज वहाँ सुनी ही नहीं जाती। जो वे तय करते हैं, वही होता है। उन्होंने यह टिप्पणी उन नियुक्तियों के संदर्भ में की जिनकी प्रक्रिया सीआईसी और सीवीसी की तर्ज पर ही है।

मुख्य सूचना आयुक्त का पद 13 सितंबर से खाली है, जब तत्कालीन सीआईसी हीरालाल समारिया सेवानिवृत्त हुए। सूचना आयोग में अधिकतम दस आयुक्तों के पद हैं, लेकिन वर्तमान में सिर्फ दो ही कार्यरत हैं जबकि आठ पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। यह पहला मौका नहीं है जब विपक्ष ने सीआईसी की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए हों। 2023 में समारिया की नियुक्ति के समय भी विपक्षी सांसदों ने परामर्श की कमी का आरोप लगाया था। 2020 में पूर्व राजनयिक यशवर्धन कुमार सिन्हा और पत्रकार उदय महूरकर की नियुक्तियों का भी विरोध किया गया था, लेकिन आपत्तियों के बावजूद दोनों नियुक्तियाँ कर दी गई थीं। स्थिति यह दर्शाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया पर असहमति और प्रतिनिधित्व का सवाल लगातार बना हुआ है, जबकि महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902